ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 34, अंक 134, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



# मोदी ने रचा इतिहास

## तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

## लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

### मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

### शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

## 3.0

### विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

**मंत्रियों को मोदी का मंत्र**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### ● 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

## खनन माफिया ने सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का निवासी है रोहित
- मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट
- पुलिस से मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, अस्पताल में भर्ती कराए गए

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। गम्भीर हालत में उसे शहर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में दरोगा की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर उप निरीक्षक सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ सिपाही गाड़ी में बैठे रहे। रोहित गाड़ी से बाहर निकला और खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने सिपाही के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे वह घायल हो गया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे। वहां पर कुछ क्षण इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद एसपी विकास कुमार, एएसपी डॉक्टर संजय सिंह, सीओ अमृतपुर रवींद्रनाथ राय, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए।

घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव निवासी चंदन नगला और उसके साथी भूपेंद्र यादव (निवासी ग्राम नगला लाहौरी थाना मेरापुर) और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

**अमेठी में सड़क हादसा**

## बोलेरो-बुलेट में टक्कर, तीन महिलाओं सहित पांच की मौत

**अमेठी।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर तेज रफ्तार बोलेरो जीप बुलेट को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए बोलेरो सवार अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे।



- अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे बोलेरो सवार, 6 लोग गंभीर रूप से घायल

पुलिस के अनुसार सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज गांव का रहने वाला अकबर बोलेरो से परिजनों को लेकर मुंशीगंज क्षेत्र के धरई माफी में एक रिश्तेदार के यहां एक मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। बोलेरो जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई।

भीषण हादसे में बुलेट सवार दुर्गेश उपाध्याय (28) निवासी भवापुर पीपरपुर व उसकी बहन वंदना पाठक निवासी पाठक का पुरवा पनियार हाउस और भांजे रुद्र 6 वर्ष की मौत हो गई है। वही बोलेरो में सवार शाहनूर (40) व शबनम (35) निवासी कुड़वार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को निजी साधनों और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल और भेटुआ सीएचसी पहुंचाया। घायलों में अयान (11), अरशद, अकबर (40) और अरमान (10) को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

## जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।



आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। ● अमृत विचार

- रियासी जिले में घात लगाकर किया गया हमला
- हमले के बाद बस खाई में गिरी, कई घायल

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।



घटनास्थल से बरामद कारतूस।

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।

## खेल डायरी

### अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकीं



**गैलोवे (अमेरिका), एजेंसी।** भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई। बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में 4 अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी। उन्होंने 16वें और 18वें होल में बर्डी बनाई लेकिन यह कट में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अदिति का दो दिन का स्कोर दो अंडर रहा जबकि कट तीन अंडर पर गया। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 132 है और वह एक शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर काबिज है।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर




**हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन), एजेंसी।** भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया, जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए। स्वीडन के सेबेस्टियन सोडरबर्ग ने 6 अंडर 66 का कार्ड खेल कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनका कुल स्कोर 21 अंडर पार पर है और उन्होंने आठ शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

### अवनि को एलईटी एक्सेस सीरीज के कट में जगह



**मोंटौबन (फ्रांस), एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत एलईटी एक्सेस सीरीज के मोंटौबन लेडीज ओपन के दूसरे दौर में निराशाजनक 78 का कार्ड खेलने के बाद भी कट में जगह हासिल करने में सफल रही। शुरुआती दौर में 71 के कार्ड के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर रही अवनि ने दूसरे दौर के 15वें होल में ट्रिपल-बोगी और 18वें होल में डबल बोगी करने के साथ ही 17वें होल में भी बोगी कर बैठी। वह दूसरे दौर के बाद कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर खिसक गयी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय में दुर्गा नितूर (75-81) कट में जगह बनाने से चूक गई।

### चेन्नईयन एफसी ने चीमा चुक्वू से अनुबंध किया



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नईयन एफसी ने अपने आक्रमण को मजबूत करने के लिए 2024-25 के फुटबॉल सत्र से पहले नाइजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया है। चीमा भारतीय फुटबॉल का जाना पहचाना नाम है। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर की तरफ से खेल चुका है। उन्होंने 2022 में जमशेदपुर को आईएसएल लीग शील्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चेन्नई की टीम ने चीमा के साथ 2 साल का अनुबंध किया है। इसका मतलब है कि वह क्लब के साथ 2026 तक बने रहेंगे। चेन्नईयन ने इस सत्र में चार खिलाड़ियों से अनुबंध किया है। चीमा ने आईएसएल में अभी तक 60 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 20 गोल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने चार गोल करने में मदद भी की।

### होंडा टीम के मोहसिन 17वें स्थान पर

**मोतेगी (जापान), एजेंसी।** होंडा रेसिंग इंडिया टीम एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप में तीसरे चरण की रेस 2 से कोई अंक हासिल नहीं कर सकी क्योंकि रविवार को यहां केविन समर विवंटल बाइक इंजन की समस्या के कारण रेस पूरी नहीं कर सके, जबकि मोहसिन परम्बन एपी 250 वर्ग में 17वें स्थान पर रहे। ग्रिड में 18वें स्थान से रेस शुरू करने वाले केविन को इंजन की समस्या के कारण छठे लैप के दौरान रेस से हटना पड़ा। केविन इस रेस से पहले कुछ 10 अंक हासिल कर चुके हैं जबकि टीम के उनके साथी राइडर मोहसिन अपने दो अंक को बढ़ाने में विफल रहे। मोहसिन ने रेस को 17वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया, जो अंक हासिल करने की सूची से बाहर था। केरल के इस राइडर ने सत्र की शुरुआत की रेस से दो अंक हासिल किये थे।

### अरेवालो और पाविच को फ्रेंच ओपन का खिताब



**पेरिस, एजेंसी।** अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं। यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था। अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था। अरेवालो ने कहा, मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है।

### सौरभ को विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण

**हमीरपुर (हिमाचल), एजेंसी।** भारतीय धावक सौरभ शर्मा ने स्विट्जरलैंड के नोट्टविल सिटी में आयोजित विश्व पैरा एथलीट ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के इस खिलाड़ी ने टी12 वर्ग में 155 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर सात स्वर्ण पदक जीत चुके है। यहां के रूप खायाह गांव के निवासी सौरभ के बड़े भाई विकास ने बताया, सौरभ ने छोटी उम्र से ही अपने खेल का सफर शुरू कर दिया था और आज उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने और देश के लिए पदक जीतने का अपना सपना भी पूरा कर लिया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा द.अफ्रीका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था।

दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा। नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी। अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी। रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है। उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे। बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे। बांग्लादेश को अगर दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में अपनी पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जो बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय होगा।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स। **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। **यात्रा करने वाले रिजर्व :** अफीफ हुसैन, हसन महमूद। **मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।**

# भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश का खलल

## पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, बारिश के कारण मैच काफी देर से शुरू हुआ

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**





पाकिस्तान ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि मैच से पहले शुरू हुई बारिश के कारण टॉस देरी से हुआ। वहीं आउटफील्ड गीली होने से मैच भी देर से हुआ। खबर लिखे जाने तक दोबारा बारिश के बाद शुरू हुए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 81 रन बना लिए थे।

नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने खबर लिखे जाने तक 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 81 रन बना लिए थे। कप्तान रोहित शर्मा 12 गेंदों पर 13 रन, विराट कोहली तीन गेंदों पर चार रन और अक्षर पटेल 18 गेंदों पर 20 रन बनाकर पवैलियन लौट चुके थे। वहीं ऋषभ पंत 23 गेंदों पर 34 रन और सूर्यकुमार यादव चार गेंदों पर पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टॉस के बाद पाकिस्तान के कप्तान ने कहा कि मौसम और पिच पर नमी की वजह से हम पहले गेंदबाजी करेंगे। यह परिस्थिति हमें माकूल है, हमारे पास चार तेज गेंदबाज हैं। हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भूतकाल भूतकाल है, हम आज के मैच की ओर देख रहे हैं और हम अपना शत-प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे। भारत बनाम पाकिस्तान हमेशा से बड़ा होता है, हमारा आत्मविश्वास इस मैच के लिए हमेशा बड़ा रहता है। आज के मैच में आजम खान को आराम दिया गया है। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी ही करते। हम परिस्थितियों से तालमेल बैठाएंगे और देखेंगे कि यहां क्या अच्छा स्कोर हो सकता है। पिछले मैचों से हमें यहां की परिस्थिति से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। हमने एक बल्लेबाजी यूनिट के हिसाब से बात की है कि यहां पर क्या अच्छा स्कोर हो सकता है और क्या हम अपनी गेंदबाजी यूनिट को बचाने के लिए रन दे सकते हैं। विश्वकप में हर मैच अहम है। कुछ भी हो सकता है। हम उसी पिछले मैच की एकादश के साथ जा रहे हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जाडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह। **पाकिस्तान :** मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), बाबर आजम (कप्तान), उस्मान खान, फखर जमां, शादाब खान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और मोहम्मद आमिर।

# गुरप्रीत फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए कप्तान

**दोहा, एजेंसी।** भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा।



भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है। छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने इस मुकाबले के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी अमेय रानावाडे, लालचुंगनुंगा और सुभाशीष बोस शामिल नहीं है।

# वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रनों से हराया

**प्रॉविडेंस, एजेंसी**

- वेस्टइंडीज के अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट लेकर युगांडा की कमर तोड़ दी
- घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण युगांडा 12 ओवर में 39 रन पर ढेर हो गया
- अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया



अकील हुसैन

जॉनसन चार्ल्स (44) और उसके बाद अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के 18वें मुकाबले में युगांडा को रिकार्ड 134 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अल्पेश रामजनी ने ब्रैंडन किंग (13) को बोल्ड कर युगांडा को पहली सफलता दिलाई। 10वें ओवर में निकोलस पूरन (22) आउट हुये उन्हें मसाबा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कप्तान रोवमन पॉवेल (23), शरफेन रदरफोर्ड (22) रन बनाकर आउट हुये। जॉनसन चार्ल्स ने 42 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये 44 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 17 गेंदों में 30 रन और रोमारियो शेफोर्ड (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। युगांडा की ओर से ब्रायन मसाबा ने दो विकेट लिये।अल्पेश रामजनी, कॉसमास क्येवूता और दिनेश नकरानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की टीम को वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 11 रन पर पांच विकेट और अल्ज़ारी जोसेफ छह रन पर दो विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौल्त 12 ओवर में 39 रन पर ढ़ेर कर दिया। युगांड की ओर से जुमा मियाजी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड, आंद्रे रसल और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है।

# महिला हॉकी टीम ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हारी

**लंदन, एजेंसी**

- एफआईएच प्रो लीग सत्र का अंत आठ हार के साथ किया

भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार गई जिससे टीम की हार का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया। इस तरह से भारत ने अपने प्रो लीग सत्र का अंत घरेलू टीम के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के साथ किया।

मैच में अधिकतर समय तक अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भारत को अंतिम लम्हों में ग्रेस बाल्डसन (56वें और 58वें मिनट) के दो गोल के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ दो फैसले लिए गए जिसमें एक वीडियो रिव्यू भी शामिल है जिससे कोच हरेंद्र सिंह निराश हो गए। स्कोर जब 2-2 से बराबर था और अंतिम हूटर बजने वाला था तब बाल्डसन ने शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक पर विजयी गोल दागा जो निचले कोने पर लगा। बाल्डसन ने तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक के मुकाबले में विजयी गोल करने के तीन साल बाद एक बार फिर भारतीयों का दिल तोड़ दिया। बाल्डसन के गोलों ने भारत को हरेंद्र के मार्गदर्शन में अपना पहला मैच जीतने से भी रोका। वाटसन चार्लोट ने तीसरे मिनट में गोल करके ब्रिटेन को बढ़त दिलाई जिसके बाद लालरेमसियामी ने 14वें मिनट में मैदानी गोल करके स्कोर 1-1 किया । नवनीत कौर ने 23वें मिनट में भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन हार के सिलसिले को खत्म करने के लिए यह काफी नहीं था। बाल्डसन ने अंतिम लम्हों में दो गोल दागकर मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा, ये वो नतीजे नहीं हैं जो हम चाहते थे। हम आज के नतीजे से निराश हैं।

# भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक

**स्ट्रासबर्ग, एजेंसी**



भारत की अन्नू रानी ने स्टेड डी''हाउतेपिएरे में नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता।

शनिवार को फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एथलेटिक्स सत्र 2024 की अपनी चौथी प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने अपने अंतिम प्रयास में 57.48 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर तीसरे पायदान पर रही। फ्रांस की एलिज़ी मिनार्ड ने 57.77 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हमवतन जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई भाला फेंक चैंपियन का इस सत्र में यूरोप में यह तीसरा मौका था जब अन्नू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

31 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पिछले महीने जर्मनी में ऑफेनबर्ग में हाइलो जेवलिन मीटिंग में 60.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरुआत की थी। उस प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही थीं।

# स्कॉट फ्लेमिंग फिर बास्केटबॉल टीम के कोच बने

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) ने रविवार को अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद स्कॉट फ्लेमिंग को फिर से पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्लेमिंग को बीएफआई ने राष्ट्रीय टीम के कोच के अलावा देश में कोचिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। फ्लेमिंग इससे पहले 2012 से 2015 तक भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने एनबीए इंडिया के बास्केटबॉल संचालन के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

# पूजा तोमर यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय बनीं

**केंटकी, एजेंसी**



पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं।

मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं। साइक्लोन के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं।

# गॉफ और सिनियाकोवा जीतीं

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**



कोको गॉफ ने रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

गॉफ ने कहा, तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

**आज का मौसम**

आसमान में धूप और उमस भरी गर्मी रहेगी।

43.8° अधिकतम तापमान | 26.6° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### 13 साल के किशोर की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** बसही निवासी मोहन किराना वाले का लगभग 13 वर्षीय भांजा शनिवार शाम अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर संपूर्णानगर जा रहा था। बसही मोड़ के निकट अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई, इससे तीनों किशोर बाइक से उछल गए। दो किशोर तो सड़क किनारे और तीसरा सड़क पर जा गिरा। इसी बीच बसही की तरफ से गत्ता लेकर आ रहे एक ट्रक की चपेट में आने से मोहन का भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक किशोर शाहजहांपुर निवासी बताया जा रहा है, जो छुट्टियां बिताने ननिहाल आया था। उसके मामा मोहन शव लेकर शाहजहांपुर रवाना हो गए हैं।

### चीनी मिल किसानों को देगी सोलर फेंसिंग व ट्रेंच ओपनर

**महंगापुर/संपूर्णानगर, अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर किसानों को अपने चीनी मिल गन्ना कार्यालय व गन्ना पर्यवेक्षकों के माध्यम से किसानों को सोलर फेंसिंग ट्रेंच ओपनर सहित अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध कराएगी। मिल की प्रधान प्रबंधक विनीता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश गन्ना आयुक्त लखनऊ का इस संबंध में आदेश प्राप्त हो चुका है। योजना लाभ प्राप्त करने के लिए चीनी मिल क्षेत्र के किसान स्थानीय गन्ना कार्यालय व अपने ग्राम के गन्ना पर्यवेक्षकों के माध्यम से जानकारी लेकर सोलर फेंसिंग के साथ ट्रेंच ओपनर व मानव /बैटरी चालित स्पेयर मशीन आदि कृषि उपकरणों लाभ उठा सकते हैं।

### एनटीए के विरोध में एबीवीपी आज करेगी आंदोलन

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा नेशनल टेंस्टिंग एजेंसी के विरोध में 10 जून सोमवार को अशोक चौराहे पर आंदोलन किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि यूजीसी नीट परीक्षा में हो रही अनियमितता और भ्रष्टाचार में संलिप्त नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के विरोध में विशाल आंदोलन होगा। इसके लिए सोमवार को पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह 10 बजे खुटार रोड पर संघ कार्यालय पर एकत्र होंगे, फिर अशोक चौराहे पर आंदोलन किया जाएगा।

### आईटीआई में कल लगेगा रोजगार मेला

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जिला रोजगार सहायता अधिकारी साक्षी डाकुर ने बताया कि जिला सेवा योजन कार्यालय और मॉडल कॅरियर संेटर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेला राजापुर स्थित राजकीय आईटीआई में लगेगा। इसमें निजी क्षेत्र की कई कंपनियां शामिल होगीं। उन्होंने बताया कि सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी मेले में आकर साक्षात्कार दे सकते हैं। इसकी चयन प्रक्रिया पूरी तरह से नि :शुल्क है। मेला सुबह दस बजे प्रारंभ होगा।

### अवैध गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान भीरा-कुकरा मार्ग पर इसी थाना के गांव दौलतापुर निवासी शारदा प्रसाद को रोककर तलाशी ली तो उसके पास 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर चालान भेजा है।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर साले-बहनोई समेत तीन की मौत

## लखीमपुर-पलिया मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शनिवार की देर रात लखीमपुर-पलिया मार्ग पर थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार साले-बहनोई और दूसरी बाइक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के घरों में चीख पुकार मची हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

हादसा जहानपुर चौराहा के पास हुआ। थाना फरधान क्षेत्र के गांव अग्गर बुजुर्ग निवासी अभिषेक कुमार (24) पुत्र रामनरेश अपने बहनोई कोतवाली मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया के गांव धिम्मापुर निवासी अवधेश कुमार (32) के साथ रिस्तेदारी टहलने गया था। दोनों शनिवार देर शान रिश्तेदारी से वापस रहे थे। लखीमपुर-पलिया मार्ग पर जहानपुर चौराहे के पास थाना पढुआ की कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी अखिलेश मंडल (19) की बाइक से आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मौत की खबर मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

रोते-बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं। फूलबेहड़ कार्यवाहक प्रभारी श्रवण कुमार यादव ने बताया कि जहानपुर के पास दो बाइक आपस में टकरा गईं थी। दोनों के चालक हेलमेट नहीं लगा रखे थे। तीनो के सिर में गंभीर चोटें आईं थी। तीनों की देर रात मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

### मितौली हादसाः घायल दादी की भी मौत, दो मौतों से परिवार में मचा कोहराम

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना मितौली क्षेत्र में शनिवार की देर शाम बेकाबू कार के रौंदने से घायल एक और महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पोते की घटना के दिन ही जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। हादसे में मरने वालों की संख्या संख्या बढ़कर तीन पहुंच गई है। दादी-पोते की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बतादें कि शनिवार की रात बेकाबू कार ने अलग-अलग तीन जगहों पर कई राहगीरों को रौंद दिया था। हादसे में थाना नीमगांव के गांव दुर्गापुरवा निवासी रचित (15) समेत दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि उसकी दादी रामश्री (55) समेत पांच लोग घायल हुए थे। वह दादी को साइकिल से लेकर अपनी ननिहाल पकरिया जा रहा था। रामश्री समेत दो घायलों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया था, जहां भर्ती रामश्री ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में दादी-पोते की मौत होने से परिवार में चीख पुकार मची हुई है। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

## अनीता व पूजा दहेज हत्याकांड में पति समेत पांच गिरफ्तार

**पसगवां, अमृत विचारः** पुलिस ने अनीता देवी दहेज हत्याकांड में पति सहित तीन आरोपियों और पूजा दहेज हत्याकांड में पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कस्बा जंगबहादुरगंज में 28 मई को अनीता पत्नी सत्यम उर्फ सुबोध की संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी। मृतका के पिता सर्वेश कुमार ने दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतका के पति, दो देवर, ससुर रामनरेश, सत्यम के मौसा रामनरेश, मौसेरे भाई अंकुर निवासी मंसूर नगर कोतवाली पिहानी जनपद हरदोई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मृतका के पति सत्यम गुप्ता, सास श्यामा देवी और ससुर रामनरेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं कस्बा जंगबहादुरगंज से सटे ग्राम बरखेरियाजाट में दो जून को पूजा की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति अनूप कुमार और सास नन्ही देवी को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला में मरीजों की लगी भीड़



जेबी गंज पीएचसी पर रोगी को देखते डॉ. रमाकांत वर्मा। अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में मरीज देखे गए। बुखार, डायरिया और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। सीएचसी पर कुल 93 मरीज देखे गए।

अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा ने बताया कि मलेरिया के छह मरीजों की जांच में दो मरीज मलेरिया पाजिटिव मिले हैं। इसके अलावा डायरिया के 10, उल्टी-दस्त के चार और मधुमेह के चार मरीजों की जांच की गई। डॉ. कुलदीप कुमार और यूनानी चिकित्सक डॉ. रक्शा कमर भी मेले में मौजूद रहीं लेकिन यूनानी चिकित्सा की दवाओं का अभाव रहा। पीएचसी जंगबहादुरगंज में 62 मरीजों को देखा गया। यहां डॉ. रमाकांत वर्मा, फार्मासिस्ट संजीव कुमार, स्टाफ नर्स रवि कुमार, एएनएम उपासना बाजपेई, लैब असिस्टेंट वीरेंद्र कुमार, आशा और आंगनबाड़ी मौजूद रहीं। पीएचसी खखरा में 12 बच्चों के साथ 70 मरीज, पीएचसी उचौलिया में 5 बच्चों सहित 47 मरीज, पीएचसी औरंगाबाद में 5 बच्चों सहित 44 मरीज, पीएचसी बरवर में 9 बच्चों सहित 44 मरीज और पीएचसी सिसोरा नासिर में चार बच्चों सहित 23 मरीज देखे गए। सभी मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं।

## 21 को मनेगा दसवां योग दिवस, तैयारियां शुरू



पुलिस लाइन मैदान में पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराते योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस लाइन मैदान पर योग शिविर आयोजित कर पुलिस कर्मियों को पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार ने बताया कि योग वेलनेस सेंटर की ओर से योग दिवस को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार 21 जून को दसवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए रोजाना शहीद भगत सिंह पार्क ऑफिसर्स कॉलोनी में सुबह 05.30 से सात बजे तक और हर रविवार को पुलिस लाइन मैदान में योग शिविर आयोजित कर योग का अभ्यास कराया जा रहा है। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने बताया कि नियमित योग का अभ्यास कर स्वस्थ रहा जा सकता है। योग प्रशिक्षक ने पुलिस कर्मियों को योगासन-प्राणायाम के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन आदि का अभ्यास कराया गया। प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव एवं ओमवीर सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पेपर देखकर कुछ के चेहरे खिले तो कुछ के उतरे

## बीएड प्रवेश परीक्षाः पहली पाली में 180 व दूसरी में 179 अभ्यर्थी अनुपस्थित, चार केंद्रों पर पंजीकृत थे 1717 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को सकुशल और शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इसके लिए शहर के चार विद्यालयों को केंद्र बनाया था। जहां पर सीसीटीवी की निगरानी में अभ्यर्थियों ने पेपर दिया। बीएड का प्रश्नपत्र देखकर कुछ अभ्यर्थियों के चेहरों पर जहां खुशी झलने लगी तो कुछ मायूस हो गए। हालांकि अधिकतर अभ्यर्थियों के मुताबिक प्रश्न पत्र का स्तर सामान्य था। पहली पाली में 180 और दूसरी पाली में 179 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

सूबे के सरकारी और निजी बीएड कॉलेजो में संचालित बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए रविवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अबुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज, गुरुनानक इंटर कॉलेज एवं धर्मसभा इंटर कॉलेज केंद्र पर प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। पेपर दो पालियों में हुआ। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट का पेपर दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक हुई। परीक्षा देने के लिए सुबह आठ बजे और दोपहर एक बजे ही अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंच गए। पुलिस बल की मौजूदगी में सघन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में जानो की अनुमति दी गई। परीक्षा के लिए कुल 1717 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पाली के पेपर में 1535 और दूसरी पाली के पेपर में 1538 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। जबकि अन्य लोग गैर हाजिर रहे।



जीजीआईसी केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी।

पंजीकृत अभ्यर्थी- 1717
परीक्षा केंद्र- चार
पहली पाली में उपस्थित अभ्यर्थी- 1535
दूसरी पाली में उपस्थित अभ्यर्थी- 1538

"बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को दोनों पालियों में सकुशल शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पहली पाली में 182 और दूसरी पाली में 179 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1717 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।"
–शिवाकांत पांडेय, जिला कोआर्डीनेटर।



सिक्योरिटी रूम से मोबाइल व बैग लेने के लिए लगी लाइन।

### अभ्यर्थी बोले अच्छा हुआ पेपर



प्रभाकर यादव

ईसानगर ब्लॉक के गांव चमकरा निवासी प्रभाकर यादव ने बताया कि कुल मिलाकर पहली पाली का पेपर बहुत ही अच्छा हुआ है। उम्मीद है नंबर अच्छे आने से सरकारी कॉलेज मिल जाएगा।



सुनीत पांडे

मुरादनगर निवासी सुनीत पांडे ने बताया कि पेपर अच्छा आया और हुआ भी अच्छा। पहली पाली का पेपर सामान्य स्तर का था। इसमें नंबर अच्छे आएगें। अब दूसरी पाली का पेपर देखो कैसा आता है।



काजल

मितौली ब्लॉक के जम्हौरा निवासी काजल ने बताया कि पहली पाली में सामान्य ज्ञान और भाषा के प्रश्न सामान्य स्तर के रहे। हालांकि दूसरी पाली का पेपर कुछ टफ रहा। फिलहाल पेपर अच्छा हुआ है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में तीन टीमें जीतीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के 10वें दिन हुए रोमांचक मैचों में केन क्लब मालगोदाम, लक्ष्मी मैरिज लान और ज्ञान कोष की टीम ने जीत दर्ज कर बढ़त हासिल कर ली है।

नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे 17वें गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को तीन मैच खेल गए। पहला मैच भवानीगंज और केन क्लब मालगोदाम के बीच खेला गया, जिसमें भवानीगंज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर अजय 31, अंशू 35 की मदद से 101 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केन क्लब की टीम के शगुन 45, अरशद 9 की आक्रामक बैटिंग से केन क्लब ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर ली। दूसरा मैच अबीर क्लब कुसुमी कॉलोनी और लक्ष्मी मैरिज लॉन के मध्य हुआ, जिसमें लक्ष्मी मैरिज लॉन की टीम ने ऐशांक की हाफ सेंचुरी से 105 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य पाने को अबीर क्लब की टीम ने बहुत मेहनत की, पर पूरी टीम 70 रनों पर ही सिमट गई और लक्ष्मी मैरिज लॉन ने 35 रनों से जीत अपने नाम कर ली। तीसरा मैच ज्ञान कोष और गोला मेडिकल एजेंसी के मध्य हुआ, जिसमें ज्ञान कोष की टीम ने सुन्दर 55, तारिक़ 11 की मदद से 89 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोला मेडिकल की टीम के फैशल 20 के अतिरिक्त कोई खिलाडी टिक कर खेल ही नहीं पाया और टीम 73 रन पर आउट हो गई। अंपायरिंग शिवम् अवस्थी, रोहित गुप्ता, अनिकेत वर्मा ने और कमेंट्री राजेंद्र निषाद और आसिफ ने की। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, केके शुक्ल, रामगुलाम पांडे, शोभित सिंह, मनोज पाल, अनुज श्रीवास्तव, प्रवीण गर्ग, सुधीश शुक्ल सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे। वहीं, केन क्लब के आल राउंडर शगुन, लक्ष्मी मैरिज लॉन के शशांक, ज्ञानकोष के सुन्दर को मैंन ऑफ द मैच और गोला मेडिकल एजेंसी के आशू को हैट्रिक लगाने पर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।



गोला के क्रिकेट टूर्नामेंट में हैट्रिक लगाने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

## चेयरमैन और सभासद ने किया पौधरोपण

**सिंगाही, अमृत विचारः** रविवार को नगर पंचायत में पौधरोपण अभियान चलाया गया। चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने सभासदों के साथ मैरिज लान के किनारे व अटल पार्क में पौधे रोपित किए। चेयरमैन ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। इससे वातावरण शुद्ध रहता है और ऑक्सीजन की मात्रा भरपूर बनी रहती है। जीवन को बचाने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता है। पौधे जीव, जंतु व मानव जाति के लिए लाभदायक हैं। इस दौरान डॉ. एमआर सेठी, जंग बहादुर राणा, गुड्डू भंडारी, डॉ. एनयू खान, तजम्मुल खां, सभासद राहुल गुप्ता, ध्रुव कुमार सूरज कनौजिया आदि मौजूद रहे।

## तेंदुए के हमले से बालिका की मौत

संवाददाता, ईसानगर

**अमृत विचारः** धौरहरा वन रेंज में थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव कैरातीपुरवा के मजरा टांड़ पुरवा में शनिवार की देर शाम बड़ी बहन के साथ लघुशंका के लिए घर के बाहर निकली आठ साल की बालिका पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे धौरहरा वन रेंज के कर्मचारियों ने तेंदुए की तलाश में कांबिंग शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना शनिवार की रात करीब नौ बजे हुई। थाना ईसानगर के गांव टांड़ पुरवा निवासी राम लखन की पुत्री सहेली (8) अपनी बड़ी बहन नीलू के साथ लघुशंका करने के लिए घर से बाहर निकली थी। जैसे ही वह दरवाजा खोलकर बाहर निकली। तेंदुए ने सहेली की गर्दन पर हमला कर दिया और उसे खींच कर ले जाने लगा। यह देख नीलू शोर मचाते हुए घर के अंदर भागी। शोर होने पर परिवार के लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर आ गए। परिवार वाले गंभीर रूप से घायल सहेली को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था करते। इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद समूचे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना यादव ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। डीएफओ नार्थ सौरीष सहाय और धौरहरा वन रेंजर एनके चतुर्वेदी के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। डीएफओ नार्थ ने मृतक बच्ची के पिता को सांत्वना दी और अनुग्रह राशि प्रदान की। डीएफओ नार्थ सौरीष सहाय ने परिवार वालों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता डीएम कोष से दिलाए जाने का आश्वासन दिया है। क्षेत्रीय वन बीट अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि मृतक के पिता का घर मक्के के खेत और नाले के बीच में आबादी से एकांत में पड़ता है। इसी का फायदा उठाते हुए तेंदुए ने हमला कर दिया है। थानाध्यक्ष ईसानगर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि बालिका की तेंदुए के हमले से मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व बिलखते परिजन। अमृत विचार

**मौका** — प्रत्येक बोर्ड के टॉपर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन, अंतिम तिथि है 15 जुलाई

# विद्या के लिए हाईस्कूल के मेधावियों को मिलेगा धन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मेधावियों की पढ़ाई में धन का अभाव बाधक न बने, इसलिए शासन ने विद्याधन छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इसमें हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के मेधावी शामिल हो सकेंगे। इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ उन्हीं टॉपरों को मिलेगा, जिन्होंने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा 80 प्रतिशत और सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा आठ सीजीपीए (यूपी बोर्ड के दिव्यांग छात्रों के लिए 65 फीसद और सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के मेधावियों के लिए 6.5 सीजीपीए) से उत्तीर्ण की हो और उनके अभिभावक की सालाना आय दो लाख से कम हो।

विद्याधन छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावियों को हर साल दस हजार रुपये मिलेंगे। इसके लिए 2024 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी ही 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति के लिए चयन ऑनलाइन टेस्ट और साक्षात्कार के आधार पर होगा। चयनित मेधावियों को इंटरमीडिएट तक 10 हजार हर साल और इंटर में भी मेधावी बनने पर डिग्री कोर्स के लिए 15 से 75 हज़ार रुपये की हर साल छात्रवृति मिलेगी। इस योजना के लिए छात्र छात्राएं स्वयं पोर्टल vidyadhan.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



**यहां से लें जानकारी**
मेल- vidyadhan.up@sdfoundationindia.com
हेल्प डेस्क नंबर- 9663517131
व्हाट्सएप्प नंबर- 8296010893

"विद्याधन छात्रवृत्ति योजना हाईस्कूल के मेधावियों के लिए है। इसके लिए अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के टॉपर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें अधिक से अधिक छात्रों का आवेदन कराने के लिए शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने सभी डीआईओएस को पात्रता परिधि में आने वाले विद्यार्थियों के आवेदन कराने के लिए निर्देशित कर दिया है।"
–डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल



# प्रेम अध्यक्ष और अजय बने मंत्री

- यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन में क्षेत्रीय कार्यकारिणी में लखीमपुर का रहा दबदबा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की क्षेत्रीय कार्यकारिणी रविवार को परिवहन निगम के क्षेत्रीय मुख्यालय में गठित हुई। इसमें एक बार फिर लखीमपुर जिले का दबदबा कायम रहा।

अध्यक्ष से लेकर मंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए तीनो पदाधिकारी लखीमपुर जिले के निवासी हैं। इनमें गोला निवासी प्रेम शंकर कोष्टा अध्यक्ष, लखीमपुर निवासी एके खरे मंत्री और फरधान निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष बने हैं। चुनाव अधिकारी एवं प्रांतीय संयुक्त मंत्री एके सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यकारिणी के गठन को लेकर रविवार को हरदोई मुख्यालय पर चुनाव प्रक्रिया हुई। हालांकि इस दौरान अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रेमशंकर कोष्टा दूसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष बने हैं। जबकि क्षेत्रीय मंत्री एके खरे 19 साल से क्षेत्रीय मंत्री पद पर आसीन हैं। वहीं लखीमपुर डिपो के परिचालक राघवेंद्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अलावा अवधेश मिश्रा और अभिषेक सिंह को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, प्रियंका दीक्षित एवं सिराजुद्दीन को संयुक्त मंत्री और विजय वर्मा को संगठन मंत्री घोषित हुए।



नव निर्वाचित क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत करते संगठन सदस्य।

## माता मंजेश्वरी देवी के जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी

**पलिया कलां। अमृत विचारः** पलिया तहसील क्षेत्र के मझगई कस्बे में स्थित प्रसिद्ध माता मंजेश्वरी देवी मंदिर में इस बार श्रद्धालु माता का जन्मोत्सव व वार्षिक उत्सव 12 जून को धूमधाम से मनाएंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। करीब 50वर्ष पहले मझगई कस्बे के एक क्षत्रिय परिवार में जन्मी अदभुत कन्या के चमत्कारों के बाद लोगों की आस्था व श्रद्धा लगातार बढ़ती चली गई। पिछले दो दशक से ज्यादा समय से प्रत्येक वर्ष माता मंजेश्वरी के जन्मदिन 12 जून को क्षेत्र व दूर दराज से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालु धूमधाम से उत्सव के रूप में मनाते हैं।

# अभी पांच दिन और तपाएगी गर्मी, नहीं मिलेगी राहत

## पारा 43 के पार, नौतपा समाप्त, फिर भी आसमान से बरस रही आग, उमस भरी गर्मी जिलेवासियों को कर रही बेहाल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पछुआ हवाओं के कारण तपिश बढ़ गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी हाल में भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। पांच दिन और भीषण गर्मी झेलिए। उसके बाद आने वाली हवाओं में बदलाव से ही कुछ अनुमान लगेगा। भीषण गर्मी से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। रविवार को दिन भर तेज धूप और गर्म हवाएं घरों में रहने वालों से लेकर बाहर निकलने वालों को परेशान करती रहीं। रविवार को दिन अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस, जबकि 26.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया।


तेज धूप की वजह से रोड पर रहा सन्नाटा। तपिश के कारण कम निकले लोग।

राज्य मौसम विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक शुक्रवार की शाम से पछुआ हवाएं चल रही हैं। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी युक्त हवा के मिलन से तापमान में गिरावट हुई थी। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिन इलाकों में अनुकूल माहौल बना, वहां आंधी के साथ बारिश भी हुई तो कहीं खंड वर्षा की स्थिति बनी रही, लेकिन अब पछुआ हवाओं के चलने से पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो गया है। रविवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म पछुआ हवाएं चलने के कारण कुछ देर में ही पारा 35 डिग्री को पार कर गया। दोपहर में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसी तरह अगले पांच दिनों तक मौसम में कोई बदलाव के संकेत नहीं है, जिससे भीषण गर्मी और तपिश का माहौल बना रहेगा। इधर, शहर और जिले में रविवार को गर्म हवाएं शरीर झुलसाती रहीं। पारा 45 डिग्री के पार तक जा सकता है।


तेज धूप से बचाव को कुछ इस तरह निकलीं महिलाएं।

### ऐसे बढ़ता गया तापमान

रविवार सुबह निकली धूप दिन की तेजी दिन चढ़ने के साथ और तेज होती गई। धूप के रूप में आसमान से बरस रही आग और गर्म हवाओं की वजह से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप जहां पसीना छुड़ा रही है तो वहीं गर्म हवाएं तन झुलसा रही हैं। गर्मी के सितम का आलम यह है कि कूलर भी ठंडी हवा नहीं दे पा रहे हैं। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि नौतपा समाप्त होने के बाद गर्मी से राहत मिल जाएगी, लेकिन चार दिन बाद भी लागों के लिए गर्मी मुसीबत बनी हुई। हालांकि इस बीच बूंदाबांदी जरूर हुई। मगर, इससे कुछ देर के लिए गर्मी से राहत मिल गई, लेकिन बाद में उमस ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। उमस और गर्मी अपने शबाब पर है और लोग आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश होने की राह देख रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि तेज धूप और गर्म हवाओं से अभी राहत नहीं मिलनी वाली है। आने वाले दिनों में सूरज और तपाएगा। इससे पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का अनुमान है।

# पीएसी फ्लड टीम ने दूसरे किशोर का भी निकाला शव

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचार:** थाना खमरिया के गांव मड़िया के निकट तरबूज तोड़ने जाते समय शारदा नदी पार कर रहे सीतापुर के दो किशोर डूब गए थे, जिनमें से एक किशोर का शव शनिवार को ही बरामद हो गया था। रविवार को शारदा नदी पर पहुंची पीएसी फ्लड की यूनिट ने नदी का पानी खंगाला तो घटनास्थल से कुछ दूरी पर दूसरे किशोर का भी शव बरामद हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

बता दें कि शनिवार को सीतापुर जिले के थाना तंबौर के गांव अमरनगर निवासी आदर्श (14) पुत्र रमेश भार्गव अपने दोस्त अमित पुत्र विजय पाल (16) के साथ शारदा नदी के उस पार तरबूज तोड़ने जा रहे था। दोनों गहरे पानी में चले गए थे। रविवार को पीएसी फ्लड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने नदी का पानी खंगाला तो अमित का भी शव बरामद हो गया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया मनबोध तिवारी ने बताया कि दूसरे किशोर का भी शव बरामद हो गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चोरों ने दो घरों से नकदी और जेवर किए पार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- चोरियां रोक पाने में चौकी इंचार्ज नाकाम, फिर भी एसपी मेहरबान
- लगातार चोरियां होने से क्षेत्र में चोरों की दहशत व्याप्त

**अमृत विचार:** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में चोर पुलिस पर भारी पड़ रहे हैं। लगातार चोरियों का सिलसिला जारी है। चोर ग्रामीणों की जिंदगी भर की कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। चोरों ने शनिवार की रात खानपुर गुरेला के दो घरों में धावा बोल दिया। नगदी समेत करीब दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। चार महीने से लगातार जारी चोरियों पर अंकुश लगाने में फेल साबित हो रही चौकी पुलिस पर कोई कार्रवाई न होने से लोगों ने एसपी की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न खड़े किए हैं।

गांव खानपुर गुरेला निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात वह परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर चोर अंदर घुस आए। सभी कमरों में पड़े ताले तोड़ दिए। चोर एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी झुमकी, गले का माला, दो जोड़ी पायल व 18 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी स्वयं सहायता समूह भी चलाती हैं। घटना की जानकारी सुबह हुई। गांव के बाहर उनका एक बक्सा बरामद हुआ, जिसमें रखा कीमती सामान गायब था। चोरों ने गांव के अंबरीष के मकान को भी अपना निशाना बनाया। अंबरीष ने बताया कि वह परिवार के साथ घर के बाहर सो रहे थे। रात किसी समय चोर घर मं घुस और दो लोहे के बक्सा उठा ले गए। सुबह खाली बक्से गांव के पश्चिम गुड्डे सिंह के खेत में पड़े मिले। बक्शे में रखा पांच जोड़ी पत्ती का मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल और 26 हजार रुपये नगद गायब था। दोनों घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि चौकी क्षेत्र में पिछले चार महीनों से लगातार चोरियां हो रहीं हैं। अब तक 30 से अधिक घरों में चोरी की वारदात हो चुकी है। इनमें से अधिकतर घटनाओं की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की। न ही गस्त करती है। इससे अपराधी बेखौफ हैं। लागातार हो रहीं चोरियों के बाद भी कार्रवाई न होने से एसपी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

> घटना की जानकारी हुई है। तहरीर पुलिस को दी गई है। जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। चौकी इंचार्ज को गस्त तेज करने और वारदातों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> –रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी

# पीएम के शपथ लेते ही झूमे भाजपा कार्यकर्ता


सदर चौराहे पर एलईडी पर शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण देखते विधायक व अन्य कार्यकर्ता।


पूर्व केंद्रीय मंत्री टेनी के कार्यालय पर आतिशबाजी करते कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आतिशबाजी कर बांटी मिठाई, श्रीराम चौराहा पर एलईडी लगाकर देखा लाइव प्रसारण

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार रात तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसका लाइव प्रसारण हुआ। सदर विधायक ने मेन चौराहे पर एलईडी लगवाकर इसका लाइव प्रसारण देखा।

18वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद पीएम मोदी एक बार फिर एनडीए संसदीय दल के नेता चुने गए। पीएम पद से लेकर कैबिनेट मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार देर शाम हुआ। प्रधानमंत्री मोदी सहित मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह को शहर में लाइव प्रसारण हुआ। इसके लिए सदर चौराहे पर एलईडी लगवाई गई। निर्धारित समय पर सदर विधायक योगेश वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई सहित जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, नवीन पांडे, शरद मिश्रा आदि ने पीएम मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की शपथ लेने का लाइव प्रसारण देखा।

उधर, पीएम मोदी के शपथ लेते ही पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के कार्यालय पर आतिशबाजी शुरू हो गई। कार्यालय पर मौजूद लोगों ने मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर अरविन्द सिंह संजय, अम्बरीष सिंह, मण्डल अध्यक्ष खीरी अशोक अवस्थी, आचार्य अनूप मिश्रा, राजू अग्रवाल, रवि शर्मा जिला कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा, सरवन कश्यप मण्डल अध्यक्ष नकहा ओबीसी मोर्चा, सुरेन्द्र कश्यप मण्डल मंत्री खीरी, राहुल चौरसिया, मधुकर मौर्या, वीरपाल मिश्रा, सुमेर सिंह, सूरज पाण्डेय, मयंक कश्यप, भैया लाल तिवारी, पुलक अग्रवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बांटी मिठाइयां, की आतिशबाजी, लगाए नारे


गोला के अशोक चौराहे पर जश्न मनाते भाजपाई।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नगर में भाजपाइयों में खुशी का माहौल है। पदाधिकारी टीवी पर शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण देखकर झूम उठे। अशोक चौराहे पर रविवार देर शाम एकत्र होकर मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी कर इजहार किया। जमकर आतिशबाजी भी की। कार्यकर्ता देर रात तक ढोल नगाड़े पर नाचते गाते हुये जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। जश्न मनाने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, मुन्नालाल अवस्थी, सूरजन लाल वर्मा, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, सभासद आनंद सोनी, अवधेश मिश्रा, प्रभात बाजपेई रूद्र, राजेश शुक्ल, मनुज बाजपेई, जुगल किशोर शुक्ल, अभिषेक बाजपेई, धीरज बाजपेई, रिशू मिश्रा, प्रसून मिश्रा, सचिन सिंह, अजीत पांडे, मोनू गिरि, सरताज खान, डब्बू गुप्ता, फैज़ खान, डॉ ध्रुव नारायण पुरवार, काके सहगल आदि रहे।

### मैलानी में भी मनाया गया जश्न, देखा लाइव प्रसारण


मैलानी में शपथ ग्रहण का लाइव प्रसारण देखते भाजपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, मैलानी, अमृत विचार : नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा पार्टी ने अकेले 240 सांसद वाले सबसे बड़े दल के रूप में जीत हासिल की है। एनडीए के नेतृत्व में 303 सांसदों का उसे अपार बहुमत मिला है। मोदी देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की चिंता भाजपा सरकार सदैव करती आई है। वह स्वयं पार्टी कार्यकर्ताओं के काम को प्राथमिकता देंगे। इस दौरान भवानी शंकर माहेश्वरी, सुभाष गोयल, पीएस रावत, मडंल मंत्री आसमा बानो, सरस्वती धूरिया, हरिहरदत्त मिश्रा, शिवगोविंद कुशवाहा, मंजूलता, अनीता कौर, खूबचंद भगवान, रामस्वरूप बाथम, लालता प्रसाद, मनोज कश्यप, प्रियांशु, फरहान खान, सुरेश, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीएचसी में अग्रवाल सभा ने लगवाया वॉटर कूलर


गोला पीएचसी में वॉटर कूलर लगवाते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- मरीजों, तीमारदारों और स्टाफ को मिलेगा शीतल जल

**अमृत विचार:** श्री अग्रवाल सभा की ओर से मोहम्मदी रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वॉटर कूलर लगवाया गया, जिसका उद्घाटन सन्तोष गर्ग, नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. गणेश कुमार, डॉ अजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और पूजा अर्चन के साथ किया।

अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में शीतल जल की व्यवस्था हो जाने से दूर दराज के आने वाले मरीजों और तीमारदारों को सहूलियत होगी। मालूम हो कि इससे पहले अग्रवाल सभा द्वारा सीएचसी में भी मरीजों, तीमारदारों के साथ अस्पताल स्टाफ के लिए वॉटर कूलर और प्याऊ लगवाया गया है। इस दौरान केशव अग्रवाल, देवीप्रसाद केडिया, माताप्रसाद केडिया, दौलतराम ,प्रमोद कुमार, दीपक, अजय, आशीष, राजेश, संजय बंसल, नीरज गर्ग, अतुल अग्रवाल, रामकली देवी, कविता गर्ग, ज्योति, सीमा, प्रीति, अलका गर्ग आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# आग से लोधपुरवा के छह, बनवीरपुर में दो घर जले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रविवार को अज्ञात कारणों से लगी आग से थाना ईसानगर के गांव लोधपुरवा में छह और कोतवाली तिकुनिया के गांव बनवीरपुर में दो घर जल गए। इससे गांव में अफरा-तफरी मची रही। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। दोनों अग्निकांडों में घरों में रखी नगदी, कपड़ा, राशन आदि सारा सामान जलकर राख हो गया।

**खमरिया, अमृत विचार:** आग रविवार की सुबह करीब 11 बजे जलील पुत्र महमूद के घर में अज्ञात कारण से आग लग गयी। देखते ही देखते आग की तेज लपटों ने कल्लू पुत्र जलील ,जाकिर पुत्र जलील ,इकरार पुत्र सहदुल , जेतुना पत्नी स्वर्गीय छोटे व सुफियान पुत्र खलील के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों को देख गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही यूपी 112 पुलिस की पीआरवी 3239 व थाना पुलिस फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में पीड़ितों के घरों में रखा घरेलु सामान, अनाज, कपड़े, चारपाई व बर्तन आदि जलकर खाक हो गया। लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर राजस्व विभाग के अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की है।

### दो घर जलकर राख


बनवीरपुर में राख के ढेर में तब्दील हुए घर।

**सिंगाही, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कोतवाली तिकुनिया के गांव बनवीरपुर में अचानक भीषण आग लग गई। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन हवा तेज होने के कारण वह सफल नहीं हो सके। इससे गांव में चीख पुकार मच गई। तमाम लोग अपने घरों का सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने समय रहते ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया। इससे बड़ा अग्निकांड होने से बच गया। आग से इंद्रेश व गौरव श्याम नारायण के घर और उसमें रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

### अग्निपीड़ितों को दी राशन किट

**निघासन, अमृत विचार :** शनिवार को थाना मझगईं के गांव मुर्गहा गांव में लगी भीषण आग से करीब 30 घर जल गए थे। रविवार को प्रशाशनिक अफसरों ने गांव में जाकर राशन किट वितरित की। इस दौरान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, नायब तहसीलदार भीमचंद, लेखपाल भी मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि जल्द ही सभी अग्निपीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सैनिक परिषद की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक में उसकी समस्याओं पर चर्चा कर संगठन को गतिशील बनाने के बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। ब्लाक समाभाकार में कृष्ण गोपाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व सैनिकों ने स्थानी स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा कर आगामी दिनों में आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। देवप्रकाश ने संगठन की गतिविधियों को नजर रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा पूर्व सैनिकों के साथ कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया जा सके। बैठक में राजेश्वर सिंह, प्रेम कुमार, वीरेंद्र कुमार मिश्र, जगदेव सिंह, रामहरीश मिश्र, वीरभद्र, प्रेमचंद वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, अजयभानु अवस्थी, लक्ष्मीकांत अवस्थी, नारायणलाल वर्मा, प्रमोद सिंह, विनोद कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया श्रीराम वनवास का प्रसंग

**संवाददाता, केशवापुर। अमृत विचार :** सौंठन गांव में श्री शतचंडी महायज्ञ में तृतीय दिवस शाम की बेला में पिहानी हरदोई के कथाव्यास पं सन्तोष मिश्र ने श्रीराम वनवास की संगीतमयी कथा सुना भक्तों को भाव विभोर कर दिया। सोनौरा खीरी के रामकथा व्यास पं हरिओम मिश्र, पं कमल मिश्र की संगीतमयी जोड़ी ने पूरे पांडाल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। आचार्यों ने वैदिक मंत्रोचार कर हवन-पूजन कराया। ग्रामीणों के सहयोग के साथ ही गुलजारी लाल तिवारी के सहयोग से हो रही महायज्ञ का समापन आज 10 जून को कन्याभोज भंडारे के साथ होगा।

### उप शाखा प्रबंधक के तबादले पर दी विदाई


रजागंज में उपप्रबंधक को विदाई देते बैंक कर्मचारी।

**संवाददाता, बिझौली, अमृत विचार :** कस्बा रजागंज स्थिति पंजाब नैशनल बैंक के उप प्रबंधक सबल कुमार का स्थानांतरण हरदोई हो जाने पर शुक्रवार को स्टाफ ने विदाई दी। समारोह में शाखा प्रबंधक गौरव मिश्रा, अनुराग, जगतपाल, दिलीप कुमार, सरोज कुमार, देवश कुमार, सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण लेकर घर आया अग्निवीर, घरवाले गदगद


बेटे का स्वागत करते परिजन।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी एक युवक अग्निवीर का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रविवार को घर पहुंचा। बेटे को सेना की वर्दी में देखकर माता पिता की आंखे मारे खुशी में नम हो गईं। माता पिता ने बेटे को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। वहीं, मोहल्लेवासियों ने भी घर पहुंचकर हौसलाफजाई कर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। यशू ने बताया कि 2023 बैच में उसका अग्निवीर के लिए चयन हुआ था। तैनाती पंजाब के पठानकोट में हुई है। पिता राज कुमार कश्यप व मां सावित्री ने बताया कि बेटे की मेहनत रंग लाई। आज का दिन हमारे लिए बेहद भाग्यशाली रहा है।

### ईबीएसबी शिविर में भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** द इंडियन एकेडमी में चल रहे ईबीएसबी शिविर के पांचवें दिन एक प्रभावशाली एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका मुख्य विषय सोशल मीडिया : वरदान या अभिशाप था। शिविर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में विभिन्न राज्यों से आए ऑफिसर्स शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के तर्क, प्रस्तुति और प्रत्युत्तर को ध्यान में रखते हुए उनका मूल्यांकन किया। अंत में, निर्णायकों ने विजेताओं की घोषणा की। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा।

### तेंदुए की लोकेशन जानने के लिए लगाए कैमरे

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना मझगई क्षेत्र के चौरीकलां गांव के आसपास तेंदुए ने तीन दिनों में चार कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। चौरी कलां स्थित मंदिर के पास तेंदुए की चहलकदमी लगातार बनी रहने पर वनकर्मियों ने गांव के किनारे कैमरे लगाए हैं। रेंजर अंकित कुमार ने बताया कि कैमरे के साथ टीम लगा दी गई है। तेंदुए की लोकेशन जैसे मिलती है। उसे पकड़ लिया जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम यूनुस से बदलकर युनुस अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **युनुस अंसारी पुत्र सत्तार ग्राम हरपुर बाबू टोला, पोस्ट कोटवा बाजार, जिला कुशीनगर 274305**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद कलाम से बदलकर कलाम खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **कलाम खान पुत्र नसीमुद्दीन ग्राम सेमरी पोस्ट सेमरी खानखोट जिला सिद्धार्थ नगर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SAFIUDDEEN से बदलकर SHAFIUDDIN CHAUDHARY रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **SHAFIUDDIN CHAUDHARY S/O JAMALUDDIN निवासी- ग्राम हरैया, सिद्धार्थनगर 272151**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जाका उल्लाह अब्दुल हकीम से बदलकर जक़उल्लाह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जक़उल्लाह पुत्र अब्दुल हकीम अहेशानुल्लाह 35 नया मोहल्ला लेडुआ महुआ, पोस्ट व थाना बखिरा, जिला सन्त कबीर नगर 272199**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जुबैरिया रूमान (ZUBAIRIYA RUMAN) से बदलकर जवेरिया रूमान (JAVERIA RUMAN) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **जवेरिया रूमान पुत्री मोहम्मद शमीम (MOHD SHAMIM) मोहल्ला दरियाचक रसुलपूर गोरखनाथ गोरखपुर 57C नीयर बीएसएनएल टॉवर के पास पोस्ट गोरखनाथ थाना तिवारीपुर जिला गोरखपुर**

**NOTICE**

I CHANDRAPATI, M/O ARMY NO. JC572674W, RANK NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY SON'S SERVICE RECORD AS 'CHANPATI' AND "05/02/1953' INSTEAD OF 'CHANDRAPATI' AND '01/01/1955 AS PER MY AADHAR.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शेख तौसिफ आजीमुल्लाह से बदलकर तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **तौसिफ़ आजीमुल्लाह शेख पुत्र आजीमुल्लाह शेख ग्राम बेलहसा, पोस्ट जिगिना ठाकुर, जिला सिद्धार्थ नगर।**

**NOTICE**

I RITESH, S/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY FATHER'S SERVICE RECORD AS 'RITESH KUMAR' INSTEAD OF "RITESH' AS PER MY CBSE BOARD HIGH SCHOOL MARKSHEET.

**NOTICE**

I MIRA PATEL, W/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-PATELNAGAR, NILMATHA, LUCKNOW, U.P. (226002). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY HUSBAND'S SERVICE RECORD AS MIRA' AND 06/01/1983 INSTEAD OF MIRA PATEL' AND '20/12/1981' AS PER MY HIGH SCHOOL MARKSHEET.

**सूचना**



मैरे पुत्र रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY का नाम विप्लव पाण्डेय VIPLAV PANDEY त्रुटिवश अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही पुत्र के हैं। भविष्य में उसे रीशान पाण्डेय RISHAAN PANDEY के नाम से जाना जाये। **अश्वनी कुमार पाण्डेय पुत्र जगत नारायण पाण्डेय निवासी 790 हर्ष नगर इटावा आधार संख्या 329783236479**

# 4 घरों से चोरों ने उड़ाए जेवर और नकदी

**अजगैन/पुरवा।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत सुंदरपुर गांव में चोरों ने प्रधान सहित दो घरों को निशाना बनाते हुए करीब आठ लाख कीमत के जेवर और पार कर दिये। वहीं, असोहा थानाक्षेत्र के गोरिंदा गांव में बीती रात चोरो ने सेंध काटकर कमरे में रखी आलमारी से करीब एक लाख के जेवर पार कर दिए। वहीं, अचलगंज थानाक्षेत्र में घर में घुसे चोरों ने जेवर व नगदी समेत कीमती सामान पार कर दिया। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस जांच कर वापस लौट गई।

**केस 01** अजगैन क्षेत्र के सुंदरपुर गांव निवासी प्रधान मंगली प्रसाद देररात परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर के बाहर लेटे थे। तभी चोर मौका पाकर छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए और आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे तीन लाख के जेवर व बक्से की कुंडी काटकर बेटी की शादी के लिए रखे ढाई लाख रुपए उठा ले गए। रविवार सुबह परिजन घर के अंदर पहुंचे तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी सुरेंद्र यादव पुत्र रामलाल के घर को निशाना बनाते हुए घर के पीछे लगा दरवाजा तोड़ दिया। चोर वहां रखे पांच लाख के जेवर व 17 हजार रुपए लेकर चंपत हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि चोरी के प्रार्थनापत्र मिले है जांच की जा रही है।

### अजगैन क्षेत्र में प्रधान सहित दो घरों में चोरी

**केस 02** **पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गोरिंदा गांव निवासी मालती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात वह परिवार के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रही थी। रविवार को सुबह घर गई तो कमरे की दीवार में सेंध कटी देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी आलमारी खुली थी और उसमें रखे एक लाख के जेवर गायब थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। एसओ रामअवतार ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घरवाले सोते रहे नकदी जेवर उठा ले गए चोर

**केस 03** **उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव मुगलपुर निवासी कमल पुत्र जुगुल किशोर परिवार के साथ घर के बाहर सोया था। पीछे की दीवार चढ़कर चोर आंगन में पहुंचे गए यहां से चोर कमरे में दाखिल हुए और वहां रखी आलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर जेवर व 50 हजार रुपये नकद सहित तीन लाख का सामान बटोर ले गए। गृह स्वामी ने बताया कि चोर कमरे से रखे छोटे बक्से व सूटकेस भी अपने साथ उठा ले गए। जिसमें रखा समान निकालकर खेतों में बक्से फेंककर भाग गए। गृह स्वामी की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। छानबीन की जा रही है।


चोरी की जानकारी देती महिला।

## रात में डंपर से भिड़ा ट्रक, हाईवे पर जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार मध्य रात्रि लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक ट्रक चालक ने जाजमऊ चौकी से पहले अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से आ रहा डंपर उसमें जा घुसा और क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में डंपर चालक घायल हो गया। रविवार शाम जाजमऊ पुल पर ट्रक खराब होने से भी घंटों जाम की स्थिति बनी रही। रात करीब एक बजे लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित जाजमऊ चौकी से पहले एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे पीछे से आ रहा डंपर उसमें घुस गया और क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल डंपर चालक बेहटा मुजावर निवासी दिवाकर को बाहर निकाला और उसे इलाज के लिये भेजा।

# लखनऊ में दम दिखाएगी जिले की टीम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



लखनऊ जाने से पहले रेलवे स्टेशन पर डीसीए पदाधिकारियों के साथ टीम।

**अमृत विचार।** हाल में गठित जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम लखनऊ रवाना हुई। डीसीए महासचिव पीके मिश्र ने बताया कि टीम लखनऊ के गोमती नगर स्थित सीएसडी सहारा स्टेडियम में अन्य जिलों से पहुंची टीमों के साथ मैच खेलेगी। प्रतियोगिता में मंडल के चार जिलों की टीमें शामिल हैं।

यूपीसीए के निर्देशों के तहत डीसीए द्वारा कराए गए ट्रायल में नवरतन कुमार, अंश पटेल, शिवांक गुप्ता, प्रणव द्विवेदी, उज्ज्वल चौधरी, अंकित यादव, प्रियांशु रावत, आयुष, देवाशीष, भावेश मिश्रा, आकाश कुमारराठौर, सुमित यादव, शिवम यादव, लोकेश, संदीप यादव, अनमोल पांडेय व सचिन पांडेय टीम में चयनित हुए थे। यूपीसीए की ओर से जारी कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिले की टीम का पहला मैच बाराबंकी से होना तय है, जबकि अगले दिन हरदोई से भिड़ना होगा। आगे मैच के परिणाम के आधार पर सेमीफाइनल व फाइनल खेलना तय होगा। डीसीए महासचिव ने टीम मैनेजर के तौर पर ओम मिश्रा को भी भेजा है। शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर राजेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार यज्ञसेनी, मंसूर खान, नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, विकास सिन्हा व मंजूलता अवस्थी आदि ने टीम में शामिल खिलाड़ियों को विजेता के तौर पर वापसी करने की शुभकामनाएं दी।

● **बाराबंकी व हरदोई के साथ सीएसडी सहारा स्टेडियम में होने हैं मैच**

# श्रमिक का संदिग्ध हालात में पड़ा मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव से रात में घर से निकले युवक का शव रविवार सुबह संदिग्ध हालात में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर परिजन पहुंचे मौत को लेकर आशंका जताई। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की साइकिल पास में खड़ी थी और जेब से तनख्वाह के रुपए भी मिले है।

सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के मसवासी गांव के फुटहा टोला निवासी पंकज (21) पुत्र प्यारे लाल रैदास अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक चर्म फैक्ट्री में कार्यरत था। शनिवार को वह अपनी तनख्वाह लेने के बाद घर गया। जहां से किसी के फोन आने पर बिना बताए निकल आया। लेकिन, रात में घर नहीं लौटा। रविवार सुबह उसका शव सदर क्षेत्र के बाबाखेड़ा गांव के पास झाड़ियों में मिला। उसकी जेब में 4850 रुपए और उसकी साइकिल बगल में खड़ी मिली। इसकी खबर मिलते ही परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। दिवंगत युवक दो भाई व दो बहनों में बड़ा था। एक बहन उपासना की शादी हो चुकी है। मां जनाका, बहन मुस्कान व छोटा भाई अजय रो-रोकर बेहाल रहे। बहन ने बताया कि शुक्लागंज की एक युवती से पंकज का प्रेम प्रसंग था। मंगलवार को युवती का भाई घर आया था और जान से मारने की धमकी दी थी। पंकज का मोबाइल भी उसके पास नहीं मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें कोई चोट नहीं मिली और उसकी मौत हार्टअटैक से होने की संभावना जताई गई। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।


पंकज।

● **परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका, इस पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**

### जहरीले कीड़े के काटने से हुई किशोरी मौत

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के हटिया गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। असीवन थानांतर्गत हटिया गांव निवासी प्राची (13) पुत्री तारा कोरी दयानंद सुभाष नेशनल इंटर कालेज में कक्षा 9 की छात्रा थी। रविवार सुबह वह कोठरी से खाना बनाने के लिए कंडा निकालने गई थी। इसी दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वह उसे सीएचसी मियागंज लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से भाई सूरज, प्रदीप, बहन सरोजनी, प्रीति व मां रामकली रो-रोकर बेहाल रही।

## 56 मरीज पहुंचे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में

**शुक्लागंज।** न्यू पीएचसी शुक्लागंज में जन आरोग्य मेला हुआ। नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डा. रश्मि वर्मा, आयुर्वेदिक डॉ. अर्चना, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 56 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# मोदी ने ली शपथ, भाजपाइयों में खुशी

**उन्नाव।** शपथ ग्रहण के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत होने पर भाजपाइयों ने खुशी जताई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सत्तालोलुपता से एकजुट होने के बाद भी विपक्ष को शिकस्त का सामना करना पड़ा। दावा किया कि झूठ के दम पर राजग (भाजपा) को मिली चुनावी सफलता से विपक्ष को सबक लेना चाहिए।

### सत्ता के लिए विपक्ष होता है एकजुट


राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य आनंद अवस्थी ने कहा कि विपक्ष सत्तालोलुपता से चुनाव के दौरान एकजुट होता है, जबकि मतदाता निरंतरता से काम करने वालों को निर्वाचित घोषित कराते हैं। लोकसभा चुनाव ने साबित कर दिया है कि नए भारत का मतदाता मोदी पर भरोसा करता है।


जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल ने चुनाव परिणामों से विपक्ष को सबक लेने की सलाह दी। 10 वर्षों में कांग्रेस के युवराज पीएम पर लगातार आरोप लगाते रहे हैं। कभी आरोपों को साबित नहीं कर सके। अब मतदाताओं ने भाजपा सहित राजग को बढ़त देकर उनकी बोलती बंद करने का जनादेश दिया है।


युवा भाजपा नेता अमित मिश्रा ने कहा कि विपक्ष को अनर्गल प्रलाप करने के बजाए जनसेवा पर जोर देना चाहिए। अब नए भारत के बहुसंख्यक जागरूक मतदाता काम के आधार पर मतदान करते हैं। इसलिए उन्हें भी झूठ गढ़ने के बजाए सेवा करनी चहिए।


भाजपा नेता व नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने कहा कि पीएम के सेवाकार्य से हमेशा विपक्ष में बौखलाहट रहती है। चुनावी मौसम में विचारों में असमानता के बाद भी सिर्फ सत्ता हथियाने के लिए गठबंधन कर मतदाताओं को भ्रमिक करने से विपक्ष को बाज आना चाहिए।


मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर खुशी मनाते भाजपाई।

### एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बांटे लड्डू

**शुक्लागंज उन्नाव।** नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर रविवार को गोपीनाथ पुरम स्थित चेयरमैन कौमुदी पांडे के कार्यालय में उनके प्रतिनिधि संदीप पांडे ने लड्डू बांटे। इस दौरान वहां आने जाने वाले लोगों का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान आशीष अग्रवाल, रिंकू बाजपेई, अनुराग बाजपेई, सौरभ तिवारी, अमन शुक्ला, आदर्श अवस्थी, रामप्रकाश मिश्रा, ओम तिवारी, शशांक सिंह, अमन गौतम रहे। इसके अलावा सैनिक प्रकोष्ठ के विजय तिवारी, संजय तिवारी, अंकुर शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, जय सिंह कुशवाहा, अवनीश शुक्ला, जैनेंद्र शुक्ला, विनय तिवारी, विकास मिश्रा, अमरेंद्र गुप्ता व सुरेश शुक्ला ने भी खुशी जताई।

# श्रीकृष्ण की बाल, गोवर्धन लीला सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

● **कंचन नगर-बी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा**

**अमृत विचार।** कंचन नगर बी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया। इसके साथ ही कथा व्यास ने ध्रुव चरित्र, ज्ञान वैराग्य, धुंधकारी, गोकर्ण और कपिलाख्यान की कथा का बखान किया।

कथा को आगे बढ़ाते हुये कथा पं. आशुतोष अवस्थी आशू महाराज ने कहा कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र प्रियवत और उत्तानपाद थे। उत्तानपाद की सुनीति और सुरुचि नामक दो पत्नियां थीं। राजा उत्तानपाद को सुनीति से ध्रुव और सुरुचि से उत्तम नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। सुनीति बड़ी रानी थी परन्तु उत्तानपाद का प्रेम सुरुचि के प्रति अधिक था। एक बार सुनीति का पुत्र ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठा खेल रहा था। इतने में सुरुचि वहां आ पहुंची। ध्रुव को उत्तानपाद की गोद में खेलता देख वह बर्दाश्त न कर सकी। उसका मन ईर्ष्या से जल उठा। उसने झपट कर बालक ध्रुव को राजा की गोद से खींच लिया और अपने पुत्र उत्तम को उसकी गोद में बैठा दिया। बालक ध्रुव से बोली, अरे मूर्ख राजा की गोद में वही बालक बैठ सकता है जो मेरी कोख से उत्पन्न हुआ हो। जिसके बाद नारद ने उसके दृढ़ संकल्प को देखते हुए ध्रुव को मंत्र की दीक्षा दी। इस मौके पर मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी के अलावा तमाम भक्त मौजूद रहे।


व्यास, आशुतोष अवस्थी।

## क्रॉसिंग पर वाहनों का भार बढ़ने से बैराज मार्ग पर लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार दोपहर बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग पर वाहनों का भार बढ़ने और आरओबी का कार्य होने से जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। जिससे एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला गये।

रविवार दिन करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें गुजरी। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद हो गई। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। रविवार का दिन होने के कारण बैराज मार्ग पर वाहनों का भार अधिक रहा। जिससे भीषण जाम लग गया। क्रासिंग खुलने पर वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे बड़े वाहन फंसे गये। वहीं आड़े तिरछे वाहन लगे होने पर राहगीरों ने वाहनों को सीधा कराया।

# लगी आग, धू-धूकर जला बाग

संवाददाता औरास/गंजमुरादाबाद

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर व औरास थानाक्षेत्र के कस्बे व एक गांव में विद्युत तारों में शार्टसर्किट होने से आग लग गई। वहीं बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के एक गांव में खेत में खड़ी झाड़ियां नष्ट करने में आग लगाने पर एक किसान के खेत में खड़े सैकड़ों पेड़ चपेट में आने से जल गए। किसान ने पुलिस से इसकी शिकायत की है।

**बेहटा मुजावर थानांतर्गत** गांव अवैक निवासी सत्य प्रकाश पुत्र हरदेव प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके खेत में सैकड़ों यूके लिप्टस के पेड़ खड़े हैं। बीते शनिवार पड़ोसी खेत मालिक हिमांशु आदि ने अपने खेत में लगी झाड़-झंखाड़ साफ करने के लिए आग लगा दी। इसकी चपेट में आकर उसके खेत में लगे यूके लिप्टस के दर्जनों पेड़ जल गए। शिकायत करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच करने में जुटी है।

**औरास थानाक्षेत्र** के आदमपुर फैजुल्लानगर गांव निवासी केशनपाल प्रधान के माइनर के पास खेत में लगे यूके लिप्टस के पेड़ों के ऊपर से एचटी लाइन निकली है। जिसमें दोपहर बाद शार्टसर्किट होने से तार टूटकर नीचे गिर गये। जिससे यूके लिप्टस के पेड़ों में आग लग गई। लपटें देख ग्रामीणों ने दौड़कर निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। औरास निवासी सोनेलाल अपनी बैट्री सर्विस दुकान पर रखे छप्पर व टीनशेड को ठीक कर रहा था।

तभी वहां से गुजरी विद्युत केबिल से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। लपटें देखते ही देखते विकराल हो गईं। आसपास के लोगों ने निजी संसाधनो से कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। करीब एक घंटे के बाद फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंची। जिससे कस्बा वासियों में रोष रहा।


यूकेलिप्टस के बाग से उठतीं लपटें। अमृत विचार

● **तीन जगह लगी आग से लाखों का हुआ नुकसान**

## सार-संक्षेप

### सांप ने काटा तो उसे डिब्बे में बंद कर पहुंचा अस्पताल

**उन्नाव।** अजगैन कस्बा निवासी कौशलेंद्र रविवार सुबह मवेशियों को चारा देने जा रहा था। तभी उसे सांप ने काट लिया। चक्कर आने पर उसने सांप को पकड़ा और एक डिब्बे में बंद कर लिया और उसे लेकर अस्पताल पहुंच गया। इसे देख वहां लोगों की भीड़ लग गई। डाक्टर ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया है।

### स्टेशन के कायाकल्प में दर्जनों लोगों के मकान टूटे

**शुक्लागंज।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गंगाघाट रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होना है, उसी को लेकर बस्ती के बीच दीवार बनाने का काम कराया जा रहा है। जहां जद में आये दर्जनों मकानों को पोकलैंड मशीन से हटा दिया गया है। जिसके बाद परिवार अपना सामान बटोरने में लगे हुये हैं। रविवार को कई मकानों की निकली ईंट का एकत्र कर लोग दूसरे स्थान पर ले जाते हुये दिखाई पड़े। राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्री वॉल बनवाने का काम पिछले कई दिनों से चल रहा है। उधर रेलवे की ओर से राजीव नगर खंती में नोटिस चस्पा की गई थी कि अपने अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो उसे बल पूर्वक हटवा दिया जायेगा। इधर दर्जनों मकान बाउंड्री वॉल की जद में आ रहे थे, जिस पर कार्यदायी संस्था की ओर से मुनादी कराई गई थी। जिस पर जद में आने वाले मकानों में रहने वाले लोगों ने अपनी गृहस्थी का सामान निकाल लिया था। इधर जद में आ रहे मकानों को पोकलैंड से ढहा दिया गया। रविवार को परिवार के सदस्य मकानों की ईंट समेटकर एक जगह एकत्र किया। जिसके बाद दूसरे स्थान पर ले जाने का काम किया। वहीं खंती में रहने वाले जसकरन, नूर बानो, रामस्नेही, रशिद आदि ने बताया कि वह लोग वर्षों से राजीव नगर खंती में रह रहे हैं, ऐसे में उनके आशियानों को उजाड़ दिया गया है।

### गलियां अभी भी पड़ी कच्ची, बरसात में होगा जलभराव

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में कई ऐसे वार्ड हैं, जिनकी गलियां अभी कच्ची पड़ी है। ऐसे में मानसून जल्द आने वाला है। गलियां न बनने के कारण इस साल भी यहां रहने वाले वाशिंदों को एक बार फिर जलभराव का सामना करना पड़ेगा। वहीं अधिकांश गलियों के निर्माण का कार्य चल रहा था लेकिन आचार संहिता चलने के कारण वह कार्य भी अधर में पड़े हुये हैं। बरसात से पहले उन गलियों का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। नगर पालिका क्षेत्र के भातू फार्म, कंचन नगर, रहमत नगर, श्रीनगर, गंगा नगर, प्रेम नगर, रविदास नगर, ठाकुर खेड़ा, मनोहर नगर, शक्ति नगर, सीताराम कॉलोनी के अलावा अन्य मोहल्लों में कई कच्ची गलियां हैं। उनमें अभी नाली और इंटरलॉकिंग तक नहीं है, लोगों को बरसात में कीचड़ से गुजरना होगा। जिससे लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ेंगी। इसी तरह पालिका के कई वार्डों में गलियां कच्ची पड़ी हुई है। वहीं सबसे बड़ी समस्या कृष्णा नगर की है, जहां बिना बारिश के गलियों में जलभराव रहता है। यहां के रहने वाले लोगों ने कई बार पालिका प्रशासन से जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे यहां के लोगों को हर समय जलभराव से जूझना पड़ता है। कई वार्डों में गलियों का निर्माण कार्य चल रहा था लेकिन आचार संहिता के कारण काम रूके थे। गंगाघाट की पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि 28 वार्डों की 60 गलियों का टेंडर हो चुका है। 30 गलियों का कार्य चल रहा है। 35 गलियों में आचार संहिता के कारण कार्य चालू नहीं हो सका था।


निर्माण के अभाव में कच्ची पड़ी है गली।

मौसम की मार | जून माह में पड़ रही भीषण गर्मी में जन-जीवन बेहाल, दोपहर को सड़कें रहीं सूनी

# सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से बेहाल हुए लोग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** जून माह में पड़ रही भीषण गर्मी में आम जानमानस बेहाल हो गया है। जिस कारण दोपहर के समय मुख्य मार्गों पर चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग मुंह ढक कर निकले। वहीं सूर्य अधिक तल्ख होने के कारण घरों के कूलर गर्म हवा फेंक रहे हैं। जिससे घरों में रहने वाले लोग भी गर्मी से बेहाल हो गये हैं।

रविवार को सुबह नौ बजे से ही सूरज तल्ख रहा। जिससे आने जाने वाले लोग परेशान दिखे। दोपहर के समय चल रही लू के थपेड़ों से राहगीर बिलबिला उठे। जिस कारण दोपहर के समय प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिला। जिससे आने जाने वाले लोग दोपहर के समय न के बराबर निकल रहे हैं। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग सिर पर अंगौछा रखकर निकले। वहीं अधिक गर्मी होने के कारण तरल पदार्थ जैसे छास, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना की दुकानों में लोगों की भीड़ देखने को मिली। वहीं जूस की दुकानों पर भी देर रात तक मैंगो शेक, बनना शेक पीने के लिये लोगों की भारी भीड़ रही। वहीं घरों में लगे कूलर भी गर्म हवा फेंक रहे हैं। इसके साथ ही अधिक गर्मी पड़ने के कारण गर्मी में बिजली भी दगा दे रही है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है और घरों में रहने वाले लोग गर्मी में बेहाल हो गये।


दोपहर के समय मरहला चौराहे पर इस तरह पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

● **सुबह नौ बजे से ही सूरज तल्ख रहा, दोपहर के समय चली लू**

## चरमराई बिजली व्यवस्था गर्मी से बेहाल हुए लोग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गोकुल बाबा सब स्टेशन से आने वाली विद्युत आपूर्ति इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। जिस कारण इस फीडर में रहने वाले हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शनिवार रात आदर्श नगर में तार टूटने के चलते सैकड़ों घरों की बिजली रात से सुबह तक गुल रही। इसके अलावा एबीसी डालने को लेकर बिजली गुल रही।

नगर के आदर्श नगर मोहल्ले में शनिवार रात एलटी लाइन टूट गई। जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य कर आपूर्ति चालू कराई। इस दौरान ओवरलोड होने के कारण एक ट्रांसफार्मर का जंपर और तार टूट गया, जो रविवार सुबह 7 बजे ठीक किया जा सका। पूरी रात बिजली न आने से हजारों लोग गर्मी में बेहाल रहे। इसी तरह भातूफार्म में एबीसी केबिल डालने के लिए 400 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति दिन 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रखी गई। वहीं मंशा खेड़ा में सुबह सात बजे तार टूटने के कारण दो घंटे तक बिजली बंद रही। वहीं आदर्श नगर में 630 केवीए का ट्रांसफार्मर का जंपर उड़ने से सुबह से शाम तक बिजली बंद रही। इसके अलावा स्टेडियम पुलिया के रविवार रात दस बजे केबिल मे आग लग गई। जिस कारण एक घंटे तक आपूर्ति गुल रही।

## बिंदा नगर में चला सफाई अभियान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका गंगाघाट की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को वार्ड 25 बिंदा नगर में पालिका कर्मियों की फौज पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 25 बिंदा नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके अलावा नालियों से सिल्ट साफ की। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी।



# युवक व अधेड़ महिला ने कीटनाशक निगलकर दी जान, परिवारों में मातम

## शटरिंग का काम करता था माखी थानांतर्गत कोरारी गांव निवासी युवक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


श्यामू।

- पति से अलगाव के बाद मायके में रह रही 52 वर्षीय महिला ने पीया जहरीला पदार्थ

**केस 02** रीता (52) पत्नी योगेंद्र 20 साल से पति से अलगाव के बाद अपने मायके बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ा बारा गांव में भाई अजय बाजपेई के साथ रहती थी। रविवार को किन्हीं कारणों से उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे बीघापुर के सरकारी अस्पताल ले गए। लेकिन हालत अधिक खराब होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर घर लौट गए।

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र के कोरारी गांव निवासी युवक ने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां इलाज शुरू होने पहले ही उसकी सांसे थम गई। वहीं बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ा गांव में मायके में रह रही 52 वर्षीय महिला ने कीटनाशक निगल लिया। 100 बेड अस्पताल से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन, वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट गए। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बेहाल रहे।

**केस-1 :** माखी थानाक्षेत्र के कोरारी गांव निवासी श्यामू (19) पुत्र बिरजन शटरिंग लगाने का काम करता था। रविवार को वह काम पर नहीं गया था। सुबह करीब 11 बजे उसने खेत के पास जाकर कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी और उल्टियां शुरू हो गईं। यह देख ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इस पर उसे दरोगा बाग के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी हालत और बिगड़ी तो परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां इमरजेंसी वार्ड में उसका इलाज शुरू किया जाता इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। चर्चा रही कि युवक का गांव की ही एक विवाहित महिला से प्रेम प्रसंग था। उसी से फोन पर बात करने के बाद उसने कीटनाशक निगलकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से एक कीटनाशक का पैकट भी मिला है। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। वह तीन भाईयों व दो बहनों में चौथे नंबर पर था। छोटे भाई राधे श्याम ने बताया कि एरा भदियार गांव निवासी उसके नाना जगन्नाथ की कल तेरहवीं थी। माता-पिता वहीं गए थे। पिता लौट आए लेकिन, मां कुसमा वहीं रुक गई। बेटे की मौत की खबर मिलते वह अस्पताल पहुंची और शव देख बेहाल हो गई। अस्पताल की ओर से माखी थाने को इसकी सूचना भेजी गई है।

## चोरी होने की बात पूछने पर पड़ोसी ने पीटा, दी तहरीर

**परियर।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ठकिया गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र रघुनाथ प्रसाद लोध ने परियर चौकी में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि बीते कुछ महीनो में उसके घर में तीन बार चोरी हुई। जिसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुरेंद्र ने बताया कि तीन दिन पहले बरामदा में खड़े ट्रैक्टर की बैटरी व मोबाइल फिर से चोरी हो गया। जिसकी जानकारी मोहल्ले में की तो इससे नाराज होकर मोहल्ले के मुकेश व संजय पुत्र नत्था लोध ने उसके बेऔ शिवा को मारा पीटा। जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। सुरेंद्र ने बताया कि उसने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। इस संबंध में परियर चौकी प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि मारपीट की घटना गलत है। इनकी रुपए लेनदेन को लेकर पुरानी रंजिश है।

## 125 प्रशिक्षु छात्र बने चिकित्सक


दीक्षांत समारोह के दौरान मौजूद चिकित्सक व स्टाफ। अमृत विचार

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

- जूनियर बैच के छात्रों ने दी विदाई, दीक्षांत की निभाई गई परंपरा

**अमृत विचार।** सरस्वती मेडिकल कालेज से चिकित्सा पाठ्यक्रम एमबीबीएस के बैच 2017 के प्रशिक्षु छात्रों ने चिकित्सक बनने की प्रक्रिया आज पूर्ण कर ली। अब यह सभी देश-विदेश में चिकित्सकीय सेवाएं दे सकेंगे। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डा. आरएन श्रीवास्तव व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. श्वेतांक अग्रवाल की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बैच सभी छात्र-छात्राएं दीक्षांत समारोह की पारंपरिक पोशाक में नजर आये। प्रधानाचार्य व मुख्य चिकित्साधीक्षक ने संस्थान से चिकित्सक बनकर अलग-अलग क्षेत्रों में जा रहे नवयुक्त चिकित्सकों को उनके दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद संस्थान के पदाधिकारियों ने नवयुक्त चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम संस्थान के एमबीबीएस बैच 2019 के जूनियर छात्रों द्वारा विदाई समारोह के रूप में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विपुल राव, राहुल यादव, आदित्य चौधरी, फरकंदा अनवर, मोहित सिंह, यश कराना, रोशनी प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के प्रयास से फिर साथ रहने को राजी हुए 27 विवादित जोड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


जोड़े को समझातीं परामर्शदाता। अमृत विचार

- परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्पडेस्क द्वारा दिया गया परामर्श

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व जिले के विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। वहां परामर्शदाताओं व महिला हेल्प डेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराये और वह एक दूसरे के साथ रहने को राजी हुए।

इसके बाद महिला थाने से 8, परिवार परामर्श केंद्र से 7, थाना औरास, हसनगंज, फतेहपुर चौरासी, बेहटा मुजावर व अचलगंज से 2-2, बांगरमऊ व कोतवाली सदर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, तबस्सुम नफीस, प्रभा यादव, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पांडेय, रामसनेही यादव, अबसार अली, डा. सगीर अहमद व सहयोगी शिवेंद्र सिंह चौहान व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा भागीरथी, मधु श्रीवास्तव, महिला हेड कान्सटेबल मिथिलेश कुमारी, कमलेश कुमारी आदि का विशेष योगदान रहा।

## आज से शुरू होगा 9 दिवसीय हनुमान महायज्ञ

**उन्नाव।** माखी गांव स्थित टीकादास आश्रम में विश्व कल्याण के लिए नौ दिवसीय श्री हनुमान महायज्ञ का आयोजन होना तय है। मंदिर के मुख्य संत बृजेशपुरी दास ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठानों का वेद मंत्रोच्चार के साथ आयोजन हो रहा है। जिसका शुभारंभ 10 जून को सुबह आठ बजे कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद मंगलवार को पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश सुबह नौ बजे होगा। बुधवार शाम तीन बजे से आरती मंथन व हवन होगा। 18 जून को पूर्णाहुति व भंडारे की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई है। महायज्ञ के अंतिम दिन दोपहर 12 बजे से विशेष कार्यक्रम शुरू होंगे। जो भक्तों के आने तक चलते रहेंगे। संत बृजेशपुरी दास ने भक्तों से अपील की है कि इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लें।

# नगर क्षेत्र के 11 परिषदीय विद्यालय शिक्षक विहीन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- शिक्षामित्र व अनुदेशकों की तैनाती कर किया जा रहा मानक पूरे होने का दावा
- नगर क्षेत्र में 8 प्राथमिक विद्यालय एकल संचालित हो रहे

**अमृत विचार।** सरकार और शासन परिषदीय विद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का लाख दावा किया जाए लेकिन, यहां जिला मुख्यालय (नगर क्षेत्र) के 11 विद्यालय जहां एक ही शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। वहीं इतने ही विद्यालयों में शिक्षक ही नहीं तैनात है। शिक्षक नेताओं ने इस मुद्दा बनाते हुए निर्धारित मानक के तहत शिक्षकों की तैनाती की मांग उठाई है।

नगर क्षेत्र में संचालित विद्यालयों में से आठ प्राथमिक विद्यालय एकल संचालित हो रहे हैं, जबकि एकल उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या तीन है। वहीं 10 प्राथमिक विद्यालयों सहित एक कंपोजिट विद्यालय में किसी शिक्षक को तैनात करने की जहमत नहीं उठाई गई है। इन विद्यालयों का संचालन शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की तैनाती के माध्यम से किया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ उच्च प्राथमिक के प्रांतीय नेता संजय कनौजिया के मुताबिक शहर के परिषदीय विद्यालयों की छात्र संख्या के मद्देनजर 125 शिक्षक तैनात किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि शनिवार को विभागीय निदेशक को फोन कर स्नातक एमएलसी अरुण पाठक ने मानक के मुताबिक शिक्षकों की तैनाती कराने को कहा है।

## सार-संक्षेप


जिला अस्पताल में मरीज को फल बांटतीं चेयरमैन। अमृत विचार

### मोदी के शपथ ग्रहण, अपने जन्मदिन पर चेयरमैन ने बांटे फल

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह व अपने जन्मदिन पर नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने अपने पति व प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू के साथ जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किये। इस दौरान उन्होंने सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि अस्पताल में मरीजों के बीच में जन्मदिन मनाकर व उनकी सेवा कर बेहद सुख की अनुभूति हुई है। आगे भी वे ऐसे ही अपना जन्मदिन मनाएंगी। इस दौरान अमित चौहान, मुकेश मिश्रा, सभासद प्रतिनिधि मनीष शुक्ला, थाना प्रधान प्रतिनिधि पिंटू चौहान, दोस्ती नगर प्रधान गौरव सेंगर, हर्ष तिवारी, अभिषेक दीक्षित, मुकेश मिश्रा, मनीष अग्रवाल, नमन यादव, शुभम तिवारी, दीपू मिश्रा, शीलू सिंह, विक्रम सिंह, धीरू सिंह, सिद्धार्थ द्विवेदी, दीपांकर मिश्रा व अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी


गौरी।

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के सरायं थोक निवासी विवाहिता ने फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। गांव के एक रिश्तेदार से मिली सूचना पर मायके पक्ष से लोग पहुंचे और बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस पहुंची और जांच के बाद सूचना एसडीएम को दी। नायब तहसीलदार ने पंचनामा भरा। दो डाक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने पति व ससुर को हिरासत में लिया है। रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर थाने पहुंच गए और हंगामा किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने का भरोसा दिया। तब जाकर परिजन शांत हुए। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र रजना खेड़ा निवासी प्रेमशंकर अवस्थी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी गौरी उर्फ तन्नू (22) की शादी माखी थानाक्षेत्र के सरायं थोक मोहल्ला निवासी प्रमोद मिश्रा के बेटे अखिल उर्फ सूरज से की थी। बताया कि उसने अपनी हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था। लेकिन बेटी के ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे और दो लाख रुपये और मांगते हुए बेटी को प्रताड़ित करते थे। यह बात बेटी ने कई बार मायके में बताई थी। लेकिन, थोड़े दिन में सब सही होने की दिलासा देकर बेटी को शांत करा दिया। सात माह पूर्व बेटी ने बेटे को जन्म दिया तो उन्हें लगा अब सब ठीक हो जायेगा। लेकिन ससुरालियों की प्रताड़ना बंद नहीं हुई। बीती सात जून को बेटे अविनाश के खाते से 20 हजार रुपये दामाद को ट्रांसफर कराए थे। आरोप लगाया कि शेष रकम न पहुंचाने पर शनिवार शाम पांच बजे बेटी को ससुरालियों ने उसे जमकर पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। देररात गांव निवासी एक रिश्तेदार से उन्हें इसकी जानकारी दी। तब वे बेटी की ससुराल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। शादी के तीन साल में ही विवाहिता की मौत होने की जानकारी पुलिस ने प्रशासनिक अफसरों को दी। हसनगंज तहसील के नायब तहसीलदार मनोज कुमार की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई हुई। इसके बाद पैनल में शामिल डा. पवन अग्रवाल व डा. शोएब ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने शव मायके पक्ष के लोगों को सौंप दिया। दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज परिजन शव लेकर माखी थाना पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में पति अखिल उर्फ सूरज, सास पंकज, ससुर व देवर शिवा के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पति व ससुर को हिरासत में लिया गया है।

### घर से निकली महिला लापता, सास ने दी तहरीर

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बैगांव निवासी शीलावती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 4 जून को उसकी बहू मीनू घर से मंगतखेड़ा खरीददारी करने की बात कह कर निकली थी। बहू के घर न लौटने पर खोजबीन हुई। लेकिन, उसका कहीं पता नहीं लगा। 8 जून को उसके लापता होने की शिकायत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज कर खोज की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से महिला गिरकर घायल, भर्ती

**औरास।** थानाक्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी ममता पत्नी राजकुमार रविवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने किसी के साथ बाइक से जा रही थी। तभी औरास-मोहान मार्ग पर पीछे से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें ममता बाइक से गिरकर घायल हो गई। उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले जाया गया। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### शराब पीने के लिये पैसे नहीं मिले तो अधेड़ ने निगला जहर, मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी अधेड़ ने शराब के लिए घर वालों द्वारा पैसे न देने पर जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथन खेड़ा के मजरा जनसार गांव निवासी रज्जन लाल पुत्र छंगा (48) ने रविवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे सीएचसी ले गए थे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी रामरती ने बताया कि उसका पति ईंट भट्ठे पर काम करने जाता था और शराब का लती था। रविवार को वह शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। लेकिन, घर मे पैसा न होने से उसे पैसे नहीं दिए गए। जिसके बाद वह भट्ठे पर भी गया लेकिन, वहां भी पैसा नहीं मिला। इसके बाद वह घर लौट आया और घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर जानकारी हुई तो उसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी मौत से पत्नी, बेटा मुकेश, मनीष व बेटी शिखा का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शव लेकर घर चले गए।

# राशन कार्डधारकों के हर यूनिट का होगा ई-केवाईसी

संवाददाता बिछिया उन्नाव

- ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगते ही आधार का होगा सत्यापन

**अमृत विचार।** राशन वितरण के दौरान गड़बड़ियों की शिकायतें मिलने के बाद खाद्य एवं रसद विभाग अलर्ट मोड पर है। जिसके तहत अंत्योदय अन्न योजना को अब कार्डधारक का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक यूनिट की आधार केवाईसी होगी। ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगते ही आधार का सत्यापन हो जाएगा। शासन से पात्र गृहस्थी योजना के तहत प्रत्येक यूनिट पर पांच किलो राशन तथा अंत्योदय योजना पर 35 किलो राशन प्रतिमाह दिया जाता है। जिले में कुल 603435 कार्डधारक हैं। इन कार्डधारकों के 2375793 सदस्यों को राशन का लाभ मिलता है। विभाग के पास लाभार्थियों के डाटावेस में सीडेड आधार नंबर का जो विवरण मौजूद है, वह वास्तव में मान्य है या नही। प्रत्येक यूनिट की करानी होगी आधार ई-केवाईसी ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगते ही आधार का सत्यापन हो जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी राजबहादुर सिंह ने बताया कि कार्डधारक परिवार का एक ही सदस्य हर माह डीलर की दुकान पर जाकर राशन ले आता है। जिससे ये पता नहीं चलता कि कार्ड में जितने यूनिट हैं वास्तव में सही हैं या नहीं। परिवार के मृतक सदस्य, विवाहित बेटियों व दूसरे जिलों में शिफ्ट हो चुके लोगों का मुफ्त राशन भी कार्डधारक लेते रहते हैं।

## सड़क पर गिरने से युवक की हुई मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवपुर ग्रांट गांव के कोरियाना निवासी मनोज (32) पुत्र मोहन लाल बीमार था। उसे मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे।

शनिवार देरशाम वह किसी काम से जा रहा था। तभी अचानक वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। सूचना पर परिजन उसे अचलगंज सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन इलाज शुरू होने से पहले उसकी मौत हो गई। डाक्टर के मेमो पर अचलगंज पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। उसकी मौत से पत्नी सविता व बेटी सौम्या (14) बेहाल रहीं। भाई अनिल ने बताया कि मनोज बीमार रहता था और इससे उसे दौरे भी आते थे।

# सड़क हादसों में 13 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली, सोहरामऊ व औरास थानाक्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 13 लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें नजदीक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से कई को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**केस 01** **गंजमुरादाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा गांव रोशनाबाद के सामने स्थित सई नदी में पुल का निर्माण हो रहा है। निर्माण में एक क्रेन काम कर रही है। रविवार को क्रेन के साथ गांव रोशनाबाद निवासी गोविंद (42) पुत्र प्रभू व शैलेंद्र (33) पुत्र बृजेंद्र सहित कई मजदूर काम कर रहे थे। तभी अचानक क्रेन का बूम टूट गया। जिससे क्रेन के पास काम कर रहे गोविंद और शैलेंद्र गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उन्हें बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**केस 02** **नवाबगंज।** सोहरामऊ थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर 10 नंबर गुमटी के पास एक तेज रफ्तार कार ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप पलट गया और उसमें सवार निर्भय पुत्र असर्फी लाल, राजकुमार पुत्र गणेश प्रसाद, बालेंद्र पुत्र रामबाबू, देशराज पुत्र रामदुलारे निवासी कन्हई खेड़ा अजगैन व सनी पुत्र अमरेश निवासी भगवंतपुर अजगैन गंभीर घायल हो गये। एम्बुलेंस से घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने निर्भय व राजकुमार को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोहरामऊ एसओ कमल किशोर दुबे ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को सीएचसी भेजा गया है। वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर थाने में खड़ा कराया गया है।

**केस 03** **औरास।** एटा जिला के थाना बिरैची निवासी राहुल डीसीएम में पार्सल का सामान लादकर गाजियाबाद से लखनऊ जा रहा था। तभी रविवार शाम एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के सबली खेड़ा गांव के पास झपकी लगने से डीसीएम डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें चालक राहुल व सवारियों में हरदोई के माधवगंज के कुथैरा गांव निवासी अखिलेश व संदीप व गोंडा के थाना इंद्रापुर निवासी संजय यादव घायल हो गए। जिन्हें यूपीडा एंबुलेंस से सीएचसी औरास में भर्ती कराया गया। जहां से चालक व अन्य घायलों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

**केस 04** **बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुवर खेड़ा निवासी मनोज पुत्र प्यारेलाल रविवार को ई-रिक्शा लेकर मुस्तफाबाद जा रहा था। तभी रास्ते में गांव नेवला पुर के सामने ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें मनोज गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसके अलावा दो अन्य सड़क हादसों में गांव मदार नगर निवासी श्रवण कुमार की पत्नी सीता और बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव खंभौली निवासी रामबली पुत्र जोद्धी भी गंभीर घायल हो गए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

**अव्यवस्था** औपचारिकता में सिमट रहा जेसीबी व पोकलैंड से नालों की सफाई का कार्य

# बारिश में और भयावह होगी शहर में जलभराव की समस्या

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


पीतांबरनगर नाले में ऊपर तक भरा प्लास्टिक कचरा। अमृत विचार


राष्ट्रीय राजमार्ग पर जल निकासी के लिए जमीन से एक फिट ऊपर पड़ा पाइप।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी जिला व नगर प्रशासन मानसूनी बारिश से पहले नालों की तल्लीझार सफाई नहीं करा सका है। जेसीबी व छोटी पोकलैंड से नाले साफ कराने का अभियान औपचारिकताओं में सिमट कर रह गया है। इसलिए बारिश शुरू होते ही नगरवासियों सड़कों सहित गलियों पर नाले-नालियों का पानी भरने की समस्या से जूझना पड़ेगा। हालांकि सेनेट्री इंस्पेक्टर रश्मि पुष्कर पहले की अपेक्षा अधिक बेहतर सफाई कराने का दावा कर रही हैं।

तत्कालीन डीएम के निर्देश पर पिछले वर्ष मानसून से पहले ही मशीनों से नालों की सफाई कराई गई थी। इसके साथ ही जरूरत के मुताबिक नाला सफाई में कुशल माने जाने वाले बिलासपुरी श्रमिक भी लगाए गए थे। इसके बावजूद शहर के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह जलभराव की समस्या बनी रही। इसी तरह पीतांबर नगर, तालिब सरांय, बंधूहार, पश्चिमखेड़ा, बंधूहार, लोकनगर, कलेक्टरगंज व गांधीनगर आदि मोहल्लों के बाशिंदों को जलभराव से जूझना पड़ता रहा। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की लोकसभा चुनाव में व्यस्तता बनी रही। वहीं नगर प्रशासन ने नालों की सफाई की प्रभावी योजना तैयार कर अमल की जरूरत नहीं समझी। हालांकि जेसीबी व छोटी पोकलैंड से नालों की सिल्ट निकलवाई गई है, लेकिन दोनों तरफ बने भवनों के बीच बड़े नालों की मशीनों से सफाई कराना संभव नहीं होता है। इसलिए नाला सफाई मद में लाखों रुपए खर्च दिखाने के बाद भी मानसूनी बारिश शुरू होने के साथ इस बार जलभराव की समस्या होना तय है।

### तालाबों में सिमट जाता था आबादी का पानी

दो दशक पूर्व तक शहर के दो दर्जन तालाबों में बारिश का पानी सिमटकर भरता था। इससे जलभराव का संकट बहुत गंभीर नहीं होता था, लेकिन ताल्लुकेदार परिवारों की पीढ़ियां निजी भूमि के पट्टे व बैनामे करती रहीं। इससे अधिकांश तालाबों जहां सिमट कर छोटे हो चुके हैं। वहीं कुछ का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। इसीलिए जलनिकासी की मुकम्मल व्यवस्था न होने से बस्तियों में बारिश का पानी भरा रहता है।

### एक फिट भरने के बाद होती है जलनिकासी

लखनऊ-कानपुर हाईवे का रायबरेली रेलवे ट्रैक पर बने फ्लाईओवर के नीचे जलनिकासी के लिए जमीन से करीब एक फिट ऊंचाई पर पाइल डाला गया है। इससे पीतांबरनगर, अनवारनगर व कृष्णनगर मोहल्लों में भारी जलभराव होता है। पीतांबरनगर में राजमार्ग की निकटवर्ती गलियों में कई-कई दिन बारिश का पानी भरा रहता है। समस्या से आजिज लोगों को जहां मकान बेचकर कहीं और बसने पर विचार करना पड़ रहा है।

### होने चाहिए विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास

शहर की जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पालिका परिषद, एनएचएआई, रेलवे, पीडब्ल्यूडी व यूडीए की संयुक्त टीम से सर्वे कराया जाना चाहिए। इसी के आधार पर संबंधित विभागों की सहमति से आवश्यकतानुसार रेलवे ट्रैक व राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलियों का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता है। इसके बजाए पालिका, यूएसडीए व पीडब्ल्यूडी नालों का निर्माण तो करा लेता है, लेकिन रेलवे ट्रैक पर ब्रिटिश शासन में बनी पुलियों के माध्यम से आगे नहीं बढ़ाया जा पाता है। इसी तरह शहर के अंदर से गुजरे वाली प्रमुख सड़कों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग की पुलिया भी अवरोधक साबित होती हैं।

## एक नजर

### युवक ने ससुराल में जहरीला पदार्थ खाया, हरदोई रेफर

**शाहाबाद, हरदोई।** रामनगर कॉलोनी में पत्नी से विवाद चलने के कारण पति ने ससुराल में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लाया गया। जहां से चिंताजनक हालत में मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। शाहजहांपुर जनपद के रोजा निवासी श्रवण कुमार (28) पुत्र रामखेलावन का रामनगर कॉलोनी निवासी युवती से एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। विवाह के बाद से दोनों में अनबन हो गई जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शनिवार को दोनों हरदोई न्यायालय में तारीख पर गए हुए थे। वापस आते समय श्रवण अपनी ससुराल आया यहां पर किसी बातचीत को लेकर पति-पत्नी और ससुराली जनों में विवाद हुआ जिससे नाराज होकर श्रवण ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने लगी तो पत्नी और सास श्रवण को सीएचसी लाये। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद श्रवण को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

### बकरीद को लेकर थाने पर हुई शांति समिति की बैठक

**पाली हरदोई, अमृत विचार।** पाली थाना परिसर में रविवार को नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कस्बा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में नायब तहसीलदार एजाज ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से बकरीद के पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद के दिन पुलिस बल तैनात किया जाएगा और पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्त भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी, ऐसे में कहीं भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना पुलिस प्रशासन को दें। पुलिस की सोशल मीडिया पर भी नजर रहेगी, कुछ भी आपत्तिजनक फॉरवर्ड करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है।

# सण्डीला से सिमटती जा रही बसपा, कभी था मजबूत गढ़

खालिद अय्यूबी, हरदोई


**अमृत विचार।** बीते ज़माने में सण्डीला को बसपा का सबसे मज़बूत गढ़ समझा जाता था। साल 1996, 2002 और 2017 में बसपा के टिकट पर जीत कर लखनऊ अब्दुल मन्नान को मायावती ने मंत्री और फिर काबीना मंत्री बनाया। तब कहा जाता था कि पूरब की सियासत अब्दुल मन्नान के इशारे पर चलती थी, लेकिन साल 2012 में अब्दुल मन्नान के हारने के बाद अभी तक वहां से बसपा की न सिर्फ हार हो रही है, बल्कि लोकसभा-2024 के चुनाव नतीजों पर गौर करें तो वहां से बसपा के वोटों का दायरा काफी तेज़ी से सिमटता हुआ नज़र आ रहा है।

सूबे की राजधानी से सटा हुआ सण्डीला लड्डुओं के शहर के नाम से मशहूर है। वहीं के नवाब इल्तिफात रसूल, नवाब ऐजाज़ रसूल और कुदेसिया बेग़म सण्डीला की सियासत में अलग पहचान रखते थे। वक्त के साथ उन सियासी हस्तियों का दौर बीत गया, उसके बाद बेहंदर के ब्लॉक प्रमुख बन कर सियासत की शुरुआत करने वाले अब्दुल मन्नान ने तेज़ी से अपनी पाली की शुरुआत की और बसपा के टिकट पर माननीय बने। मन्नान के रहते हुए सण्डीला में बसपा का किला काफी मज़बूत हो गया। तब वह दौर था जब अब्दुल मन्नान बसपा सुप्रीमों मायावती के काफी करीबी लोगों में गिने जाने लगे। उसी के चलते उन्हे पहले मंत्री और फिर काबीना मंत्री बनाया गया।

**लड्डुओं के शहर में पहले लाखों में था पार्टी का वोट बैंक**

लेकिन साल 2012 में हुए विधानसभा चुनाव में बसपा के अब्दुल मन्नान को भाजपा के कुंवर महावीर सिंह से हार का सामना करना पड़ा। उस चुनाव के बाद मन्नान ने बसपा के हाथी से उतर कर सपा की साइकिल पर सवार होते हुए साल 2017 के चुनाव में विधानसभा का सफर तय करने का फैसला लिया, लेकिन उस चुनाव में उन्हे भाजपा के राजकुमार अग्रवाल राजिया से दोबारा शिकस्त मिली। फिर उसके बाद उन्होंनें घरवापसी की और साल 2022 का चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा लेकिन उस चुनाव में उन्हें 64,627 वोट ही हासिल हुए,भाजपा की अलका अर्कवंशी 1,01730 वोट बटोर कर सण्डीला की विधायक बनी। उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव-2024 में सण्डीला में बसपा की हालत और पतली हो गई। जहां भाजपा के अशोक रावत को 99,721 और सपा की संगीता राजवंशी को 74,117 तो वहीं बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े पूर्व नौकरशाह बीआर अहिरवार को 15,332 वोट ही मिल सके। लगातार बसपा के कम होते वोट बैंक से माना जा रहा है कि ऐसा ही रहा तो धीरे-धीरे कर सण्डीला में बसपा का मज़बूत किला ढह जाएगा,लेकिन अगर वक्त रहते कोशिश की जाए तो उसे रोका भी जा सकता है और पहले से ज़्यादा मज़बूत भी किया जा सकता है।

## पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद के क्षेत्र में हार गई भाजपा



**संवाददाता, हरदोई अमृत विचार।** अब की बार 400 का नारा देने वाली भाजपा अपने राज्यसभा सदस्य रहे डा.अशोक बाजपेई के ही घर से हार गई। डा.बाजपेई का बूढ़ा गांव गोपामऊ विधानसभा में आता है। लोकसभा चुनाव में वहां बूथ संख्या-157 पर भाजपा सपा से 4 वोट से पीछे रह गई। भाजपा के हिस्से में जहां 257 वोट आए,वहीं सपा 261 वोट हासिल कर भाजपा के घर में ही उसे पछाड़ कर आगे निकल गई। भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिने जाने वाले डा.बाजपेई के गांव में उनकी पार्टी की हार लोगों में बहस का मुद्दा बनी हुई है।

# मानव तस्करी में जेल भेजा गया निजी अस्पताल का संचालक डॉ. तबरेज

## बच्चा बेचने का वीडियो वायरल होने पर हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली के मीरा स्थित फेमिली लाइफ केयर सेंटर के संचालक डॉ. तबरेज खान को मानव तस्करी के केस में जेल भेजा गया है। डॉक्टर खान का कुछ दिन पहले बच्चा बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच पड़ताल शुरू की। अस्पताल सील करने के साथ रविवार को आरोपी को जेल भेजा गया। इस मामले में प्रसव कराने वाली दाई और बच्चा खरीदने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

बता दें कि 7 जून को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में अस्पताल का



पुलिस गिरफ्त में डॉ. तबरेज खान।

**कार्रवाई**

**▸▸ प्रसव कराने वाली दाई और खरीदार की तलाश जारी**

संचालक डॉ. तबरेज खान हिंदू महिला का नवजात बच्चा एक मुस्लिम परिवार को बेचने की बात कर रहा था। यह भी कहते हुए सुना गया कि मेरे पास बच्चे के बहुत हिंदू खरीदार थे। ज्यादा पैसे भी दे रहे थे, लेकिन मैंने मुसलमान होने के नाते मुस्लिम भाई को बच्चा बेच दिया। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो स्वास्थ्य प्रशासन के हाथ पांव गये। स्वास्थ्य प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक और नोडल अधिकारी शुक्रवार की शाम 7 बजे ही फैमिली लाइफ हेल्थ केयर सेंटर पहुंच गए और डॉ. तबरेज खान के बयान दर्ज किए। डॉ. तबरेज खान ने बताया कि वीडियो उनका है लेकिन ऑडिट करके वायरल किया गया।

मामला गंभीर होने की वजह से पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने जांच शाहाबाद क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्र को सौंपी। डॉक्टर तबरेज को 7 जून की रात में ही हिरासत में ले लिया गया था। जांच पड़ताल के बाद अस्पताल सीज करने के साथ शाहाबाद कोतवाली में डॉ. तबरेज निवासी मोहल्ला मीरा बस्ती, रूबी पत्नी जुल्फिकार निवासी मोहल्ला महमंद और नवजात को खरीदने वाले गुड्डू उर्फ इकबाल सिद्दीकी निवासी मोहल्ला गिगियानी शाहाबाद के खिलाफ केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि अस्पताल संचालक डॉ. तबरेज खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष दो अभियुक्तों की तलाश की जा रही है, जिनकी भी जल्दी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



## हर रोज हादसों में हो रही मौतों से सबक नहीं ले रहे लोग

**अमृत विचार, हरदोई।** जिले में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता होगा जिस दिन कोई न कोई सड़क दुर्घटना में अपनी जान न गंवाता होगा। सड़क हादसों में न जाने कितने लोग असमय मौत के शिकार हो रहे हैं साथ ही लोग गंभीर रूप से घायल रहे हैं। जिससे न केवल घायल को शारीरिक कष्ट और नुकसान होता बल्कि परिवार के लोग भी तबाह होते हैं। हादसों को रोकने के लिए समय-समय पर प्रशासन की ओर से यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं लेकिन लोग हैं कि सचेत नहीं हो रहे। हरदोई में बीते शनिवार को एक दोपहिया वाहन पर बच्चा सहित चार लोग सवार होकर जाते दिखाई दिए। बाइक चालक ने छोटे से बच्चे को भी बाइक की पेट्रोल की टंकी पर बैठाकर निश्चिंत होकर गंतव्य की ओर जाते हुए दिखा। इस पर भी बाइक चालक हेलमेट भी नहीं लगा रखा था। इतनी बेपरवाही से जा रहे बाइक चालक को कहीं भी सिविल या यातायात पुलिस ने भी उसे रोकना मुनासिफ नहीं समझा।

# बीएड प्रवेश परीक्षा संपन्न, 231 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर कराई गई जिसमें 231 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया जिले में कुल 1549 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी। परिक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद केन्द्र के अन्दर प्रवेश दिया गया।

परिक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित फोटो से आधार व चेहरा मिलाने के बाद ही उन्हे परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। परीक्षा के दौरान केन्द्रों के आस पास फोटो कॉपी की दुकाने बंद रही। सचल दल व जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। खुफिया पुलिया भी अलर्ट रही। शांतिपूर्ण परीक्षा निपट जाने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिले के आरआर इंटर कॉलेज, सीएसएन महाविद्यालय, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएड की प्रवेश परीक्षा रविवार को सम्पन्न कराई गई। जिले में 1549 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेना था लेकिन प्रथम पाली में 227 व द्वितीय पाली में 231 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए थे कि कहीं पर जाम लगने की समस्या न हो, जिससे कि परीक्षार्थी निर्बाध रूप से अपने परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंच सकें।



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट

परीक्षा नकल विहीन व शान्तिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। किसी भी परीक्षार्थी को बिना तलाशी के अंदर नहीं जाने दिया गया। परीक्षा की सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई। सभी इलेक्ट्रानिक डिवाइस प्रतिबंधित रहे। शासन की मंशा अनुरूप नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### गर्मी से राहत के भी किए गए इंतजाम

परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा गया। भीषण गर्मी के चलते पेयजल व पंखों की व्यवस्था की गई। मेडिकल टीम को भी अलर्ट दिखी ताकि किसी परीक्षार्थी को अचानक चिकित्सा सहायता की जरूरत हो तो तुरंत उपलब्ध कराई जा सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कोई असुविधा हो इसके लिए यातायात की व्यवस्था दुरुस्त रखी गई।

## फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**अमृत विचार, हरदोई।** पति के साथ घरेलू बात पर हुई कहासुनी के चलते पति ने कमरा बंद कर फांसी लगा कर आत्महत्या करनी चाही,लेकिन उसी बीच उसका पति पहुंच गया और दरवाज़ा तोड़ कर उसे बाहर निकाल कर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। बेहटा गोकुल थाने के कनेउरा निवासी रुबील की 25 वर्षीय पत्नी रुचि ने रविवार को घर का कमरा बंद कर दुपट्टे से फांसी लगा ली,लेकिन उसी बीच रुबील वहां पहुंचा और इसका पता होते ही दरवाज़ा तोड़ कर रुचि को बाहर निकाल कर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। रुबील और रुचि की दो महीनें पहले ही शादी हुई थी। फिलहाल दोनों के घर वाले कुछ और बताने से इंकार कर रहें है।

## सार-संक्षेप

### दामाद ने मौसेरे भाई के साथ मिलकर सास को पीटा

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढ़ाथा में दामाद द्वारा अपने मौसेरे भाई के साथ मिलकर मामूली विवाद में घर आई सास को पीटकर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। जनपद शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी के ग्राम बादशाह नगर निवासी माया देवी पत्नी राम पाल ने बताया उसने अपनी बेटी का विवाह कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ाथा निवासी गौरव पुत्र रतीराम के साथ किया था।वह बेटी की ससुराल गई थी।वहां पर दामाद गौरव से किसी बात को लेकर बहस होने लगी। इसी बात पर दामाद ने अपने मौसेरे भाई विपिन के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया। मना करने पर विपक्षियों ने उसे डंडे से मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घाट पर पड़ा देखा गया शव,जांच में जुटी फोरेंसिक टीम



**अमृत विचार, हरियावां, हरदोई।** सुबह-सुबह रहुला घाट दाने बाबा स्थान के पास शव पड़ा मिला। इसका पता होते ही पुलिस और उसके बाद फोरेंसिक टीम वहां जांच करने पहुंच गई। उसके कुछ ही देर बाद शव की शिनाख्त हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। रविवार की सुबह हरियावां थाने के मदरावां के पास दाने बाबा स्थान के पास रहुला घाट पर युवक का शव पड़ा था। सूचना पर पहुंचे एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज के अलावा फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू पड़ताल शुरू की। शव की शिनाख्त 45 वर्षीय महेन्द्र पुत्र धन्या सिंह निवासी मदरावां थाना हरियावां के रूप में की गई है। पता होते ही महेन्द्र के घर वाले भी पहुंच गए। महेन्द्र के चार बेटे और तीन बेटियां हैं। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।



गंदगी व झाड़ियों से बंद पड़ा नाला। अमृत विचार

### बरसात आने से पहले हो जाएगी नाला सफाई : ईओ

**अमृत विचार, संडीला, हरदोई।** प्रदेश सरकार ने सभी नगर निकायों को बरसात से पहले समस्त नाला सफाई को लेकर सख्त निर्देश दिए है। परंतु नगर पालिका परिषद संडीला ने अभी तक नाला सफाई को लेकर केवल टेंडर की कार्रवाही की गई है। पिछले साल बरसात से पहले नाला सफाई का कार्य हुआ था लेकिन खाना पूर्ति ही की गई थी। जिससे नगर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी (ईओ) विजेता गुप्ता ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप नाला सफाई की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल्द से जल्द बरसात से पूर्व नाला सफाई का कार्य खत्म कर दिया जाएगा।

### बुद्ध कथा के दौरान मारपीट में नौ लोगों पर केस दर्ज

अमृत विचार, हरदोई। शाहपुर मुग़ल में बुद्ध कथा के दौरान वहां पहुंचे दबंगों ने जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए दलितो की न सिर्फ दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई की,बल्कि तोड़फोड़ करते हुए बवाल ही काटा और गौतम बुद्ध और डा .अम्बेडकर की फोटो फाड़ कर फेंक दी। इस मामले में दी गई तहरीर के मुताबिक एसपी-एसटी एक्ट के तहत 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताते चले कि टड़ियावां थाने के शाहपुर मुग़ल मजरा सैंचामऊ में बुद्ध कथा का आयोजन किया गया था। शनिवार को कथा शुरु होने से पहले वहां पहुंचे लोगों ने पहले तो जाति सूचक गाली-गलौज की और फिर तमंचे की बेटों से हमला कर दलितो को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, साथ ही तोड़फोड़ करते हुए गौतम बुद्ध और डा .अम्बेडकर की फोटो फाड़ कर फेंकी। पुलिस ने इस मामले में नन्हे लाल की तहरीर पर शाहपुर मुग़ल निवासी नरेश तिवारी,आकाश, तेजस्वी,यशस्वी,तुषार,आशीष,अभिषेक शुक्ला, राम प्रसाद और रंजीत सिंह के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत धारा 34/504/506/427 में केस दर्ज किया गया है।

### सीओ हरियावां ने शुरू की जांच

शाहपुर मुग़ल में बुद्ध कथा के दौरान हुई पिटाई और बवाल का केस दर्ज होने के बाद सीओ हरियावां को मामले की जांच सौंपी गई है। सीओ ने नन्हे लाल की तहरीर में दिए गए बिंदुओ पर बारीकी से छानबीन करनी शुरु कर दी है।



लखनऊ-हरदोई मार्ग पर पीएनसी के कार्य शुरू करने के साथ ही प्रतिदिन राहगीरों को जाम से जूझना पड़ रहा है। एनएचआई 71 पर कार्य की गति धीमी होने के कारण अभी तक ओवर ब्रिज एवं सर्विस लाइन नहीं बन पाई है। इसी के चलते रविवार को बेगमगंज से लेकर बस अड्डे के आगे कई घंटे तक जाम लगा रहा। **संडीला, अमृत विचार**

# भाजपा नेताओं ने देखा शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते हुए दर्जनों लोगों के भाजपा कार्यालय में सजीव प्रसारण के दौरान देखा। इस मौके पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

पार्टी कार्यालय पर लाइव प्रसारण में दर्जनो लोगों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देखा। कार्यालय के सभागार में लगाए गए बड़े टीवी स्क्रीन पर लोगों ने शपथ ग्रहण को देखकर खुदको को कार्यक्रम का साक्षी बनाया। कार्यालय पर सजीव प्रसारण देखने के लिए लोग दोपहर बाद से ही इकट्ठा होने लगे थे। इस दौरान भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुँह मीठा कर खुशी जताई। बताते चलें जिले में लोकसभा की दोनों सीटें भाजपा से जीती है। लोगों की उम्मीद थी कि शायद इस बार हरदोई लोकसभा से जीते जयप्रकाश को भी केंद्रीय मंत्रिमण्डल में भी जगह मिले।



पालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा को मिठाई खिलाते अशोक आजाद।

**लापरवाही** अधिशासी अधिकारी और स्थानीय सभासद के खिलाफ लोगों में रोष, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

# सैय्यदवाड़ा की बस्ती में पहुंचने का रास्ता है कीचड़ भरा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** सैय्यदवाड़ा की दलित बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर नालियों की पर्याप्त सफाई न हो पाने की वजह से कीचड़ युक्त गंदा पानी भरा है। इसी गंदे पानी से गुजर कर लोग घरों और दुकानों तक पहुंच रहे हैं, जिससे यहां के वाशिंदों में अधिशासी अधिकारी के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

नगर पालिका के सैय्यदवाड़ा वार्ड में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और सभासद की लापरवाही के चलते गंदगी व्याप्त है। पावर हाउस से दलित बस्ती सैय्यदवाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर सामान्य दिनों में भी जलभराव और गंदगी का अंबार रहता है। बारिश के दिनों में तो स्थिति और विकराल हो जाती है। नालियों की पर्याप्त सफाई न होने की वजह से कूड़ा कचरा फंस जाता है, जिससे पानी का निकास बंद हो जाता है और कीचड़युक्त गंदा काला पानी सड़कों पर बह निकलता है। इस मार्ग से बजरिया, नई बस्ती, जोगीपुर नौसारा, बाजार संभा, सैयद वाडा के लोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरते हैं। कीचड़युक्त पानी सड़क पर बहने के कारण मकान के चबूतरो से दीवारें पकड़कर निकलते हैं। आरोप है कि शिकायतों के बाद भी नगर पालिका के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश प्रति वर्ष लाखों रुपया पानी की तरह बहा रहे हैं। लेकिन आलम यह है कि सैय्यद वाड़ा की दलित बस्ती की ओर जाने वाले इस मार्ग पर कीचड़युक्त गंदा पानी भरा हुआ है। अधिशासी अधिकारी और क्षेत्रीय सभासद को कोसते हुए गुजरने को मजबूर हैं। तीन-तीन दिन तक इस मार्ग पर कीचड़ युक्त गंदा पानी भरा रहता है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका में सप्ताह में मात्र दो बार ही दर्शन देते हैं। लेकिन कागजों में सप्ताह भर ऑन ड्यूटी रहते हैं।



सैय्यदवाड़ा की दलित बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर कीचड़ युक्त पानी। अमृत विचार

### सफाई निरीक्षक बोले

सफाई निरीक्षक दीपक कुमार का कहना है नालियों पर मोहल्ला वासियों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे नालियों की पर्याप्त सफाई न हो पाने की वजह से कूड़ा कचरा फंस जाता है और पानी सड़कों पर निकल आता है फिर भी नगर पालिका द्वारा लगातार सफाई की जा रही है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार, हरदोई।** बरवा सरसंड के पास एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा गया। रविवार की सुबह इसका पता होते ही वहां पहुंची बघौली पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी। खबर लिखे जाने पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बताया गया है कि रविवार की सुबह बघौली पुलिस को पता चला कि बरवा सरसंड और बालामऊ जंक्शन के बीच रेलवे ट्रैक पर लगभग 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। युवक ने सफेद फूलदार टी-शर्ट और जींस पहन रखी थी। उसके सिर में गहरी चोंट मिलने से माना जा रहा है कि युवक किसी ट्रेन पर सवार था और उसी पर से वह नीचे गिर पड़ा। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने इश्तिहार जारी कर शव की शिनाख्त की कोशिश में जुटी है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शपथ ग्रहण में विदेशी अतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं का शामिल होना चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधी पड़ोसियों को कड़ा संदेश दे गया। शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए नेताओं की यात्रा, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। समारोह में श्रीलंका, मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। उधर भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान को शपथ ग्रहण में न बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति की ओर इशारा करता है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध विवादास्पद मुद्दों से ग्रस्त रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद चिंता का एक प्रमुख विषय है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारतीय महासागर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट को आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है और तेजी से नौसैनिक ठिकानों और बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। अपनी इस नीति के जरिए चीन पड़ोसी देशों पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

गौरतलब है पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना भारत की विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने में भारत के रणनीतिक हितों की पूर्ति करता है। समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रभावी सहयोग आवश्यक है। साथ ही मिशन 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक पहल है। इसे 2015 में शुरु किया गया था। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है। इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में समावेशी, सहयोगी तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। चीन के साथ संबंधों को देखते हुए नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी चीन के स्वच्छंद कारनामों पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे। साफ है कि नरेंद्र मोदी इस कार्यकाल में भी चीन को रोकने की दिशा में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करेंगे।

# महामारी जैसी है कोल्ड ड्रिंक्स की बढ़ती खपत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है।

गर्मी के मौसम में नॉन-अल्कोहलिक, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या सॉफ्ट-ड्रिंक्स की मांग बढ़ती है जो अकसर मिठास वाली होती हैं। इनमें से कुछेक फ्रूट जूस या फ्रूट कन्सेंट्रेट के इस्तेमाल से बनाई गई हैं, ऐसा बताया जाता है। फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (ऍफ़एसएसएआई) की सील सब पर लगी होगी। एक ग्रीन 'डॉट' भी यूनिट लेबल पर छपी होगी। ये ठंडी भी होंगी क्योंकि गर्म पेय तो कोई नहीं पीएगा। शरीर की पाचन प्रणाली और सेहत पर समग्र रूप इसका खराब से लेकर घातक असर तक होने के साक्ष्य अनुसंधान करके वैज्ञानिकों ने जुटाए हैं। ये बातें अगर मैन्युफैक्चरर लेबल लिख दे तो सॉफ्ट-ड्रिंक का एक भी टेट्रा-पैक या बोतल नहीं बिकेगी। लेकिन हमदर्द ने रूह-अफज़ा को जिन जड़ी-बूटियों के सत से रस बनाकर तैयार किया था वह बिलकुल सुरक्षित पाई गईं। बाज़ार से कोल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स खरीदना स्वभावानुसार आसान है, बशर्ते जेब में पैसा हो। ग्रीष्म ऋतु में नींबू और बेल फल का रस निकालकर पीने में तो मेहनत और समय लगता है, इसलिए लोग तुरत कुछ ठंढा पीकर, ठंढा अहसास पाना चाहते हैं। इस बात से बेखबर रहना चाहते हैं कुछ भी, कितना भी ठंढा शरीर में पहुंचे शरीर पहले इसे बॉडी टेम्परेचर अर्थात 33 डिग्री सेल्सियस पर लेकर आता है और फिर इसे पचाने में लग जाता है। इस कारण से शरीर के पीनियल ग्लैंड अथवा 'तापमान रेगुलेटर' पर दबाव बढ़ता है और यह कार्य ग्लैंड द्वारा नर्वस सिस्टम के जरिये से और रक्त संचार की मात्रा और गति को बढ़ाकर किया जाता है। इससे बॉडी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और शरीर को ठंढा रखने के चक्कर में हमारा शरीर चुस्त होने की अपेक्षा निढाल ही होता है। नींबू पानी, बेलफल रस और दही की लस्सी (प्रो-बायोटिक्स) शरीर को न केवल न्यूट्रीएंट्स देते हैं बल्कि वास्तव में ही बॉडी टेम्परेचर को मैंटेन करके रखते हैं।

गर्मियों में इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स की अत्याधिक मात्रा हमारे पेट तक पहुंचती है। इन ड्रिंक्स में प्रीज़रवेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि शेल्फ-लाइफ बढ़ाई जा सके। इनमें पेयों में मौजूद सिंथेटिक और रिफाइंड शुगर की वजह से बहुत से लोगों के 'गाल ब्लैडर' में स्टोन या पथरी होने की संभावना बनती है, कोल्ड ड्रिंक्स

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है।

की खपत एक महामारी जैसी है और कमर्शियल जगत में इसे फास्ट ग्रोइंग कज्यूमर गुड्स के दायरे में माना गया है। आश्चर्य होता है कि सन 2023 के साल में भारत में 6.94 बिलियन लीटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज की खपत हुई और इस साल की प्रोजेक्शन्स 7.21 बिलियन लीटर है। एक लीटर की कीमत अगर औसतन रु. 50 है तो भी यह फिगर सन 2023 के लिए रु. 347 बिलियन अर्थात 35 अरब भारतीय रुपये के बराबर बैठती है। इस साल तो यह 38 अरब रुपये के बराबर होने की उम्मीद है। यह भ्रम पालना छोड़ दिया जाना चाहिए कि चिल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने से शरीर में ठंडक का संचार होगा, बल्कि इसे पी लेने के बाद इसमें मौजूद मिठास और पेय के गाढ़ेपन के कारण नार्मल वाटर पीने की जरूरत पड़ सकती है ताकि जो पीया है उसे 'डायल्यूट' किया जा सके। इसके लिए ग्राहक एक बोतल बंद ठंढा पानी खरीद कर पीएगा। सॉफ्ट ड्रिंक्स के गाढ़ेपन और मिठास को डाल्युट करने के लिए ही अतिरिक्त पानी की जरूरत होती है। यह एक दुष्चक्र है जिससे छुटकारा पाने की तुरत जरूरत है।

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है। दिखाने के लिए जरूर कुछ ड्राई फ्रूट्स के कुतरे हुए बीज या फिर कद्दू के मुरब्बे को सतह पर चिपका दिया जाता है।

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है। कुछ पदार्थ ऐसे हैं जो सिर्फ एक व्यसन या एडिक्शन पैदा करने में समर्थ हैं जैसेकि पेय में मिलाई गई 'कैफीन'। कैफीन में ऐसा क्या है जो शीतल पेय के प्रति लत पैदा करता है? इसका न्यूरो-केमिकल मैकेनिज्म ऐसा है कि मनुष्य-मस्तिष्क में न्यूरोन्स पर एक खास तरह के संवेद ग्राही मौजूद होते हैं जो कैफीन के अणुओं के संपर्क में आकर स्टिमुलेट होते हैं और एक खास रस या रसायन का स्राव करके रक्तवाहिकाओं में प्रवाहित करते हैं। इससे नर्वस सिस्टम के बाकी अणु भी रिसेप्टर्स से जुड़ कर स्टिमुलेट होते हैं या 'झूमने' लगते हैं। जब तक ब्लड स्ट्रीम में इस 'रस' की मात्रा का एक निश्चित स्तर मौजूद रहता है आदमी को 'वेल-बीइंग' अर्थात आनंद की अनुभूति बनी रहती है। इसका लेवल डाउन होते ही मनुष्य के अन्दर फिर से उसी कोल्ड ड्रिंक को पीने की प्रबल इच्छा जाग्रत होती है जिसमें कैफीन मिली होती है। 'क्यूरियस' जर्नल के सन 2018 के अंक 10(6) में प्रकाशित एक समीक्षात्मक अध्ययन और इसके अंत में उल्लिखित 24 संदर्भ अध्ययनों में से चंद स्टडीज सिर्फ चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि गंभीर परिणाम बताने वाली और बेहद चिंताजनक हैं। खासतौर से उन माता-पिता के लिए जिनके कमसिन वय के और किशोर बच्चों को सोडा ड्रिंक्स और कैफीन मिश्रित शीतल पेय लेने की लत लग चुकी है। बच्चों को एनर्जी के लिए जितनी शुगर की रोजाना जरूरत पड़ती है उसका 30 प्रतिशत तो वे शीतल पेय में मिली हुई शुगर से ही ले रहे हैं। इंग्लैंड का उदाहरण लें तो नेशनल डाइट एंड न्यूट्रीशन सर्वे (2008-12) के आंकड़ों से मालूम होता है कि उधर के बच्चे जो शीतल पेय ले रहे हैं इनमें अनेक में सोडियम बेंजोएट मिला हुआ पाया गया। यह बेन्ज़िक एसिड का सोडियम तत्व है जिसे फ़ूड संरक्षक के बतौर शीतल पेय निर्माता इंडस्ट्री इस्तेमाल करती है। इसे तरल दवाओं और सूखे खाद्य पदार्थों में भी शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए मिलाया जाता है। लेबल पर लिखा भी हो या न भी लिखा हो, लेकिन आमजन को इससे क्या? इन्हें तो स्वाद चाहिए और 'न्यूरो-स्टीमुलेटरी' आनंद! संघ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले रेगुलेटर फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने साल 2024 के ही मार्च महीने में फाइल नंबर आरसीडी-15001/12/2023-रेगुलेटरी-ऍफ़एसएसएआई-पार्ट (1)(ई-10434) के अंतर्गत हीथ और एनर्जी ड्रिंक्स के मामले में उद्योग और रिटेलर्स द्वारा पालन करने के लिए मीमो जारी किया था लेकिन न तो व्यापारी और न ही फ़ूड सेफ्टी इंस्पेक्टर्स को इससे कोई लेना-देना है। अर्थात घोर लापरवाही है। सोडियम बेंजोएट की सुरक्षित से अधिक मात्रा शरीर में प्रवेश करती है तो सूजन, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, भूख न लगना, ओक्सिडेटिव स्ट्रेस और एलर्जी तक हो सकती है। ओक्सिडेटिव स्ट्रेस खतरनाक होता हो सकता है और इस अवस्था में शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' की बहुतायत हो जाती है। साथ में इन्हें निरस्त करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स अत्यधिक कम हो जाते हैं। शरीर द्वारा चयापचयी प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। भारत का फ़ूड रेगुलेटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज में जिन रसायनों को मिलाने की इज़ाज़त देता है उन सभी का मात्रा तय की गयी है। सोडियम बेंजोएट के लिए यह मात्रा 300 पीपीएम निर्धारित है अर्थात 10 लाख डेसीलिटर में सिर्फ 300 ग्राम 0.03 प्रतिशत है और एक लिटर की बोतल में यह 0.003 प्रतिशत रहेगी। यह एक जटिल मामला है जिसकी बायो-केमिस्ट्री और बायो लॉजिकल प्रक्रियाओं को समझे बिना ही हम शीतल पेय पिए जा रहे हैं और ऐसी व्याधियों से दो-चार होते हैं जिन्हें सिर्फ न्यूट्रीशन बायोकेमिस्ट/वैज्ञानिक ही समझ पाता है, आम डॉक्टर नहीं। इसलिए पीड़ित व्यक्ति के ओइए आम अस्पताल में इनकी टॉक्सिसिटी हटाने और इलाज की कोई सोच नहीं होती। शीतल पेय में मिलाए गए आर्टिफीसियल स्वीटनर एस्पार्टेम के कारण 'इंसिडेंट स्ट्रोक', अनिद्रा न्यूरोटॉक्सिसिटी, और 'डेमेंशिया' हो सकता है लेकिन इससे आगे तो सिर्फ मृत्यु है।

## प्रसंगवश

# एक थप्पड़ की संविधान व्यथा

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा।

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा की टिकट पर निर्वाचित कंगना रानावत के गाल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कांस्टेबल कुलविन्दर द्वारा कथित रूप से मारे गए थप्पड़ से बखेड़ा खड़ा तो हो गया है। घटना की यादों पर पपड़ी पड़ जाएगी और उसे भुला भी दिया जाएगा। लेकिन इस थप्पड़ ने जनविमर्श तलाश करने के लिए मुझ जैसे लोगों को कुरेद दिया है।

संविधान की आत्मा भाग तीन में है। वहां मूल अधिकार में, बोलने की, यूनियन बनाने, आने जाने, रोजगार की तरह-तरह की आज़ादियों का ऐलान है। हाथ के हाथ उन पर लगे प्रतिबंधों का ब्यौरा भी है। सवाल यह है कि यदि नागरिकों के साथ सियासी या प्रशासनिक जुल्म हो रहा है। तो क्यों कंगना रानावत जैसे और लोगों के द्वारा भी भारतीय किसानों के सबसे बड़े आंदोलन में उनके परिवारों की महिलाओं के शरीक होने पर फब्तियां कसी जाएं कि 100-100 रुपए लेकर ये औरतें वहां बिठाई गई हैं।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

तो उसका प्रतिरोध किस तरह हो? ऐसे हर मुद्दे में गोडसे और सावरकर को नहीं, गांधी को ही खींचकर लाया जाता है। गांधी ने कहा था अहिंसा कायरों का धर्म नहीं है। वीर हृदय की प्राण वायु है। अंतिम सीमा तक अटल रहो लेकिन अगर कोई तुम्हारी मां, बहन, पत्नी या अन्य किसी का शील हरण करने की कोशिश करे तो समझाओ। प्रतिरोध करो फिर बताएं आगे क्या कहा था?

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा। मैं कतई हिंसा के पक्ष में नहीं हूं। हालांकि उन्मादित होकर एक थप्पड़ मारने को मैं हिंसा नहीं, आक्रोश मानता हूं। कानून भी उसे यही मान सकता है। ऐसे अपराधी को तो चेतावनी देकर भी छोड़ा जा सकता है। बिना चूं चपड़ के भी कुलविन्दर का खेद रिकार्ड कर मामला समाप्त कर सकता है। उसकी सेवा शर्तों के तहत मामूली कार्यवाई हो सकती है। लेकिन यह जनविमर्श नहीं है। संविधान में खुद गांधी के सिद्धान्तों की परीक्षा ज़रूरी है। सिविल नाफरमानी, निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह की गांधी की परिभाषाएं भी उनके साथ चली गईं। क्योंकि तब तक अंगरेज़ भी चला गया था। संविधान निर्मित आज़ाद भारत में सिविल नाफरमानी की नपुंसक परिभाषा नहीं हो सकती। डीजीपी साहब के जूतों पर अर्दली पालिश करे। उनके कुत्तों की सेवा करे। मेम साहब की डांट खाए। छुट्टी के दिन भी काम करे। अगर प्रतिरोध करे तो झूठे आधारों पर उसकी नौकरी ले ली जाए। भारत में निचली सरकारी सेवाओं का तितिम्मा बुनना अंगरेज़ी न्याय कुल की जूठन नहीं हो सकती। अगर कुलविन्दर ने छुट्टी ली होती और थप्पड़ मारती या सड़क या बाज़ार में ऐसी घटना होती। तब कानून की पैनी नज़र से अपराधों की नस्लें तक अलग हो जातीं। सवाल है कि भारत के नागरिकों की आत्मा का कोई आसमान है भी कि नहीं। जिस देश का सबसे बड़ा लोकसेवक हेट स्पीच का उत्पादन करता रहे। हेट स्पीच के उत्तेजक सम्मेलन हों। सुप्रीम कोर्ट समझाइश की नस्ल की नसीहत दे। लेकिन हो कुछ नहीं। तब नागरिक आजादी कहां है? याद रहे निर्वीर्य कुंठा दैहिक प्रतिरोध के मुकाबले नपुंसक होती है। मैं फिर कहता हूं। कतई हिंसा का समर्थन नहीं करता। ऐसा भी हुआ है हज़ारों बार कि किसी बड़े सरकारी अधिकारी पर सरकारी कर्मी द्वारा हमला किया गया हो। जूता फेंककर या थूकने की कोशिश की गई हो। लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की हो। सुरक्षा कक्ष में कंगना के साथ बदसलूकी भी हुई और वे इसका बखेड़ा नहीं खड़ा करतीं तो बात तो आई गई हो जाती। लेकिन वे चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने मामले को तूल दिया कि मुझे पंजाब में पनप रहे उग्रवाद और आतंकवाद की इस कारण चिंता हो रही है। एक थप्पड़ से आतंकवाद का अद्भुत रिश्ता कायम किया गया? उसका शिकार देश की सबसे बड़ी नेता और बाद में उसका बेटा भी तो हुए थे। इस घटना से राजनीतिक उत्कर्ष और करीअर हासिल करने की कोशिश हो? तो उससे तो एक थप्पड़ की हिंसा ही बेहतर है।

# जनता ने अपने विवेक से विपक्ष की भूमिका अदा की



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस–मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है।

अठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि केंद्रीय सत्ता के मुकाबले कोई संगठित विपक्ष नहीं था बल्कि जनता ने अपने विवेक से सत्ता के मुकाबले विपक्ष की भूमिका अदा की है। एक ओर राजनितिक परिस्थितियों का यथार्थ और दूसरी ओर जनता का निर्णयात्मक व्यवहार, इन दोनों के बीच द्वंद्वात्मक संबंध दिखाई देता है। धार्मिक भावनाओं को इस्तेमाल करके नफ़रत के बीज बोना और सांप्रदायिक मानसिकता का राजनीतिक इस्तेमाल करना सबसे सफल गुजरात में रहा जिसे 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' कहा गया। अगर संकेतों को समझा जाए तो ये जनादेश उन स्वयंभू भगवानों को रास्ता दिखाते हैं, वे चाहे सत्ता में बैठे हों या मठों या आश्रमों में।

बंगाल में जनता ने ममता के कुशासन से असंतोष जताया है तो मोदी के सुशासन को भी नहीं अपनाया है। केरल में माकपा को यह सीख दी है कि सत्ता के लिए संगठन में गुटबाजी का असर हानिकर होता है। यही कारण है कि अच्युतानंदन की लोकप्रियता को विजयन नहीं पा सके। इसी प्रकार, जहां जो राजनितिक विकल्प मिला, लोगों ने उसे चुना। अपवाद हो सकते हैं। जनतंत्र में असली भाग्य-विधाता जनता है, यह चुनाव भली-भांति स्पष्ट करता है। सबसे दिशाबोधक हिंदी प्रदेश है जिसे विशेषज्ञ और ज्ञानी गोबरपट्टी कहते हैं और राजनीतिज्ञ धर्म के अफीम की प्रयोगशाला समझते है। जिस उत्तर प्रदेश पर सबके दांव लगे थे उसने अयोध्या की सफलता और मथुरा-काशी की योजना द्वारा जीवन के वास्तविक सवालों की अवहेलना करने वाली राजनीति को शिक्षा दी है, अगर वे ग्रहण करने की योग्यता रखते हों।

उत्तर प्रदेश में छह केंद्रीय मंत्रियों का चुनाव हार जाना और कर्णाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना की शर्मनाक पराजय इस बात के द्योतक हैं कि धर्म का सहारा लेकर व्यभिचार का जाल फैलाने वाले आसाराम-रामरहीम से लेकर राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके स्त्रियों की अस्मिता को छिन्न-भिन्न करने वालों या उनके संरक्षकों को जनता ठुकरा रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि भारत की अशिक्षित-दरिद्र जनता का विवेक कितना मूल्यवान है। उसके निर्णय में असंगतियां ऐतिहासिक कारणों से हैं।

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है। दक्षिणपंथी राजनीति और वामपंथी राजनीति के अतिवाद का समाधान जनता बाकी 'मध्यमार्गी' दलों में नहीं देखती। इसके पीछे दो ठोस कारण हैं। एक, जातिवाद और नरम सांप्रदायिकता का उपयोग करते हुए भी कांग्रेस न पूर्णतः जातिवादी या सांप्रदायिक दल है, न संगठन की प्राथमिकता के नाम पर बंगाल जैसी अराजकता या केरल जैसी गुटबाजी में जनहित भूल जाती है। आपस में लड़ते-भिड़ते साथ चलते हुए जनता को सांस लेने लायक परिस्थियां देने का वातावरण संविधान के माध्यम से कांग्रेस ने ही बनाया है। जनतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण जनता का जाग्रत विवेक है, उतना ही महत्वपूर्ण विपक्ष की देशव्यापी मौजूदगी है। दूसरा, इस देशव्यापी मौजूदगी का श्रेय राहुल गांधी की न्याय-यात्राओं को है। देश को समझने के लिए, जनता की की मनोभावना से जुड़ने के लिए गांधी जी के बाद राहुल ने ही ऐसा अभियान चलाया,

इसी से यह संदेश भी निकालता है कि जिस राहुल को सत्ताधारियों ने अरबों रुपये खर्च करके 'पप्पू' बनाया था, उसी को इस चुनाव में 'मोदी बनाम राहुल' बताकर प्रतिष्ठित करने को बाध्य हुए। यह फर्क मीडिया और प्रचारतंत्र की ताकत से जनसंपर्क की ताकत का अंतर स्पष्ट करता है। इसीलिए जनता का विवेक महत्वपूर्ण तो है ही, निर्णायक भी है। इस जनता को मुख्यधारा मीडिया और ट्रोल सेना के बल पर काबू में रखने की कोशिश लगातार की गई। लेकिन जनता ने प्रचार के इन दोनों साधनों को व्यर्थ सिद्ध करते हुए सोशल मीडिया को अधिक अपना और भरोसेमंद माना। केवल पूंजी की शक्ति से चलने वाले निजी चैनलों के सामानांतर छोत्र-छोटे सोशल मीडिया चैनलों ने राहुल की यात्राओं से लेकर सत्ता के अत्याचारों तक हर पहलू से लोगों को अवगत रखा। यही कारण है कि जनता किसी प्रेरित प्रचार की जगह राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों से परिचालित हुई। महंगाई, बेरोज़गारी, गरीबी, किसानों से छल और विषमता उसके लिए वास्तविक चिंताएं थीं, मंदिर और धर्म नहीं। जनता की यह जागरूकता न केवल लोकतंत्र के जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह उसकी सुंदरता भी है।

## सोशल फोरम

# छल की भाषा

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ–महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है।

आज से पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था कि छल ही सत्ता और हर फायदे की गंगोत्री है। छल की भाषा का उद्देश्य है ऐसी चीजों को लोगों के विश्वास, अवधारणा या घटना के रूप में स्थापित करना, जिनका यथार्थ आधार न हो। छल की भाषा सम्मोहक होती है। कई दशक पहले 'लकड़सुंघवा' की चर्चा होती थी, अब वह एक विराट संगठन है। छल की भाषा निर्मित करने के लिए झूठ पूरे भावावेग के साथ बोलना होता है और उसे प्रचार की शक्ति चाहिए। लोग प्रदर्शित सब्जबाग में खो जाते हैं, जैसे बच्चे मेले में गुम हो जाते हैं। इसका सबसे विडंबना-भरा रूप तब सामने आता है जब नागरिक सिर्फ उस यथार्थ से ही दूर नहीं कर दिए जाते जो वे वस्तुतः रोज भोग रहे हैं, बल्कि वे अपनी श्रेष्ठ परंपराओं और आधुनिक मूल्यों से भी विच्छिन्न कर दिए जाते हैं। सब खोते-खोते अंत में बची रह जाती हैं कुछ पुरानी खाइयां-कुछ नई जंजीरें!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

छल की भाषा का निर्माण कई तरह से होता है, जिनमें एक है सफाई से तथ्य को विकृत करना। छल की भाषा से अपने को ढका जा सकता है, क्योंकि कोई क्षमतावान व्यक्ति अब अपना वास्तविक चेहरा दिखाना नहीं चाहता। इसलिए वह झूठ को आभासी सच में बदलता रहता है। उसकी भाषा चालाकियों से भरी होती है। कैसी भयावह स्थिति है, प्रचार में जो है वही सच है!

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है। साहित्य का काम है सचाई पर से सभ्यता के कृत्रिम आवरण को हटाना, जबकि साहित्यकार पर इस सभ्यता का भारी दबाव है। उसकी सामाजिक हैसियत नगण्य कर दी गई है। वह बोलता है, पर इतना अंतर्विभाजित है कि अब सुना नहीं जाता।

–फेसबुक वॉल से

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्य रूप से मानव गतिविधियों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम चक्र, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।

आज विश्व की जनसंख्या वृद्धि जिस कारण नाना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा दुरुपयोग और विभिन्न भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए मानव जनित अप्रतिम बुद्धि के तकनीकी/प्रोद्यौगिकी प्रयोगों से न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र के लिए संकट विषय बना है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण का सर्व प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि ही परिलक्षित होता है। यह स्पष्ट भी है न केवल भारत अपितु विश्व में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण या अपघटन, तापमान वृद्धि, प्राकृतिक सम्पदाओं का दोहन आदि जनसंख्या वृद्धि एवं मानव जनित भौतिक सुखों तथा अनैतिक कार्यों का ही परिणाम है।




डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण का द्वितीय सबसे बड़ा कारण स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही अनियंत्रित-अनियोजित- अटिकाऊ भौतिक विकास रहा है। अधिकतर देश की नीतियां/ कार्य छोटे-छोटे लक्ष्यों को देखते हुए बनाई गइ उनके दीर्घकालिक परिणाम नहीं देखे गए। न ही उन अल्पकालिक भौतिक विकास कार्यक्रमों के कोई सशक्त नीतियां बनी। अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रयोग के साथ ही पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान वन-प्राकृतिक संपदाओं के अनैतिक दोहन के कारण होता है। हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या से हजारों सरकारी कार्यालय-भवन बने, देश में हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने, एक्सप्रेस वे बने, रेल मार्ग बने, सुरंग खुदी, राज्य क्षेत्र तथा विधायक-सांसद निधि से सड़कें बनीं लेकिन आज भी प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए देश में ऐसा कानून नहीं बन पाया कि उक्त स्थानों में भौतिक विकास की भेंट चढ़ने वाले पेड़-पौधों के स्थान पर कार्यालयों-भवनों के चारों ओर उतने ही पेड़-पौधे पल्लवित-विकसित किए जाएं, जितने भौतिक सुखेच्छा से काटे गए। पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान वृद्धि मानव के लिए संकट बनती जा रही है।

भारत में पर्यावरण प्रदूषण का तृतीय सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग। बिस्किट,टाफी, खिलौने, कुरकुरे, ओयस, लेस, पानी बोतल आदि बहुत सारी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में केवल प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है और जागरूकता के अभाव में प्लास्टिक रेपर को यत्र-तत्र फेंक देना, उसमें कचरा भरना, उस कचरे का विकृत रूप लेना, नालियों के बंद हो जाने पर विभिन्न विषाणुजनित बीमारी पैदा होना, डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ना,जानवरों के खा देने पर बहुतायत उनको नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति को खत्म करना, प्लास्टिक की गंदगी से जल प्रदूषित होना या नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचकर समुद्री जीवों मछली, शील, कछुये, शार्क सहित कई जीवों के लिए अति घातक है। एक अध्ययन के उपरान्त लगभग 344 समुद्री जीवों की इस प्लास्टिक के उलझाव में आकर मृत्यु हो चुकी है जो बहुत चिंताजनक है। अन्ततः स्पष्ट है कि सरकारों को अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही अब जनसंख्या नियंत्रण, भौतिक विकास में नियंत्रित- नियोजित- टिकाऊ विकास तथा प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के विषय में कठोर नीतियां अविलंब बनानी आवश्यक हैं। साथ ही उनका अनुवीक्षण करना उतना ही जरूरी है इसी से साझा सम्पत्तियों की सुरक्षा, संतुलन और संरक्षण संभव है जो मानव- जीवन और भविष्य के लिए आवश्यक है।

# राजधर्म और धर्मदंड

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव-समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया–जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया-राजानाम्सृजत्प्रभु। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य -स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है की जैसे जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा-स्टेट विल विदरएबे अर्थात लोक का शासन होगा-जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है अथर्ववेद–3/4/2 में कहा गया-त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वमिमाम- हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हे वरण करती है, अर्थात राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। इसी ऋचा में कहा गया है-वि भजा वसूनि-राज्य राजा की सम्पति नहीं होती वल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। ईश्वर ने राजा को कैसे बनाया इस संबंझ में मनुस्मृति-7/4 में बताया गया की-इंद्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के नित्य अंश से ईश्वर ने राजा को बनाया।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति7/14–19 में राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है-राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्नकिया है। देशकाल, शक्ति व, शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए\वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है, ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं।

## एक नजर

### ज्येष्ठ माह के दूसरे रविवार को भंडारे का आयोजन

**कछौना, हरदोई।** कस्बा कछौना के किराना व्यवसायी रामखेलावन गुप्ता सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। इस भीषण गर्मी में कोई राहगीर भोजन व पानी से प्रभावित न हो। इस धार्मिक व सामाजिक भावना के तहत रविवार को रामखेलावन गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान मंगलम ज्वेलर्स पर भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में भगवान बालाजी की विधि विधान पूजा कर भण्डारा का शुभारंभ किया। सुबह से शाम तक भंडारा कार्यक्रम चलता रहा। जिसमें बच्चे, राहगीर, महिलाएं, पुरुष, श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। व्यापार मंडल के संरक्षक रामखेलावन गुप्ता ने बताया जीवन का उद्देश्य दूसरों के भलाई के समान कोई धर्म नहीं है। सबसे बड़ा धर्म मानवता की सेवा है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी तुलसी गुप्ता, अतुल गुप्ता, पीडी टेलीकॉम के संचालक हरिशरण गुप्ता, अरविंद राठौर, सौरभ सिंह, राम जी गुप्ता, डेविड, महामंत्री गोपाल जी गुप्ता, जेवी सिंह, बाबू पाण्डेय आदि ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

### एसपी ने साइबर क्राइम थाना व सोशल मीडिया सेल का किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा साइबर क्राइम थाना व मीडिया सेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। साइबर क्राइम थाना के अभिलेखों के रख-रखाव व साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना व उपस्थित अन्य अधि0 कर्मचारीगण को शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। इसके बाद मीडिया सेल निरीक्षण के दौरान आगामी त्यौहारों बकरीद आदि के दृष्टिगत सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर सतत सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु प्रभारी मीडिया सेल व नियुक्त कर्मचारियों को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। इस दौरान कार्यालयों की साफ-सफाई व अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शहरेन्द्र कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से खराब हुई सीटी स्कैन यूनिट, शुरू होने में आएगा करीब 10 लाख का खर्च

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज की ठप पड़ी सीटी स्कैन यूनिट को बहाल करने में तकरीबन 10 लाख रुपये का खर्च आएगा। इस बारे में कहा जा रहा है कि अगर वहां की खराब हुई ऐसी पहले ही सही करा दी गई होती तो सरकार के 10 लाख रुपये बचाए जा सकते थे, लेकिन ज़िम्मेदारों ने जानबूझ कर इतने रुपयों का सरकार के ऊपर बेवजह का बोझ डाला। वैसे ऐसा पहली बार नहीं हुआ, ज़िम्मेदारों के ऐसे ही रवैए के चलते पहले भी सरकार के ऊपर बे-वजह का बोझ डाला जा चुका है।

बताते चलें कि तपती गर्मी में कई दिनों से मेडिकल कालेज की सीटी स्कैन यूनिट ठप पड़ी है। करीब दो करोड़ कीमत वाली जापानी मशीन की यूपीएस केबिल फुंके गई। हालांकि कोई खास खराबी नहीं थी, दरअसल सीटी स्कैन मशीन को गर्मी से बचाने के लिए लगी ऐसी खराब हो गई थी। जिसे सही कराने के लिए प्रिंसिपल और सीएमओएस को बराबर चिट्ठी लिखी गई। लेकिन खुद को सरपरस्त समझने वाले



यूनिट में मशीन सही करता इंजीनियर।

ज़िम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया, नतीजतन हीट होने से सीटी स्कैन मशीन जवाब दे गई। कई दिनों से खराब मशीन को सही करने के लिए करीब तीन लाख के पार्ट्स और 6 लाख की बैट्रियों की ज़रूरत पड़ेगी। उसके बाद ही यूनिट बहाल होगी। लेकिन अगर खराब ऐसी को सही करा लिया जाता तो सरकार के ऊपर बे-वजह का बोझ नहीं पड़ता।

कुछ लोगों का कहना है कि ऐसा जानबूझ कर किया गया, क्यों कि 10 लाख के स्टीमेट में ठीक-ठाक कमीशन का जुगाड़ होगा। लेकिन एसी सही कराने में यही कोई 45 से 50 हज़ार का खर्च आता, उसका कमीशन ऊंट के मुंह में ज़ीरा होता। कुछ जानकारों का कहना है कि कमीशनखोरी के चलते इस तरह की अनदेखी की गई।

### खेल-खेल में हो जाते हैं लाखों रुपये के खेल

सूत्रों का कहना है कि अब तो मेडिकल कालेज हो चुका है। लेकिन जब ज़िला अस्पताल हुआ करता था, तभी से खेल-खेल में खेल करने का पुराना रवैया चला आ रहा है। कंटीजेंसी हो या मेंटिनेंस ग्रांट, इसके ज़िम्मेदार बनाए गए ज़िम्मेदार सरकार की आंखों में धूल झोंक कर सिर्फ और सिर्फ अपनी जेबें भरने में जुटे हुए हैं।

# जेईई एडवांस में एक ही स्कूल के दो बच्चों ने पाई सफलता

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



शिवा पटेल व अभिनव वर्मा।

अमृत विचार। श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज ईश्वरपुर साई के दो छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा पास कर जहां अपने विद्यालय और परिजनों का नाम रोशन किया है।

रविवार को जेईई एडवांस परीक्षा का परिणाम आया जिसमें श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज ईश्वरपुर साई के छात्र शिवा पटेल पुत्र रामदेव निवासी क्योंटी ख्वाजगीपुर ने ओबीसी में 816 वीं रेंक प्राप्त की। ऐसे में उसके पिता कृषि कार्य करते है तथा माता गृहणी है। तो दूसरे छात्र अभिनव वर्मा पुत्र सुनील कुमार निवासी रुकनापुर ने ओबीसी में 5222 वीं रेंक हासिल कर नाम रोशन किया है। अभिनव के पिता कृषि कार्य करते है, माता गृहणी के रूप में निर्वाहन करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोनी वर्मा ने बताया कि दोनों छात्रों ने इंटर मीडिएट 2024 की परीक्षा में नाम रोशन किया था, अब जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीण कर पुनः विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# हीटवेव से बच्ची और महिला की मौत

## धूप में खेलकर लौटी बच्ची की घर आकर पानी पीते ही बिगड़ी तबियत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हीट वेव का असर फिलहाल कम होता नहीं दिखाई दे रहा है। रविवार को उसी की चपेट में आने से एक तीन साल की बच्ची और एक 54 साल की अधेड़ महिला की एका-एक तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां से पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

बताया गया है कि रविवार की दोपहर हरपालपुर कस्बा निवासी नैमिष कुमार की तीन वर्षीय बेटी लव्या कुछ बच्चो के साथ बाहर धूप में खेल रही थी। जैसा कि बताया गया कि लव्या घर के अंदर आई और पानी पिया। पानी पीते ही लव्या की तबियत बिगड़ गई। उसका पिता पहले वहीं के निजी डाक्टर के पास पहुंचा, उसकी सलाह पर मेडिकल कालेज लाया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ कछौना कोतवाली के हेतमखेड़ा निवासी रामनिवास की पत्नी मीना देवी (54) रविवार की दोपहर घरेलू काम निपटा रही थी, उसी बीच उसे चक्कर आ गया और गिर पड़ी। घर वाले उसे मेडिकल कालेज ले कर पहुंचें, लेकिन वहां पहुंचते ही मीना देवी की सांसे थम गई। बताते है कि दोनों के शव उनके घर वाले उठा ले गए।

### मांग बढ़ने से विद्युत आपूर्ति में परेशानी

**हरदोई।** जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है वैसे-वैसे बिजली की मांग भी बढ़ती है। गर्मी से बचाने के लिए कूलर, पंखे व एसी का प्रयोग लोग कर रहे हैं। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही उपकरणों पर लोड बढ़ता है, जिस कारण विद्युत आपूर्ति समुचित रूप से नहीं हो पाती है। लोड बढ़ने से जर्जर तार व ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लगते हैं। इस कारण लोकल फाल्ट की संख्या बढ़ जाती है और घंटों लोगों को चिलचिलाती गर्मी में बिना बिजली के बिलबिलाना पड़ता है।

### 42 डिग्री तापमान में झुलसा रही तीखी धूप

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में बुधवार को आंधी-पानी आने के बाद तापमान में कुछ गिरावट आई थी, लेकिन अब फिर सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है। रविवार को जिले में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके पहले शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्शियस था। मौसम वेधशाला प्रभारी ने रविवार से पुन: हीटवेव चलने व तापमान के बढ़ने की बात कही है। नौतपा की गर्मी झेलने के बाद आई आंधी व बरसात से लोगों को राहत मिली थी। तापमान में भी गिरावट आई थी। ठंडी हवाओं ने तप रहे लोगों को राहत पहुंचाई, लेकिन यह राहत ज्यादा दिन न टिक सही। शनिवार को जिले का तापमान 41 डिग्री सेल्शियस रहा। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं ने तापमान को और अधिक बढ़ा दिया। गर्मी के कारण लोगों



का हाल बेहाल रहा। जरूरी काम से बाहर निकले लोग बिना सिर ढके नहीं निकल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों की दिक्कतें भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। गांवों में तालाब-पोखरों में पानी काफी पहले ही खत्म हो चुका है। ऐसे में जानवरों को नहलाने व पानी पिलाने में पशुपालकों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। सरकार के तमाम निर्देशों के बावजूद अब तक ग्राम पंचायतें तालाबों में पानी भराने में नाकाम हो रही हैं। वहीं भीषण गर्मी में उन गोवंशों का बहुत बुरा हाल है, जो गौशालाओं में इस तपती दोपहरी में टीन के नीचे रहना पड़ रहा है।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र में रुचि न लेने पर एसपी हुए नाराज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी लगवाने में रुचि न दिखाने पर थानेदारों के प्रति एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने नाराजगी जताई है। एसपी के निर्देश पर एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने सभी सीओ को चिट्ठी जारी कर अभियान में तेजी लाने का आदेश दिया है। मामले में सभी सीओ से त्रिनेत्र पोर्टल पर फीडिंग कराने की बात भी कही गयी है।

एसपी ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की समीक्षा में पाया कि कुछ थानेदार अभियान में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसके अलावा त्रिनेत्र पोर्टल पर फीडिंग भी नहीं करा रहे हैं। इस बात पर इन अफ़सरों ने काफी नाराजगी जताई। शहर में भी इस अभियान की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इसलिए सभी थानेदारों को चेतावनी दी गई है। एडिशनल एसपी द्वारा जारी पत्र में कहा गया



चौराहे पर लगा सीसीटीवी।

है कि जिन लोगों ने कैमरा लगवा लिया है उनको प्रोत्साहित भी करें। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगवाने की अपील भी करें। शाम को बाजारों में पैदल गस्त करके दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को जानकारी दें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यूपी पुलिस के ऑपरेशन त्रिनेत्र में सड़क किनारे, बाजार, चौराहे, होटल, ढाबे, स्कूल, कॉलेज, बैंक, पेट्रोल पंप आदि जगहों पर जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं।

### हर्षित ने जेईई एडवांस में प्राप्त की सफलता

**कछौना, हरदोई।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 में गौसगंज का छात्र हर्षित वाजपेई ने सफलता अर्जित कर गांव क्षेत्र का नाम रोशन किया। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा गौसगंज निवासी सुनील बाजपेई का पुत्र हर्षित वाजपेई ने जेईई एडवांस मेंस की परीक्षा में सफलता प्राप्त की, रैंक 7629 प्राप्त हुई। इससे इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश का रास्ता खुल गया। कठिन परीक्षा में छात्र ने इंटर की परीक्षा माधौगंज के एलपीएस से उत्तीर्ण की थी। इसके बाद इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाने का लक्ष्य था। उसने घर पर ही ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से तैयारी की। ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधनों में परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह ने छात्र के घर पहुंच कर हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा ग्राम सभा में शीघ्र प्रतियोगी छात्राओं के बेहतर तैयारी के लिए डिजिटल लाइब्रेरी खुलवाई जाएगी।



### मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का किया गया आयोजन

**अमृत विचार, हरदोई।** मौनी बाबा मंदिर पर नारायण सेवा समूह द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में दर्जनों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें नारायण सेवा समूह समय समय पर मौनी बाबा मंदिर पर भण्डारे का आयोजन करता रहता हैं इसी कड़ी में रविवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नारायण सेवा समूह समय समय परस जरूरत मंदों को वस्त्र वितरण आदि का कार्य करती रहती है। समय समय पर संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य जरूरतमंदों के लिए कराए जाते है।

# पुलिस की पिटाई से आहत युवक ने कर ली आत्महत्या, मां से खुद को बताया बेकसूर

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** घर से निकले युवक का शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। आरोप है कि पुलिस ने चारा मशीन की चोरी के आरोप में पकड़ कर उसकी पिटाई की थी, उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। उसकी बुज़ुर्ग मां ने बताया कि उसके पुत्र ने रोते हुए उससे कहा था कि अम्मा... उसे बे-कुसूर मारा जा रहा है, और उसके बाद ही उसने ऐसा कर लिया। हालांकि पचदेवरा पुलिस ने पिटाई वाली बात से साफ इंकार किया है। उसका कहना है कि चोरी के मामले में उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

रविवार की सुबह पचदेवरा थाने के भाभर निवासी 42 वर्षीय ध्यान पाल पुत्र बाबू लाल का शव गमछे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। उसके मामा बेंचेलाल की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया। ध्यान पाल की बुज़ुर्ग मां ने बताया कि गांव से चारा मशीन चोरी हो गई थी। उसी मामले में शनिवार को उसे थाने बुलाया गया था। मां का आरोप है कि उसके बेटे ने रोते हुए उसे बताया था कि अम्मा, उसे बे-कुसूर मारा जा रहा है। पुलिस उससे चारा मशीन को ढूंढ कर देने का दबाव बना रही है। पत्नी ने कहा कि उसके पति को इतना परेशान किया गया कि उसने नई चारा मशीन खरीद कर देने के लिए हां कर दी थी। जबकि पुलिस ने इससे साफ इंकार करते हुए कहा कि पूछताछ के लिए बुलाया गया था। ध्यान पाल के पांच बेटी और एक बेटा है। वह अपने परिवार के साथ गांव में अकेले रहता था, जबकि उसके भाई दिल्ली में रहते है। उधर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### कोतवाल ने सुनीं पुलिस कर्मियों की समस्याएं

**अमृत विचार, हरदोई।** मल्लावां कोतवाली में सैनिक सम्मेलन में कोतवाल निर्भय सिंह ने पुलिस स्टॉफ के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना, ऐसे में महिला कॉन्स्टेबल के परिवारिक आवास न होने की समस्या सामने आई। रविवार को सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस कर्मियों की सैलरी, एरियर आवास, पेयजल, परिवारिक जैसी समस्या रखी जाती है। कोतवाल ने सभी उपनिरीक्षक और कांस्टेबल की समस्याओं को सुना और निराकरण का भरोसा दिलाया। कोतवाली में महिला कॉन्स्टेबल की समस्या भी सामने आई है।

## सार-संक्षेप



रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज द्वारा लगाया गया शिविर। अमृत विचार

### मेडिकल कैंप में 920 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज द्वारा रविवार को श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज गिगियानी में एक निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य कैंप में 920 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनका परीक्षण करने के बाद उनको निशुल्क दवाएं वितरित की गई। निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्र ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज और वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की डॉक्टरों की टीम में आए हुए डॉक्टर कुसुम चंद्र, विभु उपाध्याय एवं तपस्या ने मरीजों का परीक्षण किया और दवाएं वितरित की। इस मौके पर हर्ष पांडे, प्रधानाचार्य अनिल निगम, अनुज मिश्रा, नंदकिशोर अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

### छात्रा ने बनाई पेंटिंग, हो रही प्रशंसा

**अमृत विचार, हरदोई।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा ने मथुरा वृंदावन श्री कृष्णा दरबार की मूर्ति मिट्टी से बनाई है कृष्ण दरबार कि यह मूर्ति चर्चा का विषय बनी हुई है, इसे देखकर लोग हू- बहू श्री कृष्णा दरबार बताते हुए बनाने वाली छात्रा की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे है। शहर के विष्णु पुरी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा आनंदिता मिश्रा कक्षा 10 की छात्रा है तथा धर्मशाला रोड निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक मिश्रा जी की पुत्री है। मिट्टी से बनाई गई इस प्रतिमा के बारे में जब आनंदिता से बात की गई तो उसने बताया कि वह सपरिवार भगवान कृष्ण के दर्शन करने मथुरा के वृंदावन गई थी। वहीं से लौटने के बाद उसने दरबार की मूर्ति बनाने की ठान ली और उसने मिट्टी से बहुत सुंदर ही श्री कृष्णा दरबार का चित्रण कर उसमें रंग भर दिए।



# सफाईकर्मियों ने कहा- एक ही टाइम करेंगे काम

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के समस्त सफाई कर्मचारियों ने एक टाइम काम करने का ऐलान किया है। नगर पालिका कार्यालय पर बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एकत्रित हुए और अधिशासी अधिकारी व सफाई निरीक्षक के खिलाफ नारे लगाते हुए भीषण गर्मी में शासन के निर्देश अनुसार एक टाइम ड्यूटी करने का ऐलान किया।

सफाई कर्मचारी संघ के नेता संजय रत्नाकर का कहना था कि शासन और प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि भीषण गर्मी में कर्मचारियों से एक टाइम काम कराया जाए लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। सफाई कर्मचारी नेता संजय रत्नाकर का कहना है कि बैकलॉग भर्ती के अंतर्गत वाल्मीकि समाज के जो कर्मचारी भर्ती किए गए वह सभी कर्मचारी सफाई कार्य कर रहे हैं लेकिन 87 कर्मचारी जो अन्य जातियों के हैं वह सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं और उनका वेतन निकाल नगर पालिका से दिया जाता है। सफाई कर्मचारियों ने मांग कि सभी कर्मचारियों से सफाई कार्य कराया जाए और गर्मी में केवल एक टाइम ही ड्यूटी करवाई जाए। सफाई कर्मचारी नेता ने कहा है कि सफाई कर्मचारी गर्मी में केवल एक ही ड्यूटी करेंगे।



नगर पालिका पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

### दहेज की मांग पूरी न होने पर तोड़ी शादी, केस

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** पाली कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर निवासी युवक ने शाहाबाद के संभा बाजार निवासी युवक और उसके परिजनों पर दहेज में स्कॉर्पियो कार न मिलने पर शादी तोड़ने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। युवक ने बताया कि गोद भराई और तिलक की रस्में हो चुकी थी, जिसमें कुल 19 लाख 45 हजार रुपए उसके खर्च हो चुके थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ला आजाद नगर निवासी अंशुमान शुक्ला ने तहरीर में बताया कि उसने बहन दीक्षा की शादी योगेंद्र वाजपेई निवासी मोहल्ला संभा बाजार कस्बा व थाना शाहाबाद से तय की थी, जिसके बाद जनवरी 2023 में उसने बहन की गोद भराई व वरीक्षा की रस्म की थी। इसके बाद 22 मई 2023 को तिलक की रस्म की जिसमें 5 लख रुपए नगद के साथ जेवरात व अन्य सामान दिया। योगेंद्र के परिजनों ने उसे बताया था कि योगेंद्र सरकारी नौकरी करता है पर उसे ज्ञात हुआ कि योगेंद्र सरकारी नौकरी नहीं करता है, फिर भी वह बहन की शादी करने के लिए तैयार था। उसे ज्ञात हुआ कि योगेंद्र के परिजन उसकी शादी कहीं और कर रहे हैं तो उसने बात की तो योगेंद्र के पिता गोविंद वाजपेई ने कहा कि उसे दूसरी जगह ज्यादा दहेज मिल रहा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी छह आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रंजिश में बालक को किया अगवा, मृत समझकर फेंका

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के गांव रहुला में पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए एक बालक का अपहरण कर लिया। उसे मृत समझ कर झाड़ियां में फेंक दिया गया। हालांकि उसे बाद में होश आ गया। पुलिस ने उसे बरामद कर हमलावरो पर अपहरण और हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के मुताबिक अल्तमश 12 वर्ष पुत्र शमसुद्दीन शनिवार शाम करीब 7:30 बजे गांव के बाहर समोसा लेने गया था। वहीं से गांव के हाशिम और एक अन्य व्यक्ति ने पकड़ कर गाड़ी में डाल दिया और लेकर निकल गए। गाड़ी में ही लड़के को मरणासन्न कर मृत समझकर उसे मलिहाबाद थाना क्षेत्र के पास आम मंडी मोड पर झाड़ियां में फेंक दिया। काफी देर तक लब अल्तमश घर नहीं पहुचा तब उसके परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता न चला सका। देर रात तक जब अल्तमश घर नहीं लौटा तो रात के 2:00 बजे अल्तमश के पिता ने कोतवाली में बेटे के गायब होने की सूचना दी। जिस पर पुलिस सक्रिय हो गई। कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि रात भर अल्तमस झाड़ियों में पड़ा रहा। सुबह उसे होश आया तो सड़क पर आकर राहगीरों से गुहार लगाई। कमल नाम के एक आम व्यापारी ने उससे बात की और पूरी घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस और परिजनों को फोन से सूचना दी। पुलिस ने मलिहाबाद जाकर अल्तमस को बरामद कर बिलग्राम कोतवाली ले आई। अल्तमस ने पुलिस को बताया कि गांव के ही हाशिम और उसके साथ एक अन्य आज्ञात व्यक्ति ने उसका अपहरण किया था। मारपीट कर गला दबाकर मार डालने की कोशिश की और मृत समझकर उसे फेंक दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर हाशिम और एक अन्य ज्ञात के विरुद्ध अपहरण और हत्या के प्रयास की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। अल्तमस के पिता शमसुद्दीन ने पुलिस को बताया कि रात के करीब 12 बजे 8756496585 नंबर से कॉल आई कि आपके बेटे का अपहरण कर लिया गया है। फोन पर उनसे 5 लाख की फिरौती की मांग की गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने बताया कि अपहरणकर्ताओं की खोज के लिए टीमें लगा दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



सकुशल बरामद बच्चे के साथ थाने पर मौजूद परिजन। अमृत विचार

**कामयाबी**

▶▶ पुलिस ने मलिहाबाद से बच्चे को सकुशल किया बरामद

# कोर्ट के आदेश पर फर्जीवाड़ा करने में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, टड़ियांवा, हरदोई

अमृत विचार। बेटी की शादी के लिए 50 हजार रुपये पर गिरवी रखे गए खेत को इकरारनामे में फर्जीवाड़ा कर उधार ली गई रकम को डेढ़ लाख कर दिया गया। अब खेत हड़पने के लिए धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

टड़ियावां थाने के भिरिया मजरा सैंचामाऊ की लड़ैती देवी पत्नी दिनेश ने कोर्ट से कहा कि वह अपनी बुज़ुर्ग मां के साथ रहती है। साल 2022 में उसने बेटी की शादी के लिए सैंचामऊ निवासी रामकिशन और कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी वीरेन्द्र पाल के पास 50-50 हज़ार रुपये पर अपना खेत गिरवी रखा था। उसके बाद दोनों ने फर्ज़ीवाड़ा कर गाटा संख्या-45 और गाटा संख्या-517 का इकरारनामा तैयार किया, जिसमें डेढ़-डेढ़ लाख रुपये दिए जाने की बात लिखी हुई थी। लड़ैती देवी का कहना है कि रामकिशन और वीरेन्द्र पाल उसके घर आए और खेत का बैनामा करने का दबाव बनाया। उसे न मानने पर जान से मारने की धमकी तक दे डाली। उसका कहना है कि वही खेत उसके गुज़र-बसर का अकेला ज़रिया है, दोनों आरोपी उसे हड़प करना चाहते है। उसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन उसने कुछ नहीं किया। उसके बाद उसने कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। कोर्ट ने उसकी अर्ज़ी पर सुनवाई करते हुए टड़ियावां पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने रामकिशन व वीरेन्द्र पाल के खिलाफ धारा 420/504/506 के तहत केस दर्ज किया। मामले की जांच एसआई मुकुट सिंह यादव को सौंपी गई है।

## एक नजर

### सड़क हादसों में दो बाइक सवार जख्मी, भर्ती

**सेउता।** थानागांव और रेउसा थाना इलाके में रविवार को अलग-अलग जगहो पर सड़क हादसे में दो बाइक सवार गम्भीर रूप दे जख्मी हो गए. घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार थानगांव के ग्राम मेवड़ी सवालिया निवासी अनीस (30) वर्ष पुत्र मासूख अली बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के पड़ोस में बाइक पलट जाने से अनीस जख्मी हो गया। वही रामपुरमथुरा थाना इलाके के ग्राम मरोचा निवासी विजय (25) वर्ष पुत्र दिग्विजय रेउसा से काम खत्म कर वापस जा रहा था। बताया जाता है कि रेउसा-तंबौर रोमार्ग पर खरौंहा गेट के समीप बाइक अनियंत्रित होकर बाइक पट गई। जिससे दोनो लोग जख्मी हो गए।

# पीएम मोदी के शपथ लेते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**हरगांव/सीतापुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एनडीए का नेता चुने जाने के बाद रविवार को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इस खुशी के अवसर पर हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल मे मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओ ने झरेखापुर चैराहे पर जश्न मनाया।

प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण के दौरान कार्यकर्ताओं ने टीवी पर लाइव देखकर सड़क पर जमकर आतिशबाजी की गयी और मिठाइयां बांटी गयी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर एक दूसरे को बधाई दी। मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि यह बेहद गौरव का अवसर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद किसी दूसरे नेता ने प्रधानमंत्री पद की शपथ तीसरी बार ली है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज देश नरेंद्र मोदी की नेतृत्व मे ही विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था की कतार में खड़ा है। इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह, कपिल सिंह, विक्रम सिंह, अनुज शुक्ला, पंकज पांडेय, सोनू सिंह, दुर्गेश सिंह, मिल्की कोटेदार आदि सैकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हाथों में झंडे लेकर पदयात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।



पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते हुए।

**पूर्व जिलाध्यक्ष ने बांटी मिठाई :** सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही मोदी की गारंटी है। यह बात शनिवार को अपने कैंप कार्यालय पर निर्वतमान भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कही। भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। इस मौके पर निर्वतमान जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर एनडीए सरकार बनने की खुशी का इजहार किया। इस मौके पर प्रणीत सिंह, महेश वर्मा, अजीत सिंह, उत्तम पांडे, उमेश गुप्ता, राजेश यादव, अंबुज पांडे, दीपिल अरोड़ा, राजा श्रीवास्तव, रतेंद्र यादव, करण राठौर, सूरज पांडे, अंकुर तिवारी, निखिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न :** इमलिया सुल्तानपुर में मण्डल अध्यक्ष ऐलिया जयप्रकाश त्रिपाठी व कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय फर्रकपुर में एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश त्रिपाठी, महामंत्री सुमेर राज, प्रेम नारायण मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, रवींद्र वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक सहित बूथ अध्यक्ष और बहुत से कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

**पदयात्रा निकालकर पीएम को दी बधाई :** रामपुर मथुरा में सेउता विधायक ज्ञान तिवारी के अनुज शिव प्रकाश तिवारी उर्फ गुड्डू तथा रेउसा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान के नेतृत्व में उत्सव पदयात्रा में शामिल लोग ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ निरीक्षण भवन से संगत चैराहे तक पदयात्रा निकाली गई। लोगों ने हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और सभा की।

# ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान किसानों ने घेरा उपकेंद्र

## उपखंड अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन, समस्या को जल्द दुरुस्त कराने की मांग

संवाददाता, हरगांव/सीतापुर

**अमृत विचार।** विकासखंड इलाके में बिजली कटौती से गुस्साए पन्द्रह गांव के करीब दो दर्जन किसानों ने रविवार को विद्युत उपकेंद्र झरेखापुर का घेराव करते हुए उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। किसानों का कहना है कि बिजली न मिलने से सिंचाई के अभाव में फसलें प्रभावित हो रही हैं। जानवरों का चारा भी सूख रहा है।

विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंचे किसान मंगल सिंह, अनुज शुक्ल, शिव निवास पांडेय, मंजीत सिंह, सतनाम सिंह आदि ने बताया कि झरेखापुर उपकेंद्र मे झरेखापुर, ढोलई, रिखौना तीन फीडर है और दो ट्रांसफार्मर रखे है। जिसमें एक पांच एमबीए का ट्रांसफार्मर खराब बताकर बंद कर रखा है। सिर्फ एक ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा ओवरलोड बताकर प्रत्येक फीडर को बारी-बारी से बिजली दी जा रही है। इसमें भी बार-बार ट्रिपिंग होती है। इससे बिजली की आवाजाही बनी रहती है। किसनों का कहना है कि जो बिजली मिलती है तो वह लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और कटौती की भेंट चढ़ जाती है। उपखंड अधिकारी रामाज्ञा ने बताया कि कि दो दिन मे दूसरा ट्रांसफार्मर रख जायेगा, जिससे ओवरलोड की समस्या खत्म हो जायेगी और सभी फीडर सुचार रूप से एक साथ चल सकेंगे।




विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारी को ज्ञापन सौपते पीड़ित किसान। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर खराब होने से हजारों की आबादी प्रभावित, ठप हुए इंवर्टर

**पिसावा/सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड इलाके में भीषण गर्मी के बीच कस्बे का ट्रांसफार्मर खराब होने से करीब दो हजार से अधिक की आबादी परेशान है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कराकर विधुत आपूर्ति देने की मांग की है। बताया जाता है कि कस्बे के मुख्य चौराहे के निकट मिश्रिख मार्ग पर रखे 250 केवीए ट्रांसफार्मर से करीब तीन सौ कनेक्शन दिए गये हैं। जिसमे कमर्शियल कनेक्शन सबसे अधिक हैं। शनिवार की शाम ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से कस्बे में टीवी, पंखा, कंप्यूटर सहित बिजली से चलने वाले उपकरण बंद हो गए हैं। इस कारण दो हजार से भी ज्यादा ग्रामीण व व्यापारी जहां उमस भरी गर्मी में परेशान रहने को मजबूर हैं। वहीं जरूरी दस्तावेज एवं फोटोकॉपी जैसे कार्य के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों के इन्वर्टर भी जवाब दे चुके है बिजली ना होने से पेयजल की सबसे बड़ी समस्या बनी हुयी है। अवर अभियंता राजेश गौतम ने बताया रविवार शाम तक ट्रांसफार्मर बदल जायेगा।

# टेम्पो और बाइक में टक्कर बाइक सवार गंभीर घायल




टक्कर के बाद टेम्पो के नीचे पहुंची बाइक। अमृत विचार

**सदरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके में टैम्पो व बाइक में टक्कर हो जाने से बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक पर पीछे बैठा युवक को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए रेउसा सीएचसी भेजकर भर्ती कराया। पुलिस ने टैम्पो व क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रेउसा थाना क्षेत्र के कलिमापुर गांव निवासी रघुनाथ (40) वर्ष पुत्र राम प्रसाद भार्गव रविवार दोपहर अपनी बाइक पर सवार होकर बिसवां की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि रेउसा-बिसवां मार्ग पर फरदापुर चैराहे के निकट बिसवां की ओर जा रहे टैम्पो चालक ने टैंपो को अचानक दाहिने तरफ मोड़ दिया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर टैम्पो के नीचे घुस गई। हादसे में बाइक चालक रधुनाथ गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान टैम्पो चालक टैम्पो को छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैम्पो को एक नाबालिग बच्चा चला रहा था। घटना के बाद टैंपो चालक और उसपर सवार दूसरे बच्चे टैंपो को छोड़कर मौके से भाग गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टैंपो और बाइक को अपने कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

▶▶ **नाबालिग टेम्पो चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने कब्जे में लिया**

## सार-संक्षेप

### आगामी त्यौहारों को सौहार्द के साथ मनाने की अपील



पीस कमेठी की बैठक के दौरान निर्देश देते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**सदरपुर।** आगामी त्यौहारों बकरीद और ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर होने वाले भंडारे को देखते हुए थाना परिसर में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सदरपुर राकेश सिंह की अध्यक्षता में रविवार को शांति समिति का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान आगामी त्यौहार बकरीद में होने वाली कुर्बानियां और बड़े मंगल पर होने वाले भंडारे को ध्यान में रखते हुए संबंधित लोगों को दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि कुर्बानी के लिए प्रतिबंधित जानवर न लाएं। उन्ही जानवरों को कुर्बानी के लिए लाएं जिनकी कुर्बानी पूर्व में होती चली आई हैं। जानवरों की कुर्बानी हो जाने के बाद मांस को खुले में न ले जाएं, और कुर्बानी के बाद निकले मल को गड्ढा खोद कर उसमे बंद कर दें। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कुर्बानी बंद जगह में करें। त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाई चारे के साथ मनाए। माहौल बिगाड़ने वालों की सूचना थाने पर दें। त्योहारों में खलल डालने वालों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर मौलाना सलीम नदवी, जय सिंह वर्मा, मुनीर अहमद, लल्लन खान, नईमुद्दीन हिन्नू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित सांसद के परिजनों ने मरीजों को बांटे फल



महिला मरीजों को फल वितरित करतीं सांसद की पत्नी नील कमल राठौर।

**सीतापुर।** लोकसभा सीतापुर के नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर के स्वजनों ने रविवार को जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में पहुंचकर मरीजों का हाल जाना। सांसद की पत्नी और बेटे सहित परिवार वालों ने अस्पताल में मरीजों को छाछ, फल और बिस्किट का वितरण किया। वितरण के दौरान स्वजनों ने मरीजों और तीमारदारों से बातचीत कर उनका हाल जाना और समुचित इलाज में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याषी के तौर पर राकेष राठौर की जीत के बाद से उनके परिजनों और समर्थकों में गजब का उत्साह है। राकेष राठौर के सांसद बनने की खुषी में आज उनके परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजो को फल, छाछ और बिस्किट बांटकर उनका हाल जाना और समुचित मदद का भरोसा दिलाया। वितरण के दौरान अनुपम राठौर, यषु राठौर, रत्नम राठौर, नीलम राठौर, रेनू राठौर, समप्रीती राठौर, अफजाल पप्पू, गुड्डू रस्तोगी, पप्पू रस्तोगी,, दीपा वैष आदि लोग मौजूद रहे।

### जेईई एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्र को दी बधाई



आयुष कुमार वर्मा।

**महमूदाबाद/सीतापुर, अमृत विचार।** नगर स्थित प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र आयुष कुमार वर्मा पुत्र प्रदीप वर्मा ने आईआईटी (जेईई एडवांस) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्र की इस सफलता पर पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा, अरुण वर्मा मुन्ना, आनंद सिंह जीनियस कोचिंग कालेज, राम कुमार वर्मा, डॉ. प्रतीक सिंह, सहित कमलेश गुप्ता, गिरीश चंद्र वर्मा एवं अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, जला सामान

**कुतुबनगर/सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके में ग्राम चंदवापुर में एक घर में संदिग्ध परिस्थियों में आग लगने से लाखो का सामना जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवा निवासी बड़कके पुत्र छोटेलाल के घर में अचानक आग लग गयी। जिसमे घर में रखा लाखो का समान जलकर राख हो गया।

# चोरों ने घर से नकदी और जेवरात सहित पार किया लाखों का माल

सदरपुर/सीतापुर

▶▶ **पीड़ित ने गांव के ही चार लोगों पर जताया चोरी करने का शक**

**अमृत विचार।** थाना इलाके में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुस कर नगदी जेवर और कीमती सामान सहित करीब तीन लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद जब गृहस्वामी की आंख खुली तो देखा घर के सारे दरवाजे खुले है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित ने गांव के ही चार लोगों को नामजद करते हुए चोरी की वारदात करने का शक जताया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम धरमपुर निवासी मुबारक पुत्र फौजदार के घर अज्ञात चोर शनिवारध्रविवार की रात घर के पीछे से चढ़ कर छत के रास्ते जीने से घर में दाखिल हुए। ग्रहस्वामी के अनुसार चोरों ने कमरे का दरवाजा खोल कर बक्से में रखी 1 लाख दो हजार की नगदी, दो सोने के हार, दो जोड़ी सोने की झुमकी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की नथुनी, एक सोने का मटर माला, तीन जोड़ी चांदी की चुटकी, एक जोड़ी चांदी के खढ़ुवा, एक मदरसा बोर्ड 10वीं की मार्कशीट, एक पासपोर्ट, जमीन बैनामे के कागजात और कीमती कपड़े सहित करीब तीन लाख रूपये की कीमत की संपत्ति पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गये। गृहस्वामी रात्रि करीब तीन आंख खुली तो देखा कि घर के सारे दरवाजे खुले हैं, और घर का समान बिखरा पड़ा है। पीड़ित ने काफी खोजबीन के बाद शक के आधार पर उपरोक्त निवासी रामकरण पुत्र ढोंढ़े, मनोहर पुत्र कुंजबिहारी, बालक राम व गुनेश पुत्रगढ़ सकटू को नामजद करते हुए थाना सदरपुर में तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया है कि तहरीर मिली है।मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है। टीम का गठन का जल्द ही हुई चोरी का खुलासा किया जायेगा।



चोरी के बाद घर के आंगन में बिखरा पड़ा सामान और खुले पड़े जेवरात के डिब्बे।

# मेंथा ऑयल की टंकी फटने से वृद्ध सहित दो लोग झुलसे, भर्ती

▶▶ **पेराई के दौरान दबाव बढ़ने से अचानक टंकी फटने से हुआ हादसा**

महमूदाबाद/सीतापुर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में पेराई के दौरान मेंथा की टंकी फटने से अधेड़ व्यक्ति सहित दो लोग गंभीर रूप से झुलस गये। आनन फानन में झुलसे एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। वही दूसरे की हालत बेहद नाजुक देखते हुए उसे लखनऊ रवाना कर दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मितौरा गांव निवासी गया प्रसाद (60) वर्ष ने अपने खेत पर मेंथा पेराई की टंकी लगा रखी है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे गुड़ियापुर मजरे मितौरा प्रमोद गौतम (20) वर्ष व गया प्रसाद मितौरा में मेंथा की पेराई कर रहे थे। बताया जाता है कि पेराई के दौरान दबाव अधिक बढ़ने से इस दौरान अचानक मेंथा टंकी फट गई। हादसे में गया प्रसाद व प्रमोद गंभीर रूप से झुलस गया। टंकी फटने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घायल प्रमोद को पड़ोस के जनपद बाराबंकी के बेलहरा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं वृद्ध गया प्रसाद की हालत नाजुक देखते हुए आनन फानन में राजधानी लखनऊ बेहतर उपचार के लिए रवाना किया गया।



मेंथा ऑयल की टंकी फटने के बाद मौके पर उठता धुआं व पड़े अवशेष। अमृत विचार

## धर्म-कर्म

### शतचंडी महायज्ञ के दौरान कथाव्यास मुनींद्र पांडेय ने महिमा का किया वर्णन

# भागवत कथा सुनने से नष्ट हो जाते हैं पाप

**लहरपुर, अमृत विचार।** ग्राम धौरहरा में चल रही श्री शतचंडी महायज्ञ विराट संत सम्मेलन व रासलीला में रविवार को भागवत मर्मज्ञ मुनेंद्र पांडेय नैमिष धाम ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि, श्रीमद् भागवत कथा परम मोक्षदायनी है जिसके सुनने मात्र से ही मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और वह मोक्ष को प्राप्त होता है।

कथा व्यास मुनेंद्र पांडे ने महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इस कलिकाल में भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसके श्रवण करने से मन को शांति मिलती है और अहंकार का नाश होता है व मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर परमधाम को प्राप्त होता है। इस अवसर पर रात्रि बेला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का सुंदर मंचन किया। कलाकारों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री शतचंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित राधा मोहन अवस्थी ने यज्ञ स्थल पर पूजा अर्चना कर आहुतियां डालीं। कार्यक्रम संरक्षक व भागवत कथा व्यास अखिलेश अवस्थी ने कहा कि भगवान की कथा सुनने और प्रभु का सुमिरन करने से मनुष्य मोह माया से मुक्त होकर प्रभु की कृपा का पात्र हो जाता है। इस मौके पर यजमान आसाराम शुक्ला, उमेश दीक्षित, सूर्य प्रसाद, शैलेंद्र, अंकित दीक्षित सहित भारी संख्या में माताएं, बहनें, बड़े बुजुर्ग व श्रद्धालु उपस्थित थे।



श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करते वृंदावन धाम से आये कलाकार। अमृत विचार

# देवी मंदिर पर पूजन के बाद किया गया कन्या भोज

हरगांव/सीतापुर

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के परसडा शरीफपुर गांव में बने महाभारत काल के प्राचीन मां शन्नो देवी मंदिर पर मंदिर के संरक्षक व पुजारी के द्वारा विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। इसके उपरांत मंदिर प्रागंण में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया हरगांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेहरा शरीफपुर में प्राचीन मां शन्नो देवी मंदिर पर कन्या भोज मां शन्नो देवी मंदिर का पूजन मंदिर के संरक्षक व पुजारी संत रामस्वरूप व भक्तों के सहयोग से कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या में कन्याओ ने भाग लिया। जो काफी देर तक चलता रहा। मंदिर पर हुए कन्या भोज में भारी संख्या में भक्तगण श्रद्धालु मौजूद रहे।

# युवती का पंखे से लटका मिला शव, दहेज हत्या का आरोप

▶▶ **पुलिस ने देर रात युवती का शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर नबीनगर रश्मि पत्नी मनीष दीक्षित (29) वर्ष की शादी 3 वर्ष पूर्व ही हुई थी। मृतका की एक दो वर्षीय बेटी भी है। बताया जाता है कि शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतिका के पिता बनवारी लाल निवासी ग्राम लालपुर बाजार कोतवाली लहरपुर की तहरीर पर पति सास व देवर पर दहेज हत्या का अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित पांच गिरफ्तार

**लहरपुर।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे पांच अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक ऋषभ यादव व पुलिस टीम ने ग्राम चक जोशी के धारा 2ध्3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित आसिब खान, शीबू, मोईश उर्फ नेउरे, मुनीस उर्फ मूसे, जसीम खान उर्फ कलरे निवासी ग्राम चक जोशी जो कि शातिर अपराधी हैं और गिरोह बनाकर अपराधिक कृत्य कर अपराध से संपत्ति अर्जित करते हैं। उन्हें सूचना के आधार पर ग्राम नवीनगर के निकट भदफर मार्ग पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सभी पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध संगीन धाराओं में कोतवाली में अपराध दर्ज हैं एवं इनके द्वारा अपराध से अर्जित की गई संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

## एक नजर

### पीएचसी पर नेत्र परीक्षण शिविर 13 जून को

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह मुख्यालय पर आगामी 13 जून को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की जाएगी। जाँच के बाद जिन रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने की पुष्टि पाई जाएगी उन नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा।

### सड़क खराब होने से आवागमन में परेशानी

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत मंगलनगर से गोंडा बहराइच मार्ग से गेंधरिया गांव को जाने वाली सड़क की दशा अत्यंत खराब हो गई है। इससे क्षेत्रीय लोगों गमनागमन के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क पर यात्रा करने वाले डॉ ओपी मिश्र, राधेश्याम मिश्र, चंद्रशेखर मिश्र, सुरेश पांडेय आदि लोगों ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### पूरे बिलंद में धू-धूकर जला ट्रांसफार्मर, बत्ती गुल

**परसपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्यौली के पूरे बिलन्द में लगा 10 केवी का ट्रांसफॉर्मर जलने ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। ग्रामीण रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह लगभग 5 बजे बंदरों के कूदने की वजह से गांव के बाहर लगा 10 केवी का ट्रांसफॉर्मर तेज आवाज के साथ धूं धूं कर जलने लगा, हालांकि किसी बंदर को कोई नुकसान नहीं हुआ। परसपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता करुणेश मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर के जलने की सूचना मिली है। वैधानिक कार्यवाही करते हुए जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाएगा।

### साहित्यिक संस्था ने आयोजित की शोक गोष्ठी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था बज़्मे शामे ग़ज़ल की एक शोक गोष्ठी नगर के मोहल्ला सदर बाज़ार में आयोजित हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता जकी बक़ाई ने व संचालन याक़ूब सिद्दीक़ी अज़्म ने किया। महामंत्री मुजीब सिद्दीक़ी ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसके तहत पत्रकार सुभाष सिंह के पिता स्व. लल्लू सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही प्रसिद्ध विद्वान मुफ़्ती हबीबुल्लाह खां नईमी और प्रसिद्ध कम्युनिस्ट लीडर अतुल कुमार अनजान को भी श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी में गणेश तिवारी नेश, अब्दुल गफ्फार ठेकेदार, कय्यूम सिद्दीकी, डॉ. असलम, मौलाना उवैस क़ादरी, नियाज़ क़मर, हरीश शुक्ल, सन्त राम सिंह, मुबीन मंसूरी, कौसर सलमानी, साबिर गुड्डू, अल्ताफ राईनी, वीरेंद्र तिवारी बेतुक, अजय श्रीवास्तव, अवधराज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कलश शोभायात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू

**सिंगाही, अमृत विचार।** गांव नौरंगाबाद में रविवार को गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं सिर पर कलश धारण कर सरयू नदी पर पहुंची। जहां पूजा-अर्चना के बाद कलशों में जल भरा गया। कलशों को शतचंडी महायज्ञ स्थल पर स्थापित कर यज्ञ शुरू किया गया।

सुबह करीब दस बजे पंडित सोनेलाल मिश्रा ने भूमि पूजन कराया। इसके बाद कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में करीब तीन सौ महिलाएं शामिल हुईं। पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किया और माता रानी का जय घोष के साथ गांव की परिक्रमा की। इसके बाद सरयू नदी के घाट पर पहुंची। जहां पर वैदिक मंडली ने पूजन अर्चन करा कर कलशों में जल भरवाया। कलश यात्रा सरयू नदी से जल भरकर यज्ञशाला को वापस पहुंची। यह आयोजन 9 जून से 17 जून तक चलेगा, जिसमें 9 जून से 17 जून दोपहर 1:00 से शाम 4:00 बजे तक श्री राम लीला का मंचन होगा। रात की बेला में 8 बजे 12 बजे तक श्री कृष्ण की लीला का मंचन वृंदावन से आई प्रसिद्ध मंडली करेगी। कलश यात्रा में प्रधान प्रतिनिधि यादुवेंद्र अवस्थी, ओमप्रकाश पाल, डॉक्टर पौरुष कुमार गुप्ता, संजय कुमार पाल, जयकुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# अभद्र टिप्पणी करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी

**संपूर्णानगर, अमृत विचार।** थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के गांव भानपुरी कॉलोनी खजुरिया निवासी भाजपा सेक्टर संयोजक अनिल कुमार गुप्ता ने एक युवक पर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। भाजपा सेक्टर संयोजक अनिल गुप्ता ने बताया कि कि 4 जून 2024 को गांव गोविंद नगर कालोनी से संचालित वाट्सएप ग्रुप ( देश की राजनीति ) में एक युवक ने एक वीडियो पोस्ट की, जिसमें किसी कार्यकर्ता को टीवी फोड़ते दिखाया जा रहा था। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है।

# टूर्नामेंट में यंग स्टार ने जीता मैच



क्रिकेट खिलाड़ियों की टीम के साथ मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार।** नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत के बड़ागांव बड़ेहरा के गुरखेत खेल फील्ड पर चल रहे खान क्रिकेट के सात दिवसीय टूर्नामेंट दूसरे दिन के मैच में यंग स्टार ने मैच जीता।

खान क्रिकेट के सात दिवसीय टूर्नामेंट के दूसरे दिन यंग स्टार क्रिकेट क्लब बड़ागांव व स्टार एलेवन बड़ागांव दो के बीच खेला गया। शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ मुख्य अतिथि एमडी वसीम व कमेटी संरक्षक अफसर खान ने फीता काटकर व बैट बॉल खेलकर किया। रविवार को खेले गए मैच में यंग स्टार क्रिकेट क्लब के कप्तान जैद ने टॉस जीतकर सबसे पहले बैटिंग करने का फैसला लेते हुए मैदान पर उतरते हुए 12 ओवर में 119 रन का लक्ष्य सामने वाली टीम को दिया। जवाब में उतरी इलेवन स्टार के कप्तान अजीत भूरे की अगुवाई में टीम ने 12 ओवर में 109 रन बनाकर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच रहे नसरुद्दीन को टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि ने नगद पांच सौ रुपये व मेडल व विजेता टीम को मेडल पहनाकर सम्मानित करने के साथ कमेटी को नगद एक हजार रुपये व खेल सामग्री देकर सहयोग किया। अंपायर की भूमिका आबान खान व अनीस मंसूरी व कमेंटेटर महताब व आफताब रहे। इस मौके पर कमेटी संरक्षक अफसर खान व मुजम्मिल इब्राहीम, कय्यूम राइन, परवेज सिद्दीकी, वसीम अंसारी, वली मोहम्मद, डॉ.इब्राहीम, अनिल पाल, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# शोहदों से परेशान किशोरी ने एसपी से लगाई गुहार

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने गांव के पांच दबंगों पर छेड़छाड़ करने और जबरन उठा ले जाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जब किशोरी हद से ज्यादा परेशान हो गई तो उसने हिम्मत जुटाकर डीएम और एसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। किशोरी ने अधिकारियों को दिए गए पत्र में कहा है कि यह कृत्य तहसील के एक अधिकारी के ड्राइवर की शह पर हो रहा है, जिस कारण वह लगभग दो वर्ष से स्कूल नहीं जा पा रही है। इस बाबत कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दो मोबाइल टॉवरों में लगी आग से जले उपकरण

## नेटवर्क प्रभावित : दोनों जगहों पर फायरकर्मियों ने पाया काबू


मोबाइल टावर में लगी आग पर पानी की बौछार से काबू पाते फायरकर्मी। अमृत विचार

**लहरपुर अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में बढ़ रही भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में टावरों में अचानक आग लगने से नेटवर्क व्यवस्था ध्वस्त हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू। बावजूद इसके उपकरण जलकर खाक हो गये।

जानकारी के अनुसार रविवार को मंडी समिति कार्यालय के निकट लगे टावर में शार्ट सर्किट के चलते ऊपरी हिस्से में आग लग गई और धू धू होकर जलने लगा। स्थानीय लोगों ने टावर को जलते हुए देखकर दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी ऊंचाई पर लगे टावर पर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। एक अन्य घटना में शनिवार रात क्षेत्र के ग्राम तोपखाना में लगे अमेरिकी कंपनी के टावर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंचे फायर प्रभारी हंस कुमार व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से दोनों टावरों में भारी नुकसान की संभावना है।

### विवादित भूमि पर हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी चल रहा निर्माण

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी शाहपुर से चंद कदम दूरी पर हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी विवादित भूमि पर निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत दूसरे पक्ष द्वारा उच्च अधिकारियों से निरन्तर की जा रही है। परसपुर थाना क्षेत्र के रेक्सड़िया निवासी जगपाल सिंह पुत्र भगौती का आरोप है, कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र देकर निर्माण रोकने के लिए अनुरोध किया है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा निर्माण नहीं रोकवाया जा रहा है। वह गाटा संख्या 189 का खातेदार है जिसका मामला दीवानी न्यायालय में चल रहा है। स्थगन आदेश भी पारित है। उक्त आदेश पर सुनवाई न होने पर पीड़ित ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वहां से भी स्थगन आदेश मिल चुका है। पीड़ित के मुताबिक आदेश की कापी स्थानीय पुलिस को भी दी गयी है।

# शाकाहारी रहकर ही ईश्वर को पा सकते हैं: पंकज महाराज


सत्संग में उपदेशों को सुनते अनुयायी। अमृत विचार

लहरपुर/सीतापुर

**बाबा के उत्तराधिकारी ने अनुयायियों को सत्संग में दिए उपदेश**

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अकैचनपुर टप्पा में रविवार को बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों का एक विशाल सत्संग संगम शाकाहार अपनाने, मांस मदिरा छोड़ने के संकल्प के साथ संपन्न हो गया।

जानकारी के अनुसार बाबा जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी पंकज महाराज के निर्देश पर मथुरा आश्रम के राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चंद्र ने उपस्थित भारी संख्या में बाबा जी के अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि, शाकाहारी, सदाचारी व मानव धर्म की स्थापना बाबा जय गुरुदेव के द्वारा सन 1952 में ही कर दी गई थी। तब से लगातार उनके अनुयाई शाकाहारी धर्म का प्रचार प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य शाकाहारी रहकर ही भगवान को पा कर सकता है। राष्ट्रीय उपदेशक ने कहा कि बड़े भाग्य मानुष तन पावा सूर दुर्लभ सब ग्रंथं गावा अर्थात यह मानव शरीर हमको बड़े भाग्य से मिला है। इसलिए इसका सदाचार शाकाहार अपनाकर अपने जीवन को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि मानव शरीर भगवान का बनाया हुआ एक मंदिर है। इसलिए मांस मदिरा आदि का सेवन कर इस मानव मंदिर को गंदा ना करें। मनुष्यों को शाकाहारी भोजन ही ग्रहण करना चाहिए। इससे वे सेहतमंद रहेंगे और सकारात्मक सोच बनेगी। दूसरों को शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोपीचंद संरक्षक जिला सीतापुर, राकेश, इंद्रेश, डॉक्टर रामस्वरूप, डॉक्टर सुशील गुप्ता सहित भारी संख्या में बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों ने सत्संग का लाभ उठाया।

## सार-संक्षेप

### सरायन नदी में मगरमच्छ को वन विभाग ने पकड़ा

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर।** थाना इलाके में वन विभाग की लापरवाही से पिछले तीन सप्ताह से ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बने मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने जाल में फंसाकर शनिवार को पकड़ लिया। बताते चलें कि करीब 20 दिन पूर्व एक अज्ञात टीम ने इलाके में पिकअप वाहन से लाकर एक विशालकाय मगरमच्छ को सरायन नदी में छोड़ गयी थी। ग्रामीणों की माने तो वन विभाग ने ही किसी अन्य इलाके से मगरमच्छ को लाकर स्थानीय नजरों से बचाकर सरायन नदी में छोड़ दिया था। रविवार को सुबह ग्रामीणों ने फर्रकपुर पुल के समीप मगरमच्छ को देखकर वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा राजकुमार के नेतृत्व में टीम ने मगरमच्छ को देखकर जाल डाला। बताया जाता है कि एक बार वह फिर जाल से कूद जाने में कामयाब रहा। लेकिन वन विभाग की टीम ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू करते हुए आखिरकार मगरमच्छ को जाल में फंसाकर पकड़ लिया। टीम मगरमच्छ को सुरक्षित बांधकर उसे अपने साथ ले गई है। वन विभाग के जिम्मेदार अफसरों की माने तो मगरमच्छ को अब सुरक्षित तरीके से सीमा इलाके के बाहर से गुजरी घाघरा नदी में छोड़ दिया जाएगा।



### जयंती पर याद किये गये गांजर के गांधी स्व. मुख्तार अनीस


केक काटकर जश्न मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**तम्बौर/सीतापुर, अमृत विचार।** गांजर के गांधी के नाम से जाने जाने वाले समाजवादी नेता और पूर्व मंत्री स्व. मुख्तार अनीस की जयंती उनके निज निवास पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर केक काटकर स्व. अनीस के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मालूम हो कि स्व. मुख्तार अनीस का जन्म 8 जून 1943 को जिला अंबेडकरनगर के अकबरपुर कस्बे में उनके ननिहाल में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन का एक लंबा हिस्सा कस्बा तंबौर में बिताया था। जहां उन्होंने समाजवादी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और जनता के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई और यही से विधायक, मंत्री और सांसद तक का सफर तय किया था। लम्बी बीमारी के चलते बीते 30 मार्च 2021 को उनका लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया था। सपा नगर अध्यक्ष जावेद खान ने इस अवसर पर कहा कि स्व. मुख्तार अनीस ने अपने जीवन में समाजवादी मूल्यों और गरीबों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। सपा नेता जावेद नसीर ने कहा स्व मुख्तार अनीस हमारे प्रेरणास्रोत थे और हमेशा रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने स्व. अनीस को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मुख्तार खां, विधानसभा उपाध्यक्ष हाजी कलीम खान, पदमाकर दीक्षित, मो. शमीम, सलमान खिजीर, आरिफ कुरैशी, असलम, जावेद असद समेत कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गठबंधन प्रत्याशी की जीत पर सपा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान


सपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पूर्व सपा विधायक। अमृत विचार

**थानगांव/सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर को मिली जीत के उपलक्ष में रविवार को पूर्व सपा विधायक महेन्द्र कुमार सिंह झीन बाबू के निवास ग्राम सुपौली में आयोजित बधाई कार्यक्रम में पंहुचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक झीन बाबू ने कहा कि यह कार्यकाताओं की मेहनत का नतीजा है कि उन्होंने एक साथ मिलकर सपा कांग्रेस के गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाई है। इसके लिए सभी साथी बधाई के पात्र हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि सभी साथी आपसी मतभेद भुलाकर इसी तरह एकजुट रहें और मेहनत करें तो वह दिन दूर नहीं जब 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से कोई रोक पायेगा।

# महोली में सांप के काटने से सभासद का निधन


बुधई कश्यप (फाइल फोटो)।

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत के नया कटीली जलालपुर वार्ड के सभासद बुधई कश्यप (44) का रविवार को सांप के काटने से निधन हो गया। परिजनों के अनुसार सभासद सुबह शौच के लिए खेत गए थे। इसी दौरान उन्हें सर्प ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें लेकर कस्बे के एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक युवक जलालपुर गांव के पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं। उनके निधन की सूचना पाकर पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व चेयरमैन दिनेश गुप्ता टीटू, चेयरमैन प्रतिनिधि चंद्र कुमार, अभिषेक भदौरिया, मनोज मिश्र, मोनू दीक्षित, सभासद अरविंद बाजपेई, सुनील कुमार, वीरपाल, भगौती प्रसाद कश्यप, अरविंद बाजपेई बिंदू, राजू समेत तमाम लोगों ने सभासद के निधन पर शोक जताया है।

# जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद कीर्तिवर्धन सिंह केंद्र में मंत्री बने

## राजनीतिक करियर में पहली बार मंत्री बनने का मिला सौभाग्य

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** 2014 से लगातार बीजेपी से जीत रहे कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया को मोदी सरकार 3.0 में राज्यमंत्री पद की सौगात मिली है। गोंडा संसदीय सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। रविवार की शाम को शपथ ग्रहण कार्यक्रम से पहले ही एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें मंत्री बनने का न्योता भेज दिया गया था। वर्ष 2009 के बाद यह पहली बार होगा जब केंद्र सरकार में देवीपाटन मंडल को भागीदारी मिली है।

वर्ष 2014 व 2019 के बाद वह इस बार भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा की श्रेया वर्मा को करीब 47 हजार मतों से पराजित कर जीत की हैट्रिक लगाई है। भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिव राजीव गौबा द्वारा उन्हें निमंत्रण पत्र भेजा गया था। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें राज्यमंत्री पद पर शपथ लेने के लिए बुलाया गया है। इसके पहले वर्ष 2009 में यूपीए सरकार में गोंडा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने वाले बेनी प्रसाद वर्मा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिली थी।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस: खरगूपुर, अमृत विचार:** एनडीए सरकार में नवनिर्वाचित क्षेत्रीय सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को मंत्री बनाये जाने पर भाजपाइयों ने जुलूस निकालकर खुशियां मनाई। तीसरी बार लगातार भाजपा से चुने गए सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को केंद्र में मंत्री बनाया गया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार रस्तोगी की अगुवाई में जुलूस निकाला गया जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। जुलूस खरगूपुर नगर पंचायत के बस स्टॉप से शुरू होकर चौक बाजार आदि स्थानों से गुजरा।


कीर्तिवर्धन को मंत्री बनाए जाने पर जुलूस निकाल जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

### पांच बार चुने गए सांसद

58 वर्षीय कीर्तिवर्धन सिंह गोंडा संसदीय सीट से पांच बार सांसद चुने गए जा चुके हैं। वर्ष 1999 में कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभाला था। उसके बाद 1999 में वह समाजवादी पार्टी से सांसद बने। 2004 में भी वह सपा से चुनाव जीत कर संसद तक पहुंचे। लेकिन 2014 में वह भाजपा में शामिल हो गए और लगातार 2014, 2019 तथा 2024 का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। निर्विवाद कीर्तिवर्धन सिंह को उत्तर प्रदेश कोटे से राज्यमंत्री बनाने का निर्णय किया गया। अजय मिश्र टेनी के चुनाव हार जाने के कारण उसका फायदा कीर्तिवर्धन सिंह को मिला है।

### 54 साल की राजनीतिक विरासत के वारिस हैं कीर्तिवर्धन

राज परिवार के वारिस होने के साथ ही कीर्तिवर्धन सिंह राजनीतिक विरासत के भी वारिस हैं। 1971 में कीर्तिवर्धन सिंह के पिता कुंवर आनंद सिंह पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत कर मैदान में आए थे। उसके बाद 1980, 1984 एवं 1989 में आनंद सिंह सांसद रहे। 1991 में आनंद सिंह बृजभूषण शरण सिंह से हार गए थे। 1996 में बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह सांसद चुनी गई थीं। लेकिन 1999 में कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की जगह स्वयं राजनीति की कमान संभाली और चुनाव जीत कर राजनीतिक पदार्पण किया। गोंडा सीट से 2009 में बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव लड़कर जीते थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। इसके बाद देवीपाटन मंडल में किसी को मंत्री नहीं बनाया गया था।

**ठुकराया निमंत्रण** | कहा-कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी से मिलकर देंगे बधाई, मऊ और अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

# शपथ ग्रहण समारोह से बृजभूषण ने किया किनारा

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नहीं गए। एनडीए की तरफ से बृजभूषण को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया था लेकिन वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नहीं गए। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बजाय वह मऊ और अयोध्या जिले में आयोजित अपने निजी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यक्रम पहले से तय थे और वह अपने तय कार्यक्रम को कभी कैंसिल नहीं करते। इसलिए वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने में असमर्थ हैं। समारोह बाद वह व्यक्तिगत रूप से पीएम व मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को बधाई देंगे।

आज दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में एनडीए सरकार के होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को आमंत्रित किया गया था। माना जा रहा था कि बृजभूषण शरण सिंह एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नवनिर्वाचित केंद्रीय मंत्री परिषद के सभी मंत्रियों को बधाई देंगे। लेकिन अब पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में न शामिल होने की जानकारी दी है। एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल न होने को लेकर के बृजभूषण शरण सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के निमंत्रण कार्ड मिलने से पहले उनके दो कार्यक्रम तय थे और वह अपना कोई भी कार्यक्रम तय करने के बाद कैंसिल नहीं करते हैं। उनके बेटे जो कैसरगंज से सांसद बने हैं करण भूषण सिंह वह उस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। पहली बार ऐसा हुआ है कि जब वह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए नहीं जा पा रहे हैं। बृजभूषण शरण सिंह के 35 साल की राजनीति में यह पहली बार होगा जब वह केंद्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगे। कैसरगंज लोकसभा सीट से पूर्व सांसद व भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह रविवार को जनपद मऊ और अयोध्या में आयोजित दो कार्यक्रमों में शामिल होकर के शाम सात बजे अपने घर पहुंचेंगे। बृजभूषण शरण सिंह के निजी सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद अपने हेलीकॉप्टर से दोपहर 2 बजे मऊ जिले के रामपुर धनौली पहुंचेंगे जहां पर एक तेहरवीं संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं अपने हेलीकॉप्टर के माध्यम से नंदिनी नगर स्पोर्टस स्टेडियम में बनाए गए हेलीपैड पहुंचेंगे। जहां से कार द्वारा अयोध्या जिले के देवकाली में आयोजित एक मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बृजभूषण शरण सिंह शाम को 7 बजे अपने घर विश्नोहरपुर पहुंचेंगे। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत जिले के दोनों सांसद, 7 विधायकों समेत 22 लोगों को एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## एक नजर

### बिजली अभियंताओं ने दी मोदी को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के बिजली अभियंताओं ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद ग्रहण करना बहुत गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सार्वजनिक क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि बिजली अभियंता मोदी के नेतृत्व में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए तत्पर हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के बाद चार जून को आए परिणाम में एनडीए को सरकार बनाने के लिए बहुमत मिला जिसके बाद मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।

# कम नहीं हो रही बिजली की मांग, आपात कटौती शुरू

## अधिकतम मांग के समय हुई 250 मेगावाट की कटौती, ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थम नहीं रही है। रविवार को अधिकतम मांग 29,263 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब 250 मेगावाट बिजली की आपात कटौती की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज और अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, पर 'पीक आवर्स' में मांग के ज्यादा बढ़ जाने के कारण आपात कटौती करनी पड़ रही है। हालांकि, बाकी समय में सभी जिला मुख्यालयों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों, बुंदेलखंड क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार, बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि ओबरा सी परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की बंद इकाई अभी चालू नहीं हो पाई है। हालांकि, बिजली अभियंता इस इकाई को चालू करने के प्रयास में लगे हैं। अभियंताओं ने रविवार की देर रात तक इस इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बिजली की मांग लगातार घट-बढ़ रही है, इस कारण मांग में भी उतार-चढ़ाव जारी है। एसी व गर्मी से राहत देने वाले अन्य उपकरणों के इस्तेमाल के कारण बिजली की मांग ज्यादा बनी हुई है।

### बिजली आपूर्ति ठप

- रविवार को अधिकतम बिजली मांग 29,263 मेगावाट दर्ज



### बीते दिनों में बिजली की अधिकतम मांग

| | |
|---|---|
| 1 जून : | 29,322 मेगावाट |
| 2 जून : | 28,456 मेगावाट |
| 3 जून : | 28,648 मेगावाट |
| 4 जून : | 29,344 मेगावाट |
| 5 जून : | 28,880 मेगावाट |
| 6 जून : | 28,820 मेगावाट |
| 9 जून : | 29,263 मेगावाट |

### नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर जल्द शुरू होगी कार्रवाई

**लखनऊ :** प्रदेश में नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बीते नवंबर में दरों से संबंधित प्रस्ताव भेजा था। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, आयोग की ओर से विस्तृत प्रस्ताव मांगें जाने पर कॉरपोरेशन उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव भेजेगा। सूत्रों ने बताया कि कॉरपोरेशन दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर विचार कर रहा है। बीते 5 वर्षों में कॉरपोरेशन अपने प्रस्तावों के जरिये दरों में बढ़ोतरी पर जोर देता रहा है, पर उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि इस बार भी दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

### हो रही 4400 मेगावाट आपूर्ति

**लखनऊ :** पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से लगभग 4400 मेगावाट बिजली आपूर्ति हो रही है, जबकि बाकी बिजली अन्य स्रोतों से ली जा रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, ओबरा बिजलीघर से 1090 मेगावाट, अनपरा से 2257 मेगावाट, हरदुआगंज से 671 मेगावाट व पारीछा से 444 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। अन्य बिजलीघरों में रोजाना 991 मेगावाट, बजाज एनर्जी से 226 मेगावाट, बजाज ललितपुर से 1850 मेगावाट, बारा से 1712 मेगावाट, मेजा से 1009 मेगावाट व अनपरा लैंको से 1105 मेगावाट बिजली आपूर्ति उपलब्ध हुई।

# भितरघातियों का ब्योरा मुख्यमंत्री को देने की तैयारी, होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिल्ली से लौटने के बाद नेता- अधिकारी ही नहीं, एक-एक करीबी की भी कुंडली खंगालेंगे योगी
- मुख्यमंत्री तक भितरघातियों का नाम मय सबूत पहुंचाने की तैयारी में विश्वासपात्र
- हारे कई उम्मीदवारों ने खुलकर लगाया है अपनों पर साथ न देने का आरोप

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत में बाधक बनने वाले उप्र. के नेता व अधिकारियों के नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटकर आने पर विश्वासपात्र चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले एक-एक नाम का ब्योरा मय सबूत मुख्यमंत्री के सामने रखने की तैयारी में हैं। इन नामों पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मंत्रणा के बाद कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, करीबियों की कुंडली भी खंगाली जानी है जो सही तस्वीर का बखान नहीं कर रहे थे। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी से पहले ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाना प्राथमिकता पर है।

दरअसल, भितरघात का मामला गंभीर इसलिए है, क्योंकि इसको लेकर न केवल हारे हुए कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है बल्कि कुछ जीते हुए सांसदों ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। कुछ विधायकों से नाराज हैं तो किसी का आरोप है कि उन्हें स्थानीय संगठन के नेताओं का समर्थन अपेक्षानुरुप नहीं मिला। इसे लेकर पार्टी प्रमुख ने सभी जिला व महानगर इकाइयों से रिपोर्ट तलब की है। एक ओर संगठन स्तर से रिपोर्ट तैयार की ही जा रही है तो वहीं मुख्यमंत्री स्तर से भी उनके विश्वासपात्र पड़ताल कर सूचना दे रहे हैं।

उप्र. में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिलीं। साथ ही हारे हुए प्रत्याशियों ने खुलकर भितरघातियों को कटघरे में खड़ा कर दिया। फतेहपुर सीट से चुनाव हारीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने तो हार के तुरंत बाद इस पर प्रतिक्रिया दे दी थी। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने जीत में सेंध लगाने वालों के नाम भी संगठन को दिए हैं। जालौन सीट से हारे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने भी साध्वी की तरह क्षेत्रीय पार्टीजन में दो को आरोपी बताया है। हारीं सीटों कन्नौज, बांदा, इटावा, हमीरपुर में भी भितरघात की चर्चा है।

वहीं, उन्नाव से साक्षी महाराज जीते तो अवश्य, लेकिन काफी कम अंतर से, ऐसे में वह अपनों के असहयोग से वह दुखी हैं। इसी तरह चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने भी अपनी पीड़ा सीधे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने की बात कही। आंवला के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार में भी भितरघात को कारण बताया जा रहा है। खीरी सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की सीट पर चुनाव के दौरान गुटबाजी दिखी। इलाहाबाद-कौशांबी धौरहरा लोकसभा सीट से हारीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और इलाहाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को कुछ भितरघातियों के नाम बताए हैं। इन नामों में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी हैं। ऐसे उदाहरण सलेमपुर, बलिया, आगरा, फिरोजाबाद, एटा से भी सामने आए।

### राजा भैया को लेकर भी सवाल

**लखनऊ :** संगठन के लिए बड़ा सवाल यह भी है कि कुंडा विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भाजपा से मैनेज क्यों न हो सके। जबकि उन्हें साधने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और कौशांबी से पार्टी प्रत्याशी विनोद सोनकर कुंडा की बेती कोठी पहुंचे थे। बाद में राजा भैया ने घोषणा की कि इस लोकसभा चुनाव में वह किसी भी दल को समर्थन नहीं देंगे। बावजूद इसके राजा भैया का राजनीतिक दांव क्षेत्र विशेष में भाजपा पर भारी पड़ा।

# 51 जिलों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुई परीक्षा

**अमृत विचार :** प्रदेश के 51 जिलों में रविवार को राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 आयोजित हुई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में दो लाख 23 हजार 384 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें एक लाख दो हजार 16 महिलाएं व युवतियां, एक लाख 21 हजार 367 पुरुष और एक ट्रांसजेन्डर अभ्यर्थी शामिल थे। यह जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान व भाषा और द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षण व विषय योग्यता की परीक्षा आयोजित हुई, जिनमें लगभग 90 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय ने आधुनिक सर्विलांस सिस्टम आईसीसीसी के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की। इसके अलावा, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रीयल टाइम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

### पकड़े गए संदिग्ध

परीक्षा के दौरान, प्रयागराज और आगरा में कुल 22 अभ्यर्थियों की पहचान संदिग्ध पाई गई, जिनमें से 2 के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई। शेष अभ्यर्थियों को जांच के बाद परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी गई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय और उनकी टीम ने निरन्तर मॉनीटरिंग करते हुए परीक्षा को सफल बनाया।

## योगी ने 'एक्स' पर मोदी को दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ :** तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। योगी ने अपने एक्स हैंडल से मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले योगी रविवार को मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। उन्होंने लिखा, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का नव उत्थान हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। योगी ने लिखा, प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा।

# सामाजिक न्याय के मुद्दे से लोगों में पकड़ बनाए रखेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत से उत्साहित प्रदेश कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे के जरिये लोगों में अपनी पकड़ मजबूत रखेगी, ताकि इसका लाभ आने वाले चुनावों में भी मिल सके। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में इस पर संकल्प लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि संविधान बदलने की बात करने वाले अब संविधान के आगे नतमस्तक हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन के पीछे पार्टी का सामाजिक मुद्दा है। पार्टी नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाने, जातिगत जनगणना शुरू कराने, जनसंख्या के अनुसार आरक्षित वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने आदि मुद्दे उठाये थे। चुनाव में इसका लाभ मिला। अब पार्टी इन वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने कहा कि पार्टी पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव घोषणा पत्र में किये गये वादों के अनुसार, पार्टी लोगों को न्याय दिलाने का काम करेगी। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ राहुल राजभर, अरशद खुर्शीद, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम खान, डा अलीमुल्लाह खान आदि ने संबोधित किया।



प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग व ओबीसी विभाग की साझा बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### न्याय की आवाज को घर-घर पहुंचाना होगा

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रविकांत ने कहा कि यह पार्टी के सामाजिक न्याय के एजेंडे की जीत है। हमें इस पर लगातार चलना होगा। प्रोफेसर अजय आर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के विमर्श को और ताकत देगी होगी। सामाजिक संगठनों में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। सामाजिक कार्यकर्ता ताहिरा हसन ने कहा कि सामाजिक न्याय की आवाज को हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा। यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए।

# आगामी भर्ती परीक्षा को लेकर सक्रिय हुई एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक 300 गिरफ्तार
- जुलाई में जारी हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। इसके लिए बोर्ड स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं, इस बार धांधली अथवा प्रश्नपत्र लीक जैसी घटना न हो, इसके लिए एसटीएफ ने भी कमर कस ली है। अधिसूचना जारी होने से पहले एसटीएफ की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गई है। फिलहाल विगत आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा मामले में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

धांधली मुक्त परीक्षा कराना एसटीएफ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट होने के बाद सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा को निरस्त करते हुए छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बोर्ड ने उसी हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी थी। अब सूचना मिल रही है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। ऐसे में एसटीएफ अलर्ट मोड पर आ गई है। एसटीएफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती धांधली मुक्त परीक्षा कराना है। हालांकि पिछली भर्ती परीक्षाओं का प्रश्नपत्र आउट कराने के मामले में एसटीएफ ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। अब तक 300 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। कार्रवाई का डर बनाए रखने के लिए लगातार धरपकड़ अभियान जारी है।

# छह हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस प्रगति को साझा किया गया। इसके मुताबिक, राज्य में अब तक छह हजार से अधिक युवाओं के छोटे-बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है। वहीं, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि प्रदान की जा चुकी है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार युवाओं को स्वरोजगार देने के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था।

## वर्ग पहेली-96

**बाएं से दाएं**

1. 1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर

5. साबूदाना।

6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।

7. 1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम, खखार।

8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।

9. 1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।

3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यवस्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।

4. 1. खेदजनक 2. दुखद।

6. 1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।



### वर्ग पहेली -95 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कैं | स | ल | ■ | 2 वि | के | ट |
| ■ | ■ | ■ | ■ | भा | ■ | ■ |
| ■ | 3 वि | ■ | 4 दे | व | की | य |
| 5 वि | चा | र | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | र | ■ | गा | ■ | 6 भ | ■ |
| ■ | शी | ■ | 7 र | स | वा | न |
| 8 खि | ल | त | ■ | ■ | नी | ■ |



**कुल 9 .33 करोड़ जनधन खाताधारक, 6 .14 करोड़ को जारी हो चुका है रूपे कार्ड, लगभग पांच करोड़ महिलाएं हैं जनधन खाता धारक**

# जनधन खाता खुलवाने में उप्र अव्वल, महिलाओं की संख्या सर्वाधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- देश में जनधन खाता धारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या उप्र में

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाता खुलवाने के मामले में प्रदेश शीर्ष पर पहुंच गया है। देश में जनधन खाताधारकों की सर्वाधिक 18 प्रतिशत संख्या प्रदेश में है। खाता धारकों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक लगभग 5 करोड़ है। कुल 9.33 करोड़ जनधन खाताधारकों में से 6.14 करोड़ खाता धारकों को रूपे कार्ड जारी हो चुका है।

शासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस सिलसिले में वित्त मंत्रालय की ओर से रिपोर्ट जारी की गई है। मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 9 करोड़ 33 लाख 66 हजार 265 खाताधारक हैं। 29 मई तक के इन आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें 6 करोड़ 71 लाख 78 हजार 705 खाताधारक ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों के निवासी हैं, जबकि दो करोड़ 61 लाख 87 हजार 560 खाताधारक शहरी और मेट्रो सिटी में रहने वाले गरीब हैं। 9.33 करोड़ खाताधारकों के खातों में कुल 47,427.21 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। प्रदेश में रूपे कार्डधारकों की संख्या 6 करोड़ 14 लाख 39 हजार 64 है, जो देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा देश में महिला जनधन खाताधारकों की संख्या जहां 29.11 करोड़ है, वहीं प्रदेश में यह संख्या लगभग पांच करोड़ है।

### एक वर्ष में खुले 65 लाख नए खाते

वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में लगभग 65 लाख जनधन खाते खोले गए हैं। इनमें से अब तक 91 प्रतिशत से अधिक खातों के आधार सीडिंग का कार्य पूरा हो चुका है। मार्च 2023 तक प्रदेश में जनधन खातों की संख्या 8 .68 करोड़ थी जो मार्च 2024 में बढ़कर 9 .28 करोड़ पहुंच गई।

### एक लाख का दुर्घटना बीमा भी शामिल

प्रधानमंत्री जनधन योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक मूल बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षारता, ऋण की उपलब्धता, बीमा व पेंशन सुविधा समेत सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को रूपे डेबिट कार्ड दिया जाता है, जिसमें एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी शामिल है।

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | 1 | | | |
| | 8 | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | | 9 | 5 | 3 | 4 | |
| | 4 | | 9 | | | | 2 | 1 |
| 8 | | | | | | | | 7 |
| 5 | 3 | | | | 6 | | 9 | |
| | 6 | 9 | 8 | 2 | | | 1 | 5 |
| | | | | 4 | | | 6 | |
| | | | 6 | | 3 | | 8 | |

### सुडोकू - 8 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16 .14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 21 .40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज आप नया कुछ सीखने का प्रयास कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ कुण्ठित हो सकते हैं। परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। जिस काम में आपको जोखिम की संभावना दिख रही है, फिलहाल उसे टालना हितकर होगा।

**वृष** – आज आप अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। आप सबकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अधिकारियों के साथ तनाव हो सकता है। घर के बुजुर्ग जातकों की सेहत का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। अपनी वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक दौड़-धूप में अपना समय बर्बाद न करें।

**कर्क** – आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। लोग आपसे काफी कुछ सीखना चाहेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपका समय बीतेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। यदि आप नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो दिन आपके लिए अनुकूल है।

**सिंह** – आज व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आज आपको किसी भी बड़ी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मशीनों के रखरखाव में सावधानी रखें। विदेश यात्रा में परेशानियां संभव है। आपको अपनी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं। आज कई अटके हुए कार्यों को शुरू करेंगे। शत्रुओं के ऊपर आपका दबाव बढ़ेगा। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अधीनस्थ कर्मचारी आपके लिए काफी अच्छा कार्य करेंगे।

**तुला** – आज आप नए कारोबार की तरफ बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिल सकती है। बुरे लोगों की संगत से आपको बाहर निकल जाना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। लोगों की मदद करने से आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** – आज कई लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। व्यावसायिक संबंधों को लेकर आपके मन में शंका का भाव रहेगा। आज किसी से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा न करें। आज आपको स्वत: की आगे बढ़ना होगा। पारिवारिक जीवन शान्तिपूर्वक बीतेगा।

**धनु** – आज आपको अपनी सेहत का काफी ध्यान रखना होगा। पेट से जुड़े विकार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी अध्यात्मिक संस्था से आपका जुड़ाव हो सकता है।

**मकर** – आज आपके सहयोगी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा होगी। राजनीतिक चर्चाओं में आप समय बिता सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपका मन काम के बजाय अन्य गतिविधियों में ज्यादा होगा।

**कुंभ** – आज दिनचर्या को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आपकी इच्छानुसार काम न होने से मन कुछ अप्रसन्न होगा, किन्तु आपके मौके कम नहीं हुए हैं। यात्रा आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगी। यदि आप किसी जॉब में हैं, तो उसमें बदलाव को लेकर भी कुछ विचार बना सकते हैं।

**मीन** – आज आपके मन में तनाव रहेगा। भविष्य को लेकर चिंता रहेगी। कानूनी मामलों को लेकर कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। इस समय अपना मन शांत रखें और नए विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप अपनी व्यवहारकुशलता से लोगों को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- लश्कर – सुबह : 08 .09
- एक और एक ग्यारह – शाम : 06 .18

&pictures
- द कराटे किड – सुबह : 10 .58
- जनहित में जारी – रात : 08 .00

Sony Pix
- स्पाइडर-मैन : फार फ्रॉम होम – सुबह : 10 .32
- द रेड 2 – शाम : 06 .36

Zee Cinema
- हैलो चार्ली – सुबह : 09 .35
- ज़माने को दिखाना है – शाम : 06 .00

Colors Cineplex
- जीने नहीं दूंगा – सुबह : 11 .30
- भगवंत केसरी – रात : 07 .50

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 09 .35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित – तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू – वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करूं।
पंडित बेहोश!

# नीट परीक्षा ने परिवारों को तोड़ दिया: राहुल

## कांग्रेस नेता बोले- परीक्षा में हुई धांधली 24 लाख से अधिक छात्रों को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट परीक्षा विवाद



● शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे पेपर लीक उद्योग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

गांधी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक बच्चों को प्रभावित किया और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

### छात्रों से कहा- मैं संसद में बनूंगा आपकी आवाज

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं से 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट-यूजी में अंक बढ़ाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतर अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को नकार रही है।

## ट्रेन में युवती का दो हिस्सों में मिला शव हाथ और पैर गायब

इंदौर (मध्यप्रदेश)। शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात युवती का दो हिस्सों में कटा शव रविवार को बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी की सूचना पर डॉ. आम्बेडकर नगर-इंदौर यात्री ट्रेन से युवती का शव बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। युवती के सिर से कमर तक का हिस्सा ट्रेन में छोड़े गए ट्रॉली बैग में मिला, जबकि उसकी कमर से नीचे का भाग प्लास्टिक की बोरी में बंद था। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर गायब हैं। युवती की हत्या किसी और स्थान पर एक-दो दिन पहले की गई और इसके बाद उसके शव को काट कर इसके हिस्सों को शनिवार रात यात्री ट्रेन में रख दिया गया।

## भाजपा को वोट नहीं देने पर बीड में मराठा समुदाय के लोगों पर हमला

जालना, एजेंसी



● जरांगे ने फडणवीस से कार्रवाई का किया आग्रह

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा की उम्मीदवार को वोट न देने पर मराठा समुदाय के लोगों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का रविवार को आग्रह किया।

अंतरवाली सारथी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन पत्रकारों से वार्ता करते हुए जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। पंकजा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनावने से हार गई थीं। जरांगे ने गृह मंत्री और बीड के पुलिस अधीक्षक से हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मराठा युवाओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

जरांगे मराठा समुदाय के लोगों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर शनिवार से अनशन कर रहे हैं। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें।

## शेयर बाजार आई गिरावट पर रिपोर्ट को कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने को 3 जनवरी को दिए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और सेबी को समिति के सुझावों पर विचार करना तथा नियामक ढांचे को मजबूत, निवेशकों की सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार का कामकाज सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक नजर

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में 6 गिरफ्तार

लातूर (महाराष्ट्र), नौ जून (भाषा) महाराष्ट्र के लातूर जिले में 30-वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विट्ठल नगर की रहने वाली अनीता बालाजी लश्करे ने छह जून को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार परेशान करते और धमकी देते थे।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। लैलूंगा थाना क्षेत्र के घरघोड़ा रोड पर 3 लोग बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरघोड़ा की तरफ जा रहे थे तभी गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मोटर साइकिल के तेज गति में होने के कारण हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है वही एक अन्य घायल तीसरे युवक की हॉस्पिटल में मौत होने की जानकारी मिल रही है।

## किसानों ने महिला कांस्टेबल के समर्थन में निकाला मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

कंगना थप्पड़ विवाद

● किसानों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ बयान पर रनौत की आलोचना की

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सहित कई किसान संगठनों ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल के समर्थन में मोहाली में मार्च निकाला, जिसने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

किसान नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मोहाली के गुरुद्वारा अम्ब साहिब से शुरू हुए मार्च के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था। महिला कांस्टेबल के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। किसान नेताओं ने पंजाब के लोगों के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के लिए रनौत की आलोचना की। कौर किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रनौत के रुख से नाराज थीं। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। मोहाली पुलिस ने कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही जमानती अपराध हैं।

कंगना ने गुरुवार को वीडियो संदेश में कहा था कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई थी। कंगना ने कहा था, कांस्टेबल बगल से उनकी ओर आई तथा उसने मेरे चेहरे पर (थप्पड़) मारा और मुझे गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो उसने कहा कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करती है।

### कंगना ने किया हिमाचल पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा का अनुरोध

शिमला। अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उन्हें कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। सीआईएसएफ की कांस्टेबल ने शुक्रवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। महानिदेशक ने सांसद को बताया कि खतरे का आकलन करने के बाद राज्य कानून-व्यवस्था इकाई द्वारा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## बीजद की हार के बाद पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास



● पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आए छह महीने और 13 दिन के बाद की घोषणा

भुवनेश्वर। पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आने के ठीक छह महीने और 13 दिन बाद संन्यास लेने की रविवार को घोषणा की और कहा कि वह ओडिशा को अपने दिल में तथा गुरु नवीन बाबू को अपनी सांसों में रखेंगे। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद नवीन पटनायक की सहायता करना था और यही कारण है कि उन्होंने 2024 का चुनाव नहीं लड़ा।

पांडियन ने चुनावों में हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने की स्थिति में लोगों, बीजू जनता दल (बीजद) नेताओं व कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा एकमात्र मकसद नवीन बाबू की सहायता करना था। अब मैंने सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। यदि इस सफर में मैंने किसी को कोई ठेस पहुंचाई हो, तो मुझे माफ कर दें। यदि मेरे खिलाफ विमर्श ने बीजद की हार में कोई भूमिका निभाई है, तो मुझे खेद है। चुनाव प्रचार के दौरान पांडियन ने कहा था कि अगर पार्टी अध्यक्ष पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। पांडियन ने झाड़सुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में रैली में घोषणा की थी, भाजपा कहती हैं कि ओडिशा में भाजपा की लहर है और परिवर्तन की लहर है, लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं कि अगर पटनायक एक बार फिर मुख्यमंत्री नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने पांडियन के खिलाफ जारी आलोचना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और शानदार काम करने के लिए उनकी सराहना की। पटनायक ने स्पष्ट किया था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।

## मणिपुर के जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर हिंसा

● उग्रवादियों के दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने के बाद से था तनाव

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही।


पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं। मणिपुर पुलिस ने कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई। इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है, जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं। पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार/असत्यापित सूचना फैलाने से बचे। जातीय संघर्ष से ग्रसित मणिपुर राज्य के जिरीबाम में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद बृहस्पतिवार शाम को हिंसा भड़क उठी थी। अधिकारी ने बताया था कि सोइबम सरतकुमार सिंह नाम का व्यक्ति छह जून को अपने खेत जाने के बाद लापता हो गया था। बाद में उसका शव मिला, जिस पर नुकीली चीज से किए गए घाव के निशान थे।

### ट्रक में जा रही वस्तुओं में गुस्साई भीड़ ने लगा दी थी आग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच शनिवार देर रात सोरोक अटिंगबी खुनौ में गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक को रोका और उसमें ले जाई जा रही आवश्यक वस्तुओं को कथित तौर पर आग लगा दी। मणिपुर में पिछले साल से मई से जारी हिंसा से अब तक जिरीबाम अप्रभावित रहा है। यहां भी मेइती, मुस्लिम, नगा, कुकी और गैर-मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल के मेइती और पहाड़ी इलाकों के कुकी लोगों में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक की मौत हो गई है और हजारों बेघर हो गए हैं।

## रामोजी राव का हैदराबाद की फिल्म सिटी में किया गया अंतिम संस्कार



हैदराबाद। मीडिया जगत की हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी। रामोजी राव का शनिवार की सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। रामोजी राव के अंतिम संस्कार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेता शामिल हुए। रामोजी राव ने समाचार पत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल की शुरुआत करके आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था।

## जल संकट को लेकर उपराज्यपाल सक्सेना आतिशी से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना सोमवार को जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे और हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुनक नहर राष्ट्रीय राजधानी के पेयजल के प्राथमिक स्रोतों में से एक है। आतिशी ने इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक के लिए सक्सेना से समय मांगा था। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा था कि दिल्ली को नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है।

## कारोबार/कृषि

# अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

## पिछले सप्ताह हुए चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में दिखा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

### 8 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 3.28 लाख करोड़

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3 .28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में सेंसेक्स 2,732 .05 अंक या 3 .69 प्रतिशत उछल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने कुल 3,28,116 .58 करोड़ रुपये जोड़े। एसबीआई और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई।

## एफपीआई ने जून में इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया।

चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था। जनवरी में 25,743 करोड़ निकाले थे। निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी।

## एनसीएलटी ने हिमालयन मिनरल वाटर पर दिवाला कार्रवाई की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी




● न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने सीआईआरपी के लिए नियुक्त किया आईआरपी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है। दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक/वित्तीय ऋणदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है।

जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।

## भारत के पीसी बाजार में आसुस को दिख रहे बड़े अवसर

ताइपे। भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया कि भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 प्रतिशत है। करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं।

## बजट में स्टार्टअप के लिए वाणिज्य मंत्रालय मांग सकता है ज्यादा राशि

नई दिल्ली, एजेंसी

● नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में पेश कर सकती है बजट

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है।

अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ की राशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

## ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है। इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी।

ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतर्राष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया।

## डोसा, इडली बनाने के मिश्रण पर देना होगा 18% जीएसटी : जीएएआर

नई दिल्ली, एजेंसी

● पाउडर के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है

इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है।

गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जीएसटी नियमों के तहत नहीं है, जैसे सत्तू के मामले में। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5% जीएसटी है। जीएएआर ने कहा कि उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

## चार वर्षों में यात्री वाहनों का निर्यात 2 .68 लाख इकाई बढ़ा

नई दिल्ली, एजेसी



● निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत

● यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 2022-23 में 6,62,703 इकाई हुआ।

पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 1,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में यात्रा वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको भी शामिल हैं। हुंदै ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,63,155 इकाई और 2022-23 में 1,53,019 इकाई निर्यात की।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन स्वीकार करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● एजेंसी


प्रधानमंत्री आवास में अपनी नवनिर्वाचित कैबिनेट के सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी



युद्ध स्मारक में शहीदों को नमन करते मोदी। ● एजेंसी


राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ समारोह में पहुंचा संत समाज। ● एजेंसी


मोदी के शपथ लेती ही भाजपाइयों ने पटाखे चलाकर जश्न मनाया। ● एजेंसी

# शपथ से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट व सदैव अटल जाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

## तीसरी बार मोदी के शपथ लेते ही झूमे भाजपाई, दिनभर गठबंधन के साथ चलीं बैठकें


**नई दिल्ली, एजेंसी**

तीसरी बार शपथ से पूर्व नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री रहे हरदीप सिंह पुरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद थे।

वहीं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा समेत पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ठाकुर ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपार जनसमर्थन देने के लिए देशवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए शिवराज सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार और ज्योतिरादित्य सिंधिया को बधाई दी है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया सभी को अनंत बधाई दी।


समारोह में पहुंची कंगना रनौत। ● एजेंसी

**जम्मू के जौहरी ने तीन किलो चांदी से कमल का फूल बनाया : जम्मू।** भाजपा से संबद्ध जम्मू के एक जौहरी ने नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में रविवार को तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर उनके लिए चांदी से बना तीन किलोग्राम का कमल का फूल तैयार किया है। कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है। जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित मुथी गांव के निवासी रिंकू चौहान ने कहा कि मोदी को यह अनोखा उपहार देने का विचार उनके दिमाग में तब आया, जब भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का अपना वादा अगस्त 2019 में पूरा किया और उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।



पुरी में समुद्र तट पर कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा रेत में उकेरी गई मोदी की तस्वीर।


प्रशंसक द्वारा बनाई गई तस्वीर जिसने हर किसी का मन मोह लिया। ● एजेंसी

## एक नजर

### चीन में कृषि प्रशिक्षण लेंगे पाकिस्तानी छात्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोसट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया। जियो न्यूज़ ने खबर दी है कि उन्होंने चीन में पाकिस्तान के राजदूत और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में चीनी अधिकारियों के साथ मामलों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

### अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**नियामी।** अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुनः तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया। पहले आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट किया और बाद में काफिले पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया, हमले में एक कैप्टन समेत कुल छह सैनिक शहीद हो गए।

### यूरोपीय संसद के लिए 20 यूरोपीय देशों में मतदान शुरू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया। यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे। सदन में सीट जनसंख्या के आधार पर आवंटित की जाती हैं। माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं। हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते।

# लेबनान में इजरायल का हवाई हमला

● चार की गई जान, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

**बेरूत, एजेंसी**

दक्षिणी लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और छह से ज्यादा घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया था। हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया।

हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा बीते बुधवार को कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया।



### इजरायल के साथ सहयोग बंद करें इस्लामिक देश

**तेहरान।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए। इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

### कतर, मिस्र ने हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

**दोहा।** कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इजरायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है।

### अमेरिकी खुफिया डेटा ने इजरायली बंधकों को मुक्त कराने में की मदद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया था। बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादी ढेर

● अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा है अल-शबाब संगठन

**मोगादिशु।** सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुड प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सूचना मंत्रालय कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक भी मारे गए। अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है।

यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर हादसा टला एटीसी अधिकारी को हटाया

● जिस रनवे पर इंडिगो का विमान उतरा उसी पर उड़ान भरने के लिए दौड़ा एयर इंडिया का जेट

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों की जान उस समय बाल-बाल बची, जब इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान उसी रनवे पर उतर गया, जहां से एयर इंडिया का एक जेट विमान तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ान भरने तेजी से आगे बढ़ रहा था।

घटना का वीडियो तरुण शुक्ला नाम के एक यूजर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। इससे मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुंबई से एक वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी (एटीसीओ) को ड्यूटी से हटा दिया। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके दावा किया कि इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई 6053 के पायलट ने एटीसी की ओर से दिये गए निर्देशों का पालन किया था। इंडिगो के एक प्रतिनिधि ने कहा 8 जून, 2024 को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई एयरपोर्ट पर एटीसी की ओर से लैंडिंग की मंजूरी दी गयी। पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया। इंडिगो में, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

# उत्तर कोरिया के खिलाफ संदेश प्रसारित करेगा दक्षिण कोरिया


● गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में सीमावर्ती क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से देगा संदेश

**सियोल।** उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया में गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के खिलाफ लाउडस्पीकर के जरिए संदेश प्रसारित फिर से शुरू करेगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन के नेतृत्व में रविवार को एक आपात सुरक्षा बैठक की गई जिसमें अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। चांग और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया के लोगों में घबराहट पैदा करने और शांति में खलल डालने के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की। साथ ही कहा कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के लिए पूरी तरह उत्तर कोरिया ही जिम्मेदार होगा। सेना ने बताया कि सप्ताहांत में कचरे से भरे सैंकड़ों गुब्बारे सियोल की ओर भेजे थे। उत्तर कोरिया ने मई के अंत से अब तक तीसरी बार कूड़ा-कचरे वाले गुब्बारे भेजे।

# राजनीतिक सुलह में इमरान खान बाधा : नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नवाज ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है।



# नेपाल से प्रत्यर्पित मुख्य संदिग्ध से सीआईडी ने की पूछताछ

**बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड**

**कोलकाता, एजेंसी**

सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में नेपाल पुलिस द्वारा भारत प्रत्यर्पित किए गए मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू की।

बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था। सीआईडी अधिकारी ने कहा हम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। सांसद की तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी नेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए बारानगर आवास से निकले थे।

# मुठभेड़ में त्रिपुरा सीमा पर बंगलादेशी तस्कर की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कलामचौरा इलाके में किराने के सामान की तस्करी की कोशिश कर रहे तेजधार हथियारों से लैस बंगलादेशी नागरिक रविवार को सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया। बीएसएफ ने कहा कि सुबह 7:30 बजे तस्करों के एक समूह को सीमा पार बंगलादेश में तस्करी की कोशिश करते हुए देखा।


तस्कर सीमा बाड़ की दोनों ओर थे। बीएसएफ ने उन्हें रोकने की चुनौती दी, तो तस्करों ने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और हमलावर हो गए। तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को घेरने की कोशिश की, उनका उद्देश्य उन पर हमला करना और उनका हथियार जब्त करना था। अपने जीवन और सरकारी संपत्ति के खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के एक जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पीएजी राउंड फायर किया।

# ईरान में राष्ट्रपति पद की दौड़ में छह उम्मीदवारों को मंजूरी

**दुबई, एजेंसी**

ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है।

हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था। संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल-हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे।



# अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला

**दुबई।** अदन की खाड़ी में एंटीगुआ और बारबुडा के झंडे वाले एक मालवाहक पोत पर संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को हमला किया। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि मिसाइल जहाज के आगे के हिस्से पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई लेकिन जहाज पर सवार लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एक और मिसाइल दागी गई लेकिन यह जहाज पर नहीं गिरी।

इसके बाद आस-पास छोटी नौकाओं पर सवार लोगों ने पोत पर गोलीबारी की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी शनिवार देर रात अदन के समीप उसी क्षेत्र में हमले की सूचना दी लेकिन उसने इसके बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और इसके बाद से ही वह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन से लड़ रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### योद्धा के बाद फिर एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा के बाद एक बार फिर एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस एक्शन फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करेंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म का टाइटल अभी नहीं रखा गया है। वहीं, मुराद खेतानी सिने एक स्टूडियो के साथ अपने मूवी टनल प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण करने वाले हैं। यह एक एक्शन, रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होने वाली है। फिल्म का काम इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसके बाद सितंबर के आसपास उत्तराखंड में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

### खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है, जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमें बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही हैं। करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है। मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही है, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।

### गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन आगामी गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में एक छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। बच्चन इससे पहले इस श्रृंखला की पहली फिल्म फक्त महिलाओ माते (2022) में दिखाई दिए थे, जिसमें उन्होंने कथावाचक की भूमिका निभाई थी। 81 वर्षीय अभिनेता फिल्म में भगवान की भूमिका निभाएंगे। आनंद पंडित और वैशाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन जय बोडास और पार्थ त्रिवेदी ने किया है। इस फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला मुख्य भूमिका में हैं।

